वर्ष : 33 ▸ अंक : 151 ▸ पृष्ठ : 8 ▸ मुंबई, शुक्रवार, 16 अगस्त 2024 ▸ RNI: MAHHIN/49994/91 ▸ मूल्य : 3 रुपए ▸ epaper.dobajedopahar.com ▸ संपादक : अरुण लाल

दो बजे दोपहर

मुंबई, नवी मुंबई, ठाणे, पालघर, रायगढ़, नासिक, पुणे से एक साथ प्रकाशित

पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है

## शिक्षा और रोजगार पर जोर

लोकसभा चुनावों में बीजेपी को मिली शिकस्त के पीछे युवा वर्ग के वोट बहुत निर्णायक रहा है। कहा गया रोजगार और परीक्षाओं में पेपर लीक के मुद्दे पर युवा वर्ग ने बीजेपी को कम वोट दिया।शायद यही कारण है कि सरकार अब शिक्षा और रोजगार पर बहुत काम करने जा रही है।मोदी ने ग्रीन एनर्जी से रोजगार मिलने, नालंदा स्प्रिट का विकास करने और 75 हजार मेडिकल सीटों को बढ़ाने की बातें कहीं। मतलब साफ था कि कहीं न कहीं उन्हें युवा वर्ग के लिए कल्याण के लिए कुछ कदम उठाने हैं। उन्होंने कहा, बिहार में गौरव का इतिहास रहा है, यहां हमने नालंदा यूनिवर्सिटी का पुर्ननिर्माण किया है। नालंदा यूनिवर्सिटी ने एक बार फिर से काम करना शुरू कर दिया है। लेकिन हमें शिक्षा के क्षेत्र में फिर से एक बार सदियों पुरानी उस नालंदा स्पिरिट को जगाना होगा। नालंदा स्पिरिट को जीना होगा, उस नालंदा स्पिरिट को लेकर के बड़े विश्वास के साथ विश्व की ज्ञान की परंपराओं को नई चेतना देने का काम करना होगा। मतलब साफ है कि सरकार चाहती है कि हम विश्वस्तरीय शिक्षा संस्थानों की स्थापना करें।



रिफॉर्म की बात, बांग्लादेश को संदेश, विपक्ष को भी नसीहत

# लालकिले पर स्पीच के बहाने मोदी ने सेट कर दिया अगले 6 महीने का एजेंडा

### मुख्य बिंदु

- स्वतंत्रता दिवस के मौके पर पीएम मोदी ने किया देश को संबोधित
- ऐतिहासिक लाल किले की प्राचीर से 98 मिनट लंबा दिया भाषण

**अमित बृज । मुंबई/नई दिल्ली**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने स्वतंत्रता दिवस पर लाल किले की प्राचीर से लगातार 11वीं बार राष्ट्रीय ध्वज फहराया। पीएम हर बार लाल किले की अपनी स्पीच में आने वाले वर्षों में सरकार क्या करने वाली है इसका हिंट देते रहे हैं। अपनी परंपरा को जारी रखते हुए इस बार भी पीएम मोदी ने अपने 98 मिनट लंबे भाषण में बहुत कुछ ऐसा कहा जो अगले 6 महीनों में भारत सरकार करने का इरादा रखती है। उनके भाषण का लब्बो लुआब यह था कि जो लोग यह समझते हैं कि लोकसभा चुनावों में सीटें कम आने के चलते पीएम मोदी कमजोर पड़ गए हैं या केंद्र सरकार अब कोई ऐसे फैसले नहीं लेने वाली है जिस पर विवाद हो सकता है, तो वो लोग ये समझ लें कि ऐसा नहीं होने वाला है। मोदी ने सेक्युलर कोड, रिफॉर्म, बांग्लादेश को हिंदुओं की सुरक्षा के नाम पर संदेश आदि जैसी तमाम ऐसी बातें की हैं जो बताती हैं कि सरकार कहीं से कमजोर नहीं दिखना चाहती है। याद रखना चाहिए कि 2019 में जब नरेंद्र मोदी ने दूसरी बार सत्ता संभाली थी उसी साल उन्होंने कई फैसलों ऐसे लिए थे जो आम तौर पर सरकारें चुनावी मौसम में लिया करती हैं। जाहिर है इस बार के लाल किले के भाषण से भी ऐसा लग रहा है कि अगले 6 महीने राजनीतिक रूप से देश के लिए बहुत इंपॉर्टेंट रहने वाला है।

### यूसीसी को सेक्युलर कोड संहिता का नया कलेवर दिया

पीएम मोदी ने आज के अपने भाषण में यूनिवर्सल सिविल कोड यानी कि समान सिविल संहिता को आज नया नाम दे दिया। पीएम मोदी ने कहा अभी तक देश में जो कानून है वो कम्युनल सिविल कोड है इसलिए देश को सेक्युलर सिविल कोड की जरूरत है। पीएम मोदी ने कहा कि जो कानून धर्म के नाम पर बांटते हैं, उन्हें दूर किया जाना चाहिए। मोदी ने कहा हमारे देश का संविधान जोर देता है कि देश में समान सिविल संहिता की व्यवस्था होनी चाहिए। सुप्रीम कोर्ट भी कहता रहा है कि देश में समान सिविल संहिता लागू किया जाए।

### बांग्लादेश को हिंदुओं की रक्षा के नाम पर संदेश दे दिया

लाल किले की प्राचीर से आज नरेंद्र मोदी ने बांग्लादेश में हिन्दुओं पर हुए हमलों और मंदिरों में तोड़फोड़ समेत कई जरूरी मसलों पर साफ साफ संदेश दिया है। उन्होंने बांग्लादेश से निर्वासित शेख हसीना का नाम लिए बगैर साफ कहा कि बांग्लादेश में जो कुछ भी हुआ, उसको लेकर पड़ोसी देश के नाते चिंतित होना वाजिब है। हालांकि पीएम की टोन बहुत विनम्र थी पर बांग्लादेश के लिए यह कड़ा संदेश था। पीएम ने कहा कि मैं आशा करता हूं कि वहां पर हालात जल्द ही सामान्य होंगे। खासकर के 140 करोड़ देशवासियों की चिंता कि वहां हिंदू, अल्पसंख्यक समुदाय की सुरक्षा सुनिश्चित हो। भारत हमेशा चाहता है कि हमारे पड़ोसी देश सुख और शांति के मार्ग पर चले। जल्द ही बांग्लादेश विकास की राह पर चलेगा। लेकिन पीएम का यह कहना गौर करने लायक था कि भारत का शांति के प्रति कमिटमेंट है, हमारे संस्कार हैं। हम आने वाले दिनों में बांग्लादेश की विकास यात्रा में हमेशा हमारा शुभचिंतन ही रहेगा, क्योंकि हम मानव जाति की भलाई सोचने वाले लोग हैं। इस तरह की भाषा अपरोक्ष रूप से एक प्रकार की धमकी जैसी होती है। समझा जाता है कि बांग्लादेश के नेताओं को भारतीय पीएम की स्पीच जरूर समझ में आई होगी।

### भ्रष्टाचारियों पर कड़ी कार्रवाई जारी रहेगी

पीएम ने अपने भाषण में कहा कि हमने व्यापक रूप से भ्रष्टाचार के खिलाफ एक जंग छेड़ा है। मैं जानता हूं कि इसकी कीमत मुझे और मेरी प्रतिष्ठा को चुकानी पड़ती है। लेकिन राष्ट्र से बड़ी मेरी प्रतिष्ठा नहीं हो सकती है।उनका सीधा इशारा यही था कि जनता द्वारा चुने गए नेताओं को जेल भेजने के चलते विपक्ष उनपर लगातार तानाशाह होने का आरोप लगता रहा है। पर इसके बावजूद वो रुकने वाले नहीं है। इसके साथ यह भी स्पष्ट हो गया है कि सीबीआई और ईडी अपने हिसाब से काम करती रहेगी। अगर विपक्ष या आम जनता यह सोच रही है कि अब भ्रष्टाचार के मामलों में एक्शन लेने से सरकार रुक जाएगी तो यह गलत सोच रहे हैं। चाहे वो दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल हों या झारखंड के मुख्मंत्री हेमंत सोरेन कानून अपना काम करेगा। सरकार दबाव में आने वाली नहीं है। ईडी और सीबीआई पर किसी भी तरह का शिकंजा नहीं कसने जा रही है सरकार। ये दोनों संस्थान पूर्ववत काम करते रहेंगे।

### रिफॉर्म नहीं रुकेंगे

पीएम मोदी ने अपने भाषण में एक बात और स्पष्ट कर दी है कि विपक्ष चाहे जितना विरोध कर ले रिफॉर्म्स जारी रहेंगे। उन्होंने कहा कि हमारी सरकार ने बड़े रिफॉर्म्स को जमीन पर उतारा है। चाहे गरीब हो, मिडिल क्लास हों, वंचित लोग, बढ़ती शहरी आबादी हो, नौजवानों के सपने हों, उनके जीवन में बदलाव लाने के लिए हमने रिफॉर्म का रास्ता चुना। इन रिफॉर्म्स के लिए जो हमारी प्रतिबद्धता है वो किसी पिंक पेपर के एडिटोरियल के लिए सीमित नहीं है। हमारे रिफॉर्म्स की ये प्रतिबद्धता है कि वो चार दिन की वाहवाही के लिए नहीं, हमारे रिफॉर्म्स की प्रतिबद्धता किसी मजबूरी में नहीं बल्कि देश को मजबूती देने के इरादे से हैं।रिफॉर्म का हमारा मार्ग एक प्रकार से ग्रोथ का ब्लू प्रिंट बना हुआ है। ये बदलाव हमने राजनीति मजबूरी की वजह से नहीं किया है। नेशन फर्स्ट हमारा संकल्प है।मतलब साफ है कि अगले छह महीनों के अंदर आर्थिक सुधार से लेकर कानूनी सुधार जैसे यूसीसी, वक्फ बोर्ड बिल आदि पर बहुत तेजी से काम होना है।

### विवाद भी हुआ : 5वीं लाइन में बैठाए गए राहुल गांधी

देश की मुख्य विपक्षी पार्टी कांग्रेस ने गुरुवार को दावा किया कि लाल किले पर हुए स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम में लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी को बेहद पीछे बिठाया गया। कांग्रेस ने कहा कि राहुल को पीछे बैठाना प्रधानमंत्री की कुंठा को दिखाता है और यह दर्शाता है कि सरकार को लोकतंत्र और लोकतांत्रिक परंपराओं की कोई परवाह नहीं है।

---

**न्यूज़ ब्रीफ**

## नहीं रहे मिसाइल वैज्ञानिक राम नारायण अग्रवाल

**हैदराबाद।** भारत की लंबी दूरी की मिसाइल अग्नि के विकास में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले एयरोस्पेस वैज्ञानिक डॉ. राम नारायण अग्रवाल का गुरुवार को निधन हो गया। वह 83 वर्ष के थे और पिछले कुछ समय से बीमार चल रहे थे। राम नारायण अग्रवाल के परिवार में पत्नी और दो बच्चे हैं। उन्हें वर्ष 1990 में पद्म श्री और 2000 में पद्म भूषण पुरस्कार से सम्मानित किया गया था। उन्होंने दो दशकों से अधिक समय तक देश के महत्वाकांक्षी अग्नि मिसाइल कार्यक्रम का नेतृत्व किया। राम नारायण ने मई 1989 में मिसाइल के सफल परीक्षण करने के लिए टीम को प्रेरित किया। उन्होंने डॉ. अरुणाचलम और डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम के साथ अग्नि और अन्य मिसाइल कार्यक्रमों पर काम किया।

## असम कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष को आयकर का नोटिस

**दिसपुर।** आयकर विभाग ने गुरुवार को असम कांग्रेस के प्रदेश अध्यक्ष भूपेन कुमार बोरा को तलब किया। आयकर जांच के सहायक निदेशक के कार्यालय से बोरा को समन भेजा गया। बोरा को शुक्रवार दोपहर एक बजे व्यक्तिगत रूप से बैंक खाते से संबंधित साक्ष्य पेश करने के लिए कहा गया है। वे अधिकृत प्रतिनिधि के माध्यम से भी दस्तावेज पेश करा सकते हैं। समन में कहा गया है कि तत्काल लागू किसी भी अन्य कानून के प्रावधानों पर प्रतिकूल प्रभाव डाले बिना यदि आप जानबूझकर उपस्थित होने और साक्ष्य देने या बैंक पासबुक या दस्तावेज पेश करने से चूकते हैं, तो ऐसी प्रत्येक विफलता या चूक के लिए आप पर 10,000 रुपये का जुर्माना लगाया जा सकता है।

## नवसारी तट से 60 किलोग्राम चरस बरामद, कीमत 30 करोड़ आंकी गई

**नवसारी।** पुलिस ने गुरुवार को गुजरात के नवसारी जिले के ओंजाल गांव के पास समुद्र तट से भारी मात्रा में मादक पदार्थ बरामद किए गए हैं। जानकारी के मुताबिक, तट से 30 करोड़ रुपये कीमत की 60 किलोग्राम चरस से भरे 50 पैकेट बरामद किए गए हैं। यह एक सप्ताह में चौथी घटना है, जब दक्षिण गुजरात क्षेत्र में तटरेखा से बड़ी मात्रा में मादक पदार्थ बरामद किया गया है।

---

# लाडली बहनों को तोहफा

**80 लाख लाडली बहनों के खातों में खटाखट जमा हुए 3000**

- महाराष्ट्र सराकार ने जारी की पहली किस्त
- डिप्टी सीएम अजित पवार ने किया था मुख्यमंत्री 'माझी लड़की बहिन' योजना को शुरू करने का ऐलान





**धीरज सिंह । मुंबई**

महाराष्ट्र सरकार ने राज्य की लाडली बहन योजना के बाद लाभार्थी महिलाओं के खाते में पहली किस्त जमा करने की प्रक्रिया शुरू कर दी है। राज्य की महिला एवं बाल विकास मंत्री अदिति तटकरे ने बताया कि अब तक 80 लाख से अधिक पात्र महिलाओं को लाभ दिया जा चुका है। उनके खाते में 3000 हजार रुपये की राशि जमा की गई है। महाराष्ट्र के डिप्टी सीएम और राज्य में वित्त विभाग संभाल रहे अजित पवार ने मुख्यमंत्री 'माझी लड़की बहिन' योजना को शुरू करने का ऐलान किया था। इसके तहत सरकार ने हर महीने पात्र महिलाओं को 1500 रुपये हर महीने देने का ऐलान किया था। इसके लिए राज्यभर में बड़ी संख्या में महिलाओं ने आवेदन किए थे। सरकार ने 80 लाख महिलाओं को पहली किश्त में 3000 हजार रुपये की राशि उनके खातों के ट्रांसफर की है। यह राशि जुलाई और अगस्त महीने की है।

### 17 अगस्त को ट्रांसफर होगी किस्त

महिला एवं बाल विकास मंत्री अदिति तटकरे ने बताया कि अब तक 80 लाख से अधिक पात्र महिलाओं को लाभ दिया जा चुका है। मंत्री तटकरे ने कहा कि लाभ देने की प्रक्रिया 14 अगस्त से शुरू हो गई है। प्रदेश में अब तक 80 लाख महिलाओं को 2 माह की लाभ राशि 3 हजार रूपये उनके बैंक खातों में जमा कराई जा चुकी है। शेष पात्र महिलाओं को भी डायरेक्ट टांसफर से यह लाभ 17 अगस्त तक मिलेगा। तटकरे ने कहा कि राज्य में महिलाओं की आर्थिक स्वतंत्रता, उनके स्वास्थ्य और पोषण में सुधार और परिवार में उनकी निर्णायक भूमिका को मजबूत करने और महिलाओं को आत्मनिर्भर, आत्मनिर्भर बनाने के लिए महिला एवं बाल विकास विभाग ने 'मुख्यमंत्री माझी लड़की बहिन' योजना लागू की है।

### 14 अगस्त तक 1.62 करोड़ पंजीकरण

तटकरे ने बताया कि इस योजना को महिलाओं से उत्साहपूर्ण प्रतिक्रिया मिल रही है। 14 अगस्त तक 1 करोड़ 62 लाख से ज्यादा महिलाओं का रजिस्ट्रेशन हो चुका है। सरकार ने महिलाओं के खाते में धनराशि ट्रांसफर करने से पहले खातों की जांच की थी। इसमें पता लगाया गया था कि लाडली बहनों के खाते निष्क्रिय तो नहीं हैं। महाराष्ट्र सरकार ने इस योजना में आवेदन करने के लिए अंतिम तिथि 31 अगस्त निर्धारित की है। ऐसे में अभी राज्य की पात्र महिलाओं के पास लाडली बहन योजना में आवेदन का मौका है। सरकार को इस योजना से चुनावों में लाभ मिलने की उम्मीद है।

---

# 16 अगस्त को एमवीए का महासम्मेलन

**उद्धव बन सकते हैं प्रचार प्रमुख**

**दोपहर संवाददाता । मुंबई**

विधानसभा चुनाव की तैयारियों में जुटी महाविकास अघाड़ी (MVA) में सीएम पद को लेकर घमासान मचा है। शिवसेना (उद्धव गुट) बार-बार पूर्व मुख्यमंत्री उद्धव ठाकरे को अगला मुख्यमंत्री बता रहा है तथा उद्धव के नेतृत्व में चुनाव लड़ने की मांग कर रहा है तो वहीं कांग्रेस और एनसीपी (शरदचंद्र पवार) उनकी मांगों को खारिज करते रहे हैं। इसी बीच उद्धव गुट के लिहाज से एक बड़ी खबर सामने आई है। सूत्रों के मुताबिक उद्धव ठाकरे को महा विकास आघाड़ी में प्रचार प्रमुख की जिम्मेदारी मिल सकती है। इसकी घोषणा शुक्रवार को होने वाली महा विकास आघाड़ी के संयुक्त सम्मेलन में की जा सकती है। हालांकि यह भी कहा जा रहा है कि महा विकास आघाड़ी में मुख्यमंत्री पद के चेहरे पर निर्णय चुनाव के नतीजे आने के बाद ही लिया जाएगा।

### उद्धव के नेतृत्व में लड़ा गया था लोकसभा चुनाव

महा विकास अघाड़ी ने लोकसभा चुनाव उद्धव के नेतृत्व में लड़ा था और इसमें उसे सफलता भी मिली। लेकिन सीटों के मामले में उद्धव गुट कांग्रेस से पिछड़ गया था। 21 सीटों पर चुनाव लड़ने वाले उद्धव गुट के सिर्फ 9 उम्मीदवार जीते, जबकि 17 सीटों पर चुनाव लड़ने वाली कांग्रेस को 13 सीटों पर सफलता मिली। इसका असर अब विधानसभा चुनाव में देखने को मिल रहा है। विधानसभा में शिवसेना का उद्धव गुट एक बार फिर से बड़ा भाई बनकर ज्यादा सीटें और सीएम का पद झटकना चाहता है। खुद को महा विकास आघाड़ी के मुख्यमंत्री पद का चेहरा घोषित करवाने के मकसद से उद्धव ठाकरे 3 दिन दिल्ली में भी रहकर आए। वहां उन्होंने कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे एवं लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी से मुलाकात की।

---

# बारामती विधानसभा सीट से अजीत पवार का मोहभंग

**अजीत बारामती से नहीं लड़ेंगे चुनाव, बेटे को दे सकते हैं टिकट**



**दोपहर संवाददाता । मुंबई**

महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री अजीत पवार ने संकेत दिया है कि उनके छोटे बेटे जय पवार को बारामती विधानसभा सीट से चुनाव लड़ाया जा सकता है। जय पवार के उम्मीदवारी को लेकर पूछे गए एक सवाल के जबाव में अजीत पवार ने कहा कि पार्लियामेंट्री बोर्ड और उस इलाके के कार्यकर्ता जो मांग करेंगे वो सब हम करने को तैयार हैं।

### बारामती विधानसभा सीट से बेटे को दे सकते हैं टिकट

जब अजीत पवार से पूछा गया कि युवाओं को आगे लाने की बात हो रही है। युवाओं की मांग भी है तो क्या जय पवार को बारामती विधानसभा सीट से चुनाव लड़ाया जाएगा, इस पर अजीत पवार ने कहा कि ठीक है देखेंगे। यह लोकतंत्र है। मुझे तो अब इस बारे में बहुत दिलचस्पी नहीं है। मैं वहां से सात-आठ बार चुनाव लड़ चुका हूं। अगर जनता की और हमारे कार्यकर्ता की ऐसी मांग है तो पार्लियामेंट्री बोर्ड में इस पर जरूर विचार किया जाएगा।

### बारामती से चुनाव लड़ने को इच्छुक नहीं है अजीत पवार

बताया जा रहा है कि आगामी विधानसभा चुनावों को लेकर शरद पवार एक मास्टर प्लान बना रहे हैं। शरद पवार बारामती विधानसभा से युगेंद्र पवार को चुनाव लड़ाने की तैयारी में हैं। अजित पवार को उनके छोटे भाई के बेटे यानी अपने भतीजे युगेंद्र पवार से चुनौती दिलवाने की तैयारी चल रही थी। लेकिन अब अजित पवार ने कह दिया है कि वो बारामती से चुनाव लड़ने के इच्छुक नहीं हैं। अब युगेंद्र के सामने अजित पवार अपने छोटे बेटे जय पवार को बारामती विधानसभा में पार्टी का उम्मीदवार बना सकते हैं। बता दें कि महाराष्ट्र में इसी साल विधानसभा चुनाव प्रस्तावित है। एनसीपी (अजीत पवार गुट) प्रदेश सरकार में हिस्सेदार है। एनडीए में शामिल एनसीपी, शिवसेना (शिंदे गुट) और बीजेपी के साथ मिलकर चुनाव लड़ेगी। सीट बंटवारे को लेकर मंथन जारी है।

---

**लॉटरी** | **सीईओ संजीव जायसवाल ने दिया आश्वासन**

# घर की कीमतें कम करने का प्रयास करेगी म्हाडा

**दीपक पवार । मुंबई**

म्हाडा की बहुप्रतीक्षित लॉटरी शुक्रवार को जारी की गई थी। इसके तहत, विभिन्न इलाकों के 2030 घरों के लिए आवेदन मंगाए गए। लेकिन मुश्किल यह है कि निम्न आय वर्ग के लिए भी घरों के दाम 86 लाख तक हैं, जो कि आम आदमी की पहुंच से निश्चित तौर पर दूर हैं। इसीलिए म्हाडा के उपाध्यक्ष और मुख्य कार्यकारी अधिकारी संजीव जायसवाल ने इस पर घर की कीमतें कम करने के लिए जल्द ही एक रणनीतिक निर्णय लेने का वादा किया।




### बांद्रा पूर्व स्थित मुख्यालय पर झंडावंदन

भारत के 78वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर, म्हाडा के बांद्रा पूर्व स्थित मुख्यालय में जयसवाल ने झंडा फहराया। इस अवसर पर खेरवाड़ी पुलिस स्टेशन की पुलिस टीम, महाराष्ट्र सुरक्षा बल की टीम और म्हाडा के सुरक्षा गार्डों ने राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी। राष्ट्रीय ध्वज को सलामी देने के बाद राष्ट्रगान और राष्ट्रगान बजाया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में म्हाडा के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे। इस अवसर पर म्हाडा के परिसर में आयोजित एक कार्यक्रम में म्हाडा के उपाध्यक्ष संजीव जयसवाल ने पूर्व सैनिकों की श्रेणी के 22 कर्मचारियों को, जो वर्तमान में म्हाडा सेवा में कार्यरत हैं, देश के लिए उनके बहुमूल्य योगदान के लिए सम्मानित किया। इस अवसर पर म्हाडा कर्मचारियों ने देशभक्ति गीत प्रस्तुत किए। कर्मचारियों को स्वतंत्रता दिवस मनाने के संबंध में मार्गदर्शन करते हुए जायसवाल ने उपस्थित अधिकारियों एवं कर्मचारियों से बातचीत करते हुए सभी को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं।

### 'म्हाडा गृह निर्माण के क्षेत्र में देश की अग्रणी संस्था बनेगी'

जायसवाल ने कहा कि म्हाडा कार्यालय में आने वाले नागरिकों के प्रश्नों के प्रति संवेदनशील होना प्रत्येक अधिकारी-कर्मचारी के लिए बहुत महत्वपूर्ण है। म्हाडा द्वारा आयोजित लोकतंत्र दिवस कार्यक्रम के दौरान कई लोगों की शिकायतें देखने को मिलीं। जायसवाल ने कहा, इस संबंध में कुछ रणनीतिक निर्णय लेने की जरूरत है। उन्होंने आगे कहा कि लोकतंत्र दिवस का आयोजन वास्तव में सार्थक होगा जब नागरिकों की शिकायतों का समाधान किया जाएगा और म्हाडा परिवार के प्रत्येक कर्मचारी को इस लक्ष्य को प्राप्त करने में योगदान देना चाहिए। उन्होंने विश्वास जताया कि म्हाडा गृह निर्माण के क्षेत्र में देश की अग्रणी संस्था बनेगी और निकट भविष्य में म्हाडा के कार्यों की ख्याति अंतरराष्ट्रीय स्तर पर भी होगी. जयसवाल ने यह भी कहा कि म्हाडा की सेवा में रहे पूर्व सैनिकों को सम्मानित करते हुए उन्हें गर्व महसूस हो रहा है। इस अवसर पर कर्मचारियों द्वारा देशभक्ति गीतों का कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया। कार्यक्रम का संचालन जनसंपर्क अधिकारी हेमन्त पाटिल ने किया

---

# 2 करोड़ के एमडी ड्रग के साथ तस्कर गिरफ्तार

**दोपहर संवाददाता । नवी मुंबई**



नवी मुंबई के ऐरोली टोल बूथ पर गुरुवार को पुलिस ने एक कार में से 02 करोड़ रुपये मूल्य की 02 किलो 29 ग्राम एमडी ड्रग समेत तस्कर को गिरफ्तार कर लिया है। ड्रग तस्कर की पहचान मोहम्मद कलीम सलीम चौधरी (27) के रूप में की गई है। इस मामले की गहन छानबीन नवघर पुलिस स्टेशन की टीम कर रही है।

### तगड़े पुलिस बंदोबस्त की वजह से हुई गिरफ्तारी

जानकारी के अनुसार, स्वतंत्रता दिवस होने की वजह से हर जगह तगड़ा पुलिस बंदोबस्त किया गया था। इसके मद्देनजर नवघर पुलिस स्टेशन की टीम ऐरोली टोल बूथ पर गाड़ियों की तलाशी भी ले रही थी। इसी तलाशी मुहिम के दौरान पुलिस को एक कार में 02 किलो 29 ग्राम संदिग्ध पीले रंग का पाउडर मिला। इस पावडर की तत्काल औषधि परीक्षण किट से जांच की गई तो उक्त पाउडर की पहचान एमडी ड्रग के रूप में की गई। इसके बाद पुलिस ने एमडी ड्रग जब्त कर लिया और तस्कर मोहम्मद कलीम सलीम चौधरी को गिरफ्तार कर लिया है। इस ड्रग की कीमत करीब दो करोड़ रुपये आंकी गई है। पुलिस इस मामले में शामिल अन्य तस्करों के बारे में पूछताछ कर रही है।

दो बजे दोपहर
IGR INDIA GROUND REPORT

मुंबई आसपास

# हेरम्ब मंदिर में चोरी मामले में तीन आरोपी गिरफ्तार

दोपहर संवाददाता | उल्हासनगर

अंबरनाथ के खेर क्षेत्र के प्रसिद्ध हेरंब गणपति मंदिर में बुधवार सुबह बड़ी चोरी को भगवान गणेश के करीब तीन किलो चांदी के आभूषण और चार दानपात्रों से नकदी लूट की घटना का सीसीटीवी की मदद से पर्दापश करते उल्हासनगर क्राइम ब्रांच ने इस आपराधिक घटना के मामले में तीन लोगों को गिरफ्तार किया है।

## सीसीटीवी फुटेज के आधार पर उल्हासनगर अपराध जांच विभाग की कार्रवाई



### पुलिस चोरी का माल जब्त करने में कामयाब

उल्हासनगर क्राइम ब्रान्च टीम ने अंबरनाथ के प्रसिद्ध हेरंब मंदिर में हुई चोरी की घटना को गंभीरता से लेते हुए सीसीटीवी मदद से चोरी की जांच की और मुखबिरों से मिली जानकरी के आधार पर आरोपी अरबाज महमूद खान, सतीश भाऊसाहेब भालेराव और रियान शेख को अंबरनाथ पश्चिम के पुराने भेंडीपाड़ा मटका चौक से गिरफ्तार कर लिया। उनके पास से चोरी कर चुराए गए आभूषण समेत कुल मिलाकर 1 लाख 80 हजार रुपये कीमत का सामान बरामद किया गया है।

# सूटकेस से मिला शव, हत्या की आशंका

दोपहर संवाददाता | उल्हासनगर

उल्हासनगर से सटे वरप गाँवदेवी मंदिर के पास कचरे के ढेर में एक सूटकेस से एक व्यक्ति का शव बरामद होने से सनसनी फैल गयी है। मृतक व्यक्ति के शरीर पर कई घाव ने निशान पाए है। जिससे हत्या की आंशका व्यक्त की जा रही है। टिटवाला पुलिस मौके पर पहुंचकर आगे की जांच में जुट गयी है।

उल्हासनगर के वरप गांव के पास एक खुले मैदान में कचरा फेंका जाता है, जो अब कचरे का अंबार बन गया है। बुधवार की सुबह परिसर का एक व्यक्ति शौच के लिए गया था जहा उसे कचरे में उसे एक बड़ा बंद सूटकेस दिखाई दिया। जब उसने सूटकेस खोला तो उसके पैरों तले जमीन खिसक गई। उस सूटकेस में एक व्यक्ति का शव था।जिसके शरीर पर कई जगह घाव के निशान दिखाई पड़



रहे थे। उसने तुरंत घटना की जानकारी टिटवाला पुलिस को दी।

## मृतक के पहचान के प्रयास जारी

घटना की सूचना मिलते ही टिटवाला पुलिस थाने के वरिष्ठ पुलिस निरीक्षक सुरेश कदम और उनकी टीम मौके पर पहुंची। पुलिस ने शव का पंचनामा कर उसे पोस्टमार्टम के लिए मध्यवर्ती अस्पताल भेज दिया है।पुलिस ने मामले की जांच शुरू कर दी है और मृतक के पहचान के प्रयास जारी हैं।

# पीएम के आव्हान पर सीएम ने किया वृक्षारोपण

दोपहर संवाददाता | ठाणे

एक पेड़ मां के नाम इस अभियान की शुरुआत करते हुए राज्य के मुख्य मंत्री एकनाथ शिंदे ने प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी के आव्हान पर ठाणे में वृक्षारोपण कर साठ हजार पेड़ लगाने की योजना अभियान शुरू किया। उन्होंने राज्य के सभी नगर निगमों को एक लाख पेड़ लगाने के निर्देश दिए गए हैं। जबकि इस



निर्देश का पालन करने वाला ठाणे एकमात्र नगर निगम है और 5 जून 2024 से अब तक ठाणे नगर निगम ने 61 हजार पेड़ लगाए हैं। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कमिश्नर सौरभ राव की तारीफ की।है। साथ ही प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के आह्वान 'एक पेड़ मां के नाम' के जवाब में मुख्यमंत्री ने दर्शकों से अपनी मां के नाम पर एक पेड़ लगाने की अपील की है।

## एक पेड़ मां के नाम

ठाणे नगर निगम, महाराष्ट्र वन विभाग, ग्रीन यात्रा और टाटा कंसल्टेंसी सर्विसेज के सहयोग से, मुख्यमंत्री हरित ठाणे अभियान में एक लाख पेड़ लगाए गए और 'एक पेड़ माँ के नाम' अभियान की शुरुआत की गई। इसके उपरांत संजय गांधी राष्ट्रीय उद्यान, लोकमान्य नगर का उद्घाटन मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने किया।ग्लोबल वार्मिंग के कारण पर्यावरण असंतुलित हो गया है और इसके संतुलन को बनाए रखने के लिए अधिक से अधिक संख्या में पेड़ लगाना समय की मांग बन गई है। मुख्यमंत्री ने कहा कि पर्यावरण के लिए वृक्षारोपण ही एकमात्र उपाय है। सीएम। शिंदे ने कहा। 'एक पेड़ मां के नाम' अभियान के जरिए लाखों पेड़ लगाए जाएंगे। इसके लिए उन्होंने अपील भी की कि हर किसी को अपनी मां के नाम पर एक पेड़ लगाना चाहिए।

## मुख्यमंत्री हरित ठाणे अभियान शुरू

ठाणे में हरित क्षेत्र को बढ़ाने के लिए मनपा आयुक्त सौरभ राव के मार्गदर्शन में मुख्यमंत्री हरित ठाणे अभियान शुरू किया गया था। इसमें ठाणे नगर निगम ने स्थानीय प्रजातियों और बांस प्रजातियों के एक लाख पेड़ लगाने का संकल्प लिया था। इस अभियान में वन विभाग के सहयोग से संजय गांधी राष्ट्रीय उद्यान में 60,000 पेड़ लगाए जा रहे हैं।ठाणे में। 25 हेक्टेयर में इस टिकाऊ खेती के लिए ग्रीन यात्रा और टाटा कंसिस्टेंसी सर्विसेज को समर्थन दिया गया है। इन प्रजातियों में तम्हन, बकुल, जंभुल, नीम, कंचन, बेहड़ा, महोगनी, सप्तपर्णी, पुत्रंजीवा, वड, अदुलसा, करवंद, बबूल, आंवला, कोकम, मोह, फनास, अमलताश, बम्बूसा वेंट्रिकोसा, बम्बूसा मल्टीप्लेक्स, गिगेंटो आदि शामिल हैं।

# उपजिला अधिकारी रिश्वत लेते गिरफ्तार

दोपहर संवाददाता | पालघर

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो ने पालघर जिले के उप-जिला अधिकारी को एक आदिवासी व्यक्ति को जमीन खरीदने की अनुमति देने के लिए 50,000 रुपये की रिश्वत लेते हुए गिरफ्तार किया। यह जानकारी मिलने के बाद, एसीबी ने जाल बिछाया और 1 अगस्त को आदिवासी समुदाय के एक सदस्य को कलेक्टोरेट से नोटिस आपत्ति प्रमाण पत्र लेने के लिए भेजा। इस दौरे के दौरान डिप्टी कलेक्टर (सामान्य प्रशासन) संजीव जदवार की ओर से एक क्लर्क ने शिकायतकर्ता से 50,000 रुपये की रिश्वत की मांग की। एसीबी के एक अधिकारी ने कहा कि हमने स्थानीय पालघर यूनिट को जाल बिछाने के लिए नहीं कहा, बल्कि इसे सफल बनाने के लिए हमने मुंबई यूनिट की मदद ली।

## रिश्वत निरोधक विभाग की कार्रवाई

### क्या है पूरा मामला?

*अधिकारियों के मुताबिक, वादी एक आदिवासी जमीन खरीदना चाहता था। महाराष्ट्र भूमि राजस्व संहिता के अनुसार, गैर-आदिवासियों के लिए आदिवासी भूमि खरीदने से पहले कलेक्टर कार्यालय से पूर्व अनुमति लेना अनिवार्य है। तदनुसार, शिकायतकर्ता ने सितंबर 2022 में कलेक्टरेट के समक्ष आदिवासी भूमि के हस्तांतरण के लिए एनओसी के लिए आवेदन दायर किया। 1 अगस्त 2024 को जब शिकायतकर्ता कलेक्टर कार्यालय गया तो देशमुख नाम के कांस्टेबल ने कहा कि उसे काम करने के लिए 50,000 रुपये देने होंगे। इसके बाद शिकायतकर्ता को कलेक्टर कार्यालय में बुलाया गया और डिप्टी कलेक्टर जदवार से मिलने के लिए कहा गया। 13 अगस्त को जब एसीबी अधिकारियों की टीम शिकायतकर्ता के साथ कार्यालय आई तो इस मांग पर मुहर लग गई। उसी दिन, प्रथम श्रेणी अधिकारी आरोपी जदवार ने शिकायतकर्ता से 50,000 रुपये की रिश्वत ली और यह राशि लेते समय उसे गिरफ्तार कर लिया गया। एक पुलिस अधिकारी ने कहा, "जदवार को पुलिस हिरासत में ले लिया गया है।" उन्हें पालघर जिला अदालत में पेश किया गया।*



### ईडी अधिकारी के खिलाफ रिश्वत मांगने का मामला दर्ज किया गया

*इससे पहले, सीबीआई की मुंबई भ्रष्टाचार निरोधक शाखा ने प्रवर्तन निदेशालय (ED) की दिल्ली इकाई के एक अधिकारी संदीप सिंह के खिलाफ मनी लॉन्ड्रिंग का मामला दर्ज किया है, जिन्हें 20 लाख रुपये की रिश्वत मांगने के आरोप में दिल्ली में गिरफ्तार किया गया था। एक सर्राफा। ईडी ने सिंह को निलंबित कर दिया और उन्हें उनके मूल कैडर में बहाल करने के लिए कदम उठाए। इस बीच, 4 अगस्त को मुंबई में शिकायतकर्ता के घर पर छापा मारते हुए, सिंह ने शिकायतकर्ता वीएस गोल्ड के जौहरी विपुल ठक्कर से रिश्वत की मांग की।*

# वरिष्ठ शिवसैनिक शरद मोरे का निधन

दोपहर संवाददाता | ठाणे

पचास वर्षों तक ठाणे और मुंबई में शिवसेना के गठन के साक्षी रहे वरिष्ठ शिव सेना पदाधिकारी, ठाणे शहर के उप प्रमुख, परिवहन समिति के पूर्व अध्यक्ष शरद मोरे का गुरुवार को निधन हो गया। लंबी बीमारी के कारण 75 में से। उन्होंने दिवंगत शिव सेना प्रमुख बाला साहेब ठाकरे, धर्मवीर आनंद दिघे का साथ कभी नहीं छोड़ा. उनका नाम दिघे के पहले पांच भरोसेमंद साथियों में लिया जाता है। उन्होंने बेहद कठिन दौर में ठाणे की परिवहन सेवा में जीत हासिल की थी। वह कई दिनों से बीमार थे. उनके परिवार में पत्नी, दो बेटे और एक बड़ा परिवार है।

# सिंधी सेल प्रदेश कार्यकारी प्रमुख पद पर अमित आहूजा की नियुक्ति

दोपहर संवाददाता | उल्हासनगर

महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस सिंधी सेल प्रदेश कार्यकारी प्रमुख पद पर अमित शंकर आहूजा की नियुक्ति की गई है। इस मौके पर कांग्रेस के कई पदाधिकारी और कार्यकर्ताओं ने और व्यापारियों ने अमित शंकर आहूजा को शुभकामनाएं व बधाई दी।



## नियुक्ति पत्र दिया गया

महाराष्ट्र प्रदेश कांग्रेस पार्टी के अध्यक्ष नाना नाना भाऊ पटोले के निर्देश पर 15 अगस्त के दिन अमित शंकर आहूजा को नियुक्ति पत्र दिया गया। यह नियुक्ति पत्र मुंबई प्रदेश कार्यालय में दिया गया कांग्रेस सरचिटनिस प्रशासन व संगठन प्रमोद मोरे द्वारा अमित शंकर आहूजा को नियुक्ति पत्र सोपा गया इस मौके पर कांग्रेस पार्टी के कई वरिष्ठ पदाधिकारी और कार्यकर्ता शामिल थे। इस मौके पर अमित शंकर आहूजा ने पत्रकारों से बातचीत करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी ने उनके ऊपर जो भरोसा जताया है उसको वह पूरा करने की हर कोशिश करेंगे और सिंधी समाज के कार्यो को सदैव वह आगे ले जाएंगे और उनकी समस्याओं को हल करने की कोशिश करेंगे।

# सीपी तालाब क्षेत्र 31 अगस्त तक होगा पूर्ण कचरा मुक्त

दोपहर संवाददाता | ठाणे

ठाणे मनपा आयुक्त सौरभ राव ने सोमवार को निर्देश दिया कि अतिरिक्त जनशक्ति और अतिरिक्त वाहनों का उपयोग करके वागले इस्टेट सीपी झील पर कचरा जल्दी से हटाया जाना चाहिए। इसके मुताबिक कमिश्नर सौरभ राव ने 15 अगस्त को निरीक्षण किया और देखा कि पिछले तीन दिनों में कितना कूड़ा उठाया गया और यहां पर क्या काम चल रहा है।



मुख्यमंत्री ने आदेश दिया है कि सीपी लेक क्षेत्र को कूड़ा-कचरा मुक्त किया जाये और इसी के तहत नगर निगम ने इस क्षेत्र को कूड़ा-कचरा मुक्त बनाने के कार्य की सावधानीपूर्वक योजना बनायी है।

## 30 हजार मीट्रिक टन कूड़ा जमा

सीपी तालाब में ट्रांसफर स्टेशन का मूल उद्देश्य छोटे वाहनों से कचरा लाकर कॉम्पेक्टर और डंपर के माध्यम से प्लांट तक ले जाना था, लेकिन चूंकि यहां प्रोसेसिंग प्लांट पूरी क्षमता से नहीं चल रहा है, इसलिए यह जगह डंपिंग ग्राउंड बन गई है। इस जगह पर 30 हजार मीट्रिक टन कूड़ा जमा हो चुका है, इस क्षेत्र को कूड़ा मुक्त बनाने के लिए नगर निगम ने बारीकी से प्लानिंग की है।।इस योजना में कचरा संग्रहण वाहनों की संख्या बढ़ा दी गयी है तथा दिन-रात उक्त कचरा संग्रहण किया जा रहा है। उक्त कचरे को अटाकोली में सरकार द्वारा प्राप्त स्थल पर ले जाया जा रहा है, जहां इस कचरे को सिर्फ डंप नहीं किया जाएगा बल्कि कचरे को वैज्ञानिक तरीके से संसाधित किया जाएगा और वहां काम चल रहा है, आयुक्त ने इस समय कहा। आयुक्त ने बताया कचरे को प्रोसेस करने के लिए कई संगठनों ने संपर्क किया है।

# उल्हासनगर मुख्यालय में मनाया गया स्वतंत्रता दिवस समारोह

दोपहर संवाददाता | उल्हासनगर

भारत का 78 वां स्वतंत्रता दिवस उल्हासनगर मनपा में उत्साह और गौरव के साथ मनाया गया। इस ऐतिहासिक दिन पर कार्यक्रम की शुरुआत मनपा आयुक्त अजीज शेख द्वारा ध्वज वंदन के साथ हुई। इस मौके पर माहौल देशभक्ति के जयकारों और राष्ट्रगान की धुनों से गूंज उठा।

## विद्यार्थियों की देशभक्ति प्रस्तुतियों से विभिन रंगों से रंगा स्वतंत्रता दिवस

### विद्यार्थियों के सांस्कृतिक कार्यक्रमों ने समा बांधा

*पालिका मुख्यालय में ध्वज वंदन के बाद विभिन्न सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया गया। इन कार्यक्रमों में विद्यालय के सैकड़ो विद्यार्थियों ने भाग लिया और अपनी बेहतरीन प्रतिभा का प्रदर्शन किया। मनपा स्कूलों के छात्रों ने देशभक्ति नृत्य, गीत और नाटक प्रस्तुत करके दर्शकों का दिल जीत लिया। विभिन्न राज्यों की संस्कृति को दर्शाते नृत्य और मधुर देशभक्ति गीतों ने उपस्थित लोगों के मन में देशभक्ति जगा दी। इन कार्यक्रमों में 'विजयी विश्व तिरंगा प्यारा', 'ऐ मेरे वतन के लोगो' और 'आई लव माई इंडिया' जैसे गाने गाए गए, जिससे कार्यक्रम में और भी रंग भर गया। उल्हासनगर मनपा में मनाए गए 78 वें स्वतंत्रता दिवस को छात्रों की भागीदारी और उनकी प्रस्तुतियों ने और भी रंगीन बना दिया। इस कार्यक्रम से यह स्पष्ट हुआ कि ऐसे कार्यक्रमों से विद्यार्थियों एवं नागरिकों में देशभक्ति की भावना बढ़ती है। मनपा प्रशासन के इस सफल आयोजन के लिए हर तरफ से बधाइयां मिल रही हैं।*



# पाकिस्तान से आए 54 पीड़ित हिंदुओं को मिली भारतीय नागरिकता



दोपहर संवाददाता | उल्हासनगर

अखंड भारत के विभाजन के बाद भी पाकिस्तान में रहने वाले हिंदुओं पर आज भी तरह-तरह से अत्याचार हो रहे हैं। इसी को लेकर सिंधी भवन में एक छोटा खानी कार्यक्रम आयोजित किया गया क्योंकि पिछले पंद्रह वर्षों में भारत आए 54 सिंधी भाषियों को नागरिकता संशोधन अधिनियम के तहत भारतीय नागरिकता प्रदान की गई थी। इन नव भारतीयों ने जब यह भावना व्यक्त की कि अब हम और हमारा धर्म भारत माता की गोद में सुरक्षित हैं और उनके आँखों में आँसू आ गये।

## विभाजन विभाषिका स्मृति दिवस का आयोजन

राष्ट्रीय सिंधी भाषा विकास परिषद,महाराष्ट्र सिंधी साहित्य अकादमी, सिंधी कलाकार संगम और उल्हासनगर मनपा ने संयुक्त रूप से बुधवार को सिंधी भवन में विभाजन विभाषिका स्मृति दिवस का आयोजन किया। इस अवसर पर महाराष्ट्र सिंधी साहित्य अकादमी के अध्यक्ष महेश सुखरामनी, मनपा आयुक्त अजीज शेख, अतिरिक्त आयुक्त किशोर गावस, लाल पंजाबी, राजेश वधारा, राजू जग्यासी, विनोद तलरेजा और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे।

# मेधावी सफाई कर्मचारी हुए सम्मानित



दोपहर संवाददाता | मुंबई

ठाणे महानगर पालिका द्वारा 78वां भारतीय स्वतंत्रता दिवस बड़े उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर नगर निगम आयुक्त एवं प्रशासक सौरभ राव ने नगर निगम मुख्यालय परिसर में राष्ट्रीय ध्वज फहराया। ठाणे नगर निगम के सुरक्षा बलों, फायर ब्रिगेड और टीडीआरएफ कर्मियों ने राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी। इस अवसर पर पूर्व नगरसेवक नारायण पवार, पूर्व नगरसेवक संदीप लेले, पूर्व नगरसेवक विकास रेपल्ले, अतिरिक्त आयुक्त संदीप मालवी, अतिरिक्त आयुक्त प्रशांत रोडे, मुख्य अग्निशमन अधिकारी गिरीश झलके सहित नगर निगम के सभी वरिष्ठ अधिकारी और कर्मचारी, मेधावी कर्मचारियों के परिवार उपस्थित थे। समारोह के बाद, ठाणे शहर की स्वच्छता में योगदान देने वाले 10 प्रतिनिधि स्वच्छता कर्मचारियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए गुणवंत कामगार पुरस्कार से आयुक्त सौरभ राव द्वारा विशेष रूप से सम्मानित किया गया। इनमें शिल्पा रोहिदास पलांडे, लक्ष्मण महादेव मंधारे, कविता वसंत पाटिल, सवित्री अनिल शाह, संदीप रामचंद्र लवांडे, मारुबाई सिद्धार्थ उबले, पद्माकर वसंत पाटिल, शेखर लक्ष्मण मोरे, संजय मारुति म्हात्रे, उषा ढाकने प्रतिभाशाली कार्यकर्ता हैं। इस अवसर पर उपायुक्त (ठोस अपशिष्ट) तुषार पवार एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. रानी शिंदे उपस्थित थीं।

## कमिश्नर राव ने नागरिकों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं

*इस अवसर पर कमिश्नर राव ने नागरिकों को स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दीं। साथ ही स्वच्छ, स्वस्थ और सुंदर आजादी की आशा भी करती हूं। आयुक्त राव ने यह भी कहा कि ठाणे को साफ रखने के लिए कड़ी मेहनत करने वाले सफाई कर्मचारियों को सम्मानित करने का उद्देश्य बदलते ठाणे में उनके प्रदर्शन को गौरवान्वित करना है। महापालिका भवन में ध्वजारोहण के बाद मा। नरेंद्र बल्लाल ऑडिटोरियम में राष्ट्रीय नायकों की प्रतिमाओं के साथ-साथ शहर के विभिन्न स्थानों पर गणमान्य व्यक्तियों की प्रतिमाओं पर पुष्पांजलि अर्पित कर अभिनंदन किया गया। इस अवसर पर गणमान्य अतिथियों ने तिरंगे पर हस्ताक्षर भी किये।*

# मीनाताई ठाकरे मैटरनिटी होम एवं डायलिसिस सेंटर का उद्घाटन

दोपहर संवाददाता | ठाणे

ठाणे वासियों के स्वास्थ्य के लिए उपयोगी एक निःशुल्क सुविधा स्व मीनाताई ठाकरे मैटरनिटी होम एवं डायलिसिस सेंटर के रूप में प्रदान की गई है। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने यहां कहा कि मुझे इस बात का संतोष है कि मुख्यमंत्री निधि अच्छे काम के लिए खर्च की गई। गुरुवार को टीएमसी जनसंपर्क कार्यालय की ओर से बताया गया कि मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे बुधवार की शाम (14 अगस्त) को ठाणे नगर निगम के वागले एस्टेट के शिवाजीनगर क्षेत्र में पुराने मीनाताई ठाकरे



मातृत्व अस्पताल और डायलिसिस केंद्र की अद्यतन नई इमारत के उद्घाटन अवसर पर जनता को संबोधित कर रहे थे। इस अवसर पर सांसद नरेश म्हस्के, विधायक प्रताप सरनाईक, पूर्व विधायक रवींद्र फाटक, पूर्व नगरसेवक राम रेपाले, दिलीप बेटेकर, पूर्व नगरसेविका जयश्री फाटक, सुखदा मोरे, अपर आयुक्त संदीप मालवी, प्रशांत रोडे, मनपा अभियंता प्रशांत सोनगरा, उपायुक्त उमेश बिरारी , मनीष जोशी, जी. जी गोदेपुरे, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. चेतना नितिल, चिकित्सा अधिकारी डॉ. रानी शिंदे, कार्यकारी अभियंता भगवान शिंदे और अन्य गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे। मुख्यमंत्री ने कहा, इस भवन की संरचनात्मक मरम्मत का काम पूरा हो चुका है। यह बेहद खुशी की बात है कि सभी सुविधाओं से युक्त वातानुकूलित प्रसूति वार्ड और डायलिसिस सेंटर नागरिकों के लिए खुला है।

## नई इमारत का निर्माण

ठाणे में श्रीनगर में मातोश्री गंगूबाई शिंदे अस्पताल के लिए नई इमारत का निर्माण किया जा रहा है। इसलिए वहां भी मरीजों के बेड बढ़ने वाले हैं। इससे नागरिकों को लाभ होगा।

नागरिकों को अस्पताल के बिल के बारे में चिंता करने की ज़रूरत नहीं है। सरकार इसका ख्याल रख रही है. मुख्यमंत्री ने यह भी कहा कि महात्मा फुले योजना में राज्य के सभी नागरिकों को पात्र बनाने का निर्णय लिया गया है।

## ठाणे नगर निगम में 543 और परिवहन सेवा में 172 युवाओं को प्रशिक्षित किया जाएगा

वही उद्घाटन समारोह में मुख्यमंत्री युवा कार्य प्रशिक्षण योजना के अंतर्गत अर्हता प्राप्त 10 प्रतिनिधि प्रशिक्षुओं को मुख्यमंत्री शिंदे के हाथों ठाणे नगर निगम में प्रशिक्षण नियुक्ति पत्र प्रदान किये गये। इनमें एक दिव्यांग युवक भी शामिल था.। ठाणे नगर निगम में 543 और परिवहन सेवा में 172 युवाओं को इस तरह से प्रशिक्षित किया जाएगा। इस मौके पर मुख्यमंत्री शिंदे ने कहा कि महाराष्ट्र ऐसे प्रशिक्षुओं को मासिक प्रशिक्षण भत्ता देने वाला पहला राज्य है. सिटी इंजीनियर प्रशांत सोनगरा, कार्यकारी इंजीनियर भगवान शिंदे, उपायुक्त (स्वास्थ्य) उमेश बिरारी, मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. चेतना नितिल, चिकित्सा अधिकारी डॉ. रानी शिंदे, फेयरफैक्स इंडिया, सीएसबी बैंक और एपेक्स किडनी केयर प्राइवेट लिमिटेड के प्रतिनिधियों को मुख्यमंत्री द्वारा सम्मानित किया गया।

## 'मुख्यमंत्री मातृत्व सुरक्षा योजना' लागू

ठाणे महानगर पालिका क्षेत्र में मातृ शिशु देखभाल कार्यक्रम को लागू करने में आने वाली विभिन्न कठिनाइयों पर विचार करने और उन्हें दूर करने के लिए 'मुख्यमंत्री मातृत्व सुरक्षा योजना' लागू की जा रही है। इस योजना के तहत मातृ शिशु देखभाल कार्यक्रम के तहत गुणवत्तापूर्ण सेवाएं प्रदान करने के लिए प्रसूति गृहों को मजबूत किया जा रहा है। वागले वार्ड समिति के अंतर्गत 10 बिस्तरों वाला स्वर्गीय मीनाताई ठाकरे प्रसूति गृह पिछले तीस वर्षों से कार्य कर रहा है। इस इमारत का निर्माण पुराना होने के कारण पानी का रिसाव होता था और फर्श के स्लैब गिरते रहते थे। इस ढांचे को लगभग 2 करोड़ रुपए खर्च कर मजबूत किया गया है।

दो बजे दोपहर
पत्रकारिता पावर नहीं रिस्पांसिबिलिटी है



**अनमोल विचार** आप बिना गोता लगाए मणि प्राप्त नहीं कर सकते : रामकृष्ण परमहंस

# बोमन ईरानी ने मुंबई पुलिस के साथ मनाया स्वतंत्रता दिवस

दोपहर संवाददाता | मुंबई



वरिष्ठ अभिनेता बोमन ईरानी ने 78वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर गुरुवार को अपने आवास पर तिरंगा फहराया और मुंबई पुलिस अधिकारियों के साथ एक दिल को छू लेने वाला एक वीडियो शेयर किया। ध्वजारोहण समारोह के लिए मुंबई पुलिस ने उन्हें आमंत्रित किया था। इंस्टाग्राम पर 12 लाख फॉलोअर्स वाले बोमन ने एक रील वीडियो शेयर किया है। उन्होंने सफेद प्लेन कुर्ता-पायजामा पहना है और इसे भूरे रंग की नेहरू जैकेट के साथ पेयर किया है। साथ ही स्टार ने भूरे रंग के फॉर्मल जूतों के साथ अपना लुक पूरा किया।

# मध्य रेल के महाप्रबंधक ने फहराया राष्ट्रीय ध्वज



**मुंबई।** मध्य रेल के महाप्रबंधक राम करन यादव ने दिनांक 15 अगस्त को मध्य रेल मुख्यालय, छत्रपति शिवाजी महाराज टर्मिनस, मुंबई में 78वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर राष्ट्रीय ध्वज फहराया। राम करन यादव ने उपस्थित लोगों को संबोधित करते हुए सभी रेल कर्मियों, उनके परिवारों और सम्मानित ग्राहकों को हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि भारत के स्वतंत्रता संग्राम के दौरान रेलवे ने राष्ट्र के एकीकरण और नेताओं और स्वतंत्रता सेनानियों के आंदोलन में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई थी। रेलवे परिसर और ट्रेनें स्वतंत्रता संग्राम में कई महत्वपूर्ण घटनाओं की गवाह भी बनीं। उन्होंने उपस्थित लोगों को जनवरी से जुलाई 2024 तक मध्य रेल की उपलब्धियों के बारे में जानकारी दी। राम करन यादव ने रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) के उपनिरीक्षक संजय वसंत मोरे और स्टेशन मास्टर एवं मंडल नागरिक सुरक्षा निरीक्षक (नागपुर मंडल) हरवंश सिंह रघुवंशी को क्रमशः पुलिस सेवा और नागरिक सुरक्षा के लिए सराहनीय सेवा पदक (एमएसएम) से सम्मानित होने पर बधाई दी। उन्होंने पेरिस ओलंपिक 2024 में कांस्य पदक जीतने पर स्वप्निल कुसाले को भी बधाई दी।

# 78 वें स्वतंत्रता दिवस पर सीएम शिंदे ने फहराया तिरंगा

दोपहर संवाददाता | मुंबई

देश के 78 वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर मुख्यमंत्री शिंदे ने मंत्रालय में तिरंगा ध्वज फहराया। इस दौरान उन्होंने कहा कि राज्य सरकार प्रदेश के समग्र विकास एवं नागरिकों के कल्याण के लिए प्रतिबद्ध है। किसानों, खेत मजदूरों, महिलाओं, विद्यार्थियों के विकास के लिए विभिन्न योजनाओं के माध्यम से विकास को बढ़ावा देने का काम चल रहा है। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने कहा कि महाराष्ट्र को विकसित बनाने के लिए राज्य सरकार द्वारा लागू की गई नीतियों का प्रभावी कार्यान्वयन चल रहा है। समारोह में बॉम्बे हाई कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश देवेंद्र कुमार उपाध्याय, मुख्य सचिव सुजाता सौनिक, पुलिस महानिदेशक रश्मी शुक्ला, मुख्य शिष्टाचार अधिकारी मनीषा म्हैसकर सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, स्वतंत्रता सेनानी मौजूद रहे। इसी प्रकार पुणे में स्थित राजभवन में राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन, उपमुख्यमंत्री देवेंद्र फडणवीस ने नागपुर स्थित विभागीय आयुक्त कार्यालय में झंडारोहण किया। पुणे में उपमुख्यमंत्री अजित पवार और विधानभवन में विधानसभा अध्यक्ष एड। राहुल नार्वेकर के हाथों ध्वजारोहण किया गया।



## अगले पांच साल में 30 हजार करोड़ का राजस्व

मुख्यमंत्री शिंदे ने कहा कि राज्य सरकार ने राज्य में निवेशकों, उद्यमियों और आम नागरिकों के बीच विश्वास पैदा करने के लिए काम किया है। कृषि, शिक्षा, ऊर्जा, विनिर्माण, सूचना प्रौद्योगिकी, निर्माण, पर्यटन, स्वास्थ्य सुविधाएं, कौशल विकास, बुनियादी ढांचा, स्वास्थ्य सेवाएं हम इन क्षेत्रों में क्रांतिकारी क्रांति ला रहे हैं। हमने राज्य में डेढ़ करोड़ रोजगार सृजन का लक्ष्य रखा है। राज्य की लॉजिस्टिक्स नीति की घोषणा कर दी गई है। इससे राज्य सरकार को अगले पांच साल में 30 हजार करोड़ का राजस्व मिलेगा।

## 2 वर्षों में सरकार ने हासिल की महत्वपूर्ण उपलब्धियां

झंडा वंदन समारोह में शिंदे ने कहा कि पिछले दो वर्षों में राज्य सरकार ने महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल की हैं। विदेशी निवेश, समाज में कमजोरों और गरीबों के लिए बनाई गई नवीन योजनाओं के माध्यम से नागरिकों के प्रति प्रतिबद्धता दिखाई गई है। विकसित भारत के सपने को पूरा करने के लिए प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थव्यवस्था बनाकर दुनिया की तीसरी अर्थव्यवस्था बनने की ओर अग्रसर है।

## दो साल में 5 लाख करोड़ से ज्यादा का निवेश

सीएम एकनाथ शिंदे ने कहा कि पिछले दो साल में 5 लाख करोड़ से ज्यादा के निवेश के समझौते हुए हैं। प्रत्यक्ष विदेशी निवेश में हम देश में प्रथम स्थान पर हैं। हमने उससे ढाई लाख नौकरियां पैदा की, देश की कुल आय में महाराष्ट्र की हिस्सेदारी 14 प्रतिशत है। हमारा प्रदेश उद्योग एवं सेवा क्षेत्र में नंबर वन है। मुख्यमंत्री ने इस मौके पर इस बात पर जोर दिया कि महाराष्ट्र विदेशी पर्यटकों की भी पसंद है। प्रदेश में लगभग 10 लाख करोड़ के इंफ्रास्ट्रक्चर के काम चल रहे हैं।

# बारिश के बाद बीमारियों ने बढ़ाई टेंशन



## मलेरिया-डेंगू और चिकनगुनिया के मामलों में इजाफा

दोपहर संवाददाता | मुंबई

मुंबई में मानसून की भारी बारिश के बाद अब कई बीमारियों ने दस्तक दी है। लोग लगातार मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया, गैस्ट्रो और H1N1 जैसी बीमारियों की चपेट में आ रहे हैं। इन बीमारियों के मरीजों की संख्या में भी तेजी से बढ़ोतरी हो रही है। पिछले साल अगस्त 2023 के मुकाबले अगस्त 2024 में मरीजों की संख्या ज्यादा है। 1 से 14 अगस्त तक मानसूनी बीमारी के मरीजों की संख्या में यह बढ़ोतरी देखी गई है।

## पिछले साल के मुकाबले बढ़ी मरीजों की संख्या

आकंड़ों के अनुसार, पिछले साल जहां मलेरिया के 555 मरीज मिले थे और मरीजों का आंकड़ा 1 हजार 80 पहुंच गया था। इस साल डेंगू के मरीजों की संख्या 562, चिकनगुनिया के 84 मामले हैं, जो पिछले साल 35 मामले थे। इस महीने लेप्टोस्पायरोसिस के 172 मामले, गैस्ट्रो के 534 मामले, हेपेटाइटिस (ए और ई) के 72 मामले आए हैं। अगस्त महीने में H1N1 के केसों में भी वृद्धि हुई है। जबकि पिछले साल अगस्त महीने में H1N1 से संक्रमित 116 लोगों की तुलना में 119 लोग N1N1 से संक्रमित हुए थे।

## BMC ने जारी की एडवाइजरी

### पानी से होने वाली बीमारियों (गैस्ट्रो, हेपेटाइटिस, टाइफाइड) से बचाव के उपाय

सड़क पर या खुले में खाना खाने से बचें, खाने से पहले हाथ धोएं या हैंड सैनिटाइज़र का इस्तेमाल करें और उबला हुआ पानी पिएं।

### H1N1/फ्लू की रोकथाम के लिए सलाह

भीड़-भाड़ वाली जगहों से बचें, छींक या खांसी आने पर नाक ढक लें, बार-बार साबुन और पानी से हाथ धोएं, उच्च जोखिम वाले लोगों को मास्क का इस्तेमाल करें।

### वेक्टर जनित रोगों (मलेरिया, डेंगू, चिकनगुनिया) की रोकथाम के लिए सलाह

यह सुनिश्चित करें कि आपके घरों और इमारतों के आसपास और आसपास कोई भी पानी जमा न हो, मच्छरदानी या मच्छर भगाने वाले उत्पादों का उपयोग करें।

बुखार आने पर खुद दवा न लें और तुरंत डॉक्टर से सलाह लें।

# माझी लाड़की बहीना योजना में सीएम ने साधा बहिनों से संवाद



**मुंबई।** मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने आज टेलीविजन के माध्यम से मुख्यमंत्री-माझी लाडकी बहीन योजना की समीक्षा की। इस अवसर उन्होंने कई बहनों से बातचीत की।इस मौके पर ठाणे. कलेक्टर अशोक शिंगारे, जिला परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी रोहन घुगे, उपायुक्त मनोज रानाडे, जिला आपूर्ति अधिकारी विकास गजरे, महिला एवं बाल विकास अधिकारी महेंद्र गायकवाड़, लाभार्थी महिलाएं उपस्थित थीं. इस 15 अगस्त के अवसर पर ठाणे जिले के मानपाड़ा की सुनीताताई गाडेकर ने मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे से बातचीत की।

# महाराष्ट्र के विधानभवन पर राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने किया ध्वजारोहण



**मुंबई।** भारतीय स्वतंत्रता की 78वीं वर्षगांठ के अवसर पर राज्यपाल सीपी राधाकृष्णन ने महाराष्ट्र विधान भवन पर गुरुवार को सुबह ध्वजारोहण किया। इसके बाद राज्यपाल ने स्वतंत्रता सेनानियों, पूर्व सैनिकों, जन प्रतिनिधियों, नागरिकों और अधिकारियों-कर्मचारियों से मुलाकात की और उन्हें स्वतंत्रता दिवस की शुभकामनाएं दी। मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने 'वर्षा' सरकारी आवास के प्रांगण में ध्वजारोहण किया। इस मौके पर पुलिस टीम ने राष्ट्रीय ध्वज को सलामी दी। सांसद डॉ. श्रीकांत शिंदे, मुख्यमंत्री के अतिरिक्त मुख्य सचिव विकास खडग़े सहित मुख्यमंत्री सचिवालय के अधिकारी और कर्मचारी उपस्थित थे।

# दहेज उत्पीड़न का केस वापस लेने के लिए जीजा ने किया ब्लैकमेल

## साली की निजी तस्वीरें वायरल करने की दी धमकी

दोपहर संवाददाता | मुंबई

मुंबई पुलिस ने एक 24 वर्षीय व्यक्ति पर अपनी साली के साथ ब्लैकमेल करने का मामला दर्ज किया है। आरोप है कि, व्यक्ति ने अपने परिवार के खिलाफ दर्ज आपराधिक मामले को वापस लेने के लिए, कथित तौर पर साली की अंतरंग तस्वीरें खींची थी। इस मामले में उस व्यक्ति के छोटे भाई और उसके दोस्त पर भी मामला दर्ज किया गया है, जिसने महिला को नशीला पदार्थ देकर तस्वीरें ली थीं। 22 वर्षीय पीड़ित महिला अक्सर अपनी बहन के घर आती-जाती थी और वह अपने जीजा से परिचित थी। पुलिस ने तीनों आरोपियों के खिलाफ भारतीय न्याय संहिता (बीएनएस) की विभिन्न धाराओं के तहत मामला दर्ज कर लिया है और मामले की आगे की जांच कर रही है।

## क्या है पूरा मामला ?



पुलिस के मुताबिक, नवंबर 2021 में अपनी बहन के घर गई महिला को उसकी बहन के देवर ने एक सफेद गोली दी थी। जिससे वह आंशिक रूप से बेहोश हो गई, इस दौरान उसने कथित तौर पर उसकी सहमति के बिना उसकी अंतरंग तस्वीरें खींच ली थी। महिला का परिवार पीड़िता और उसकी बहन के देवर की शादी करवाने पर विचार कर रहा था। लेकिन दोनों के बीच नियमित रूप से संदेशों के माध्यम से बातचीत होती थी। ऐसी ही एक बातचीत के दौरान उस व्यक्ति ने उससे उसकी अंतरंग तस्वीरें साझा करने के लिए कहा था। जब शिकायतकर्ता ने तस्वीरें साझा करने से इनकार कर दिया, तो उसने उन तस्वीरों को उजागर करने की धमकी दी, जो उसने गुप्त रूप से ली थीं।

## ससुराल वालों पर दहेज उत्पीडऩ का मामला दर्ज

जुलाई में आरोपी की पत्नी ने दहेज की मांग को लेकर अपने ससुराल वालों पर क्रूरता और उत्पीड़न का आरोप लगाते हुए आपराधिक मामला दर्ज कराया था। इसके बाद, आरोपी के छोटे भाई ने शिकायतकर्ता की अंतरंग तस्वीरें उसके और उसके एक दोस्त के साथ साझा की, जिन्होंने फिर धमकी दी कि अगर आपराधिक मामला वापस नहीं लिया गया तो वे तस्वीरें वितरित कर देंगे। इसके बाद महिला ने अपनी बहन के पति, उसके छोटे भाई और दोस्त के खिलाफ शिकायत दर्ज कराई है।

# महाराष्ट्र में अजित पवार और एकनाथ शिंदे में टकराव

दोपहर संवाददाता | मुंबई

महाराष्ट्र में सत्तारूढ़ शिवसेना (एकनाथ शिंदे), भाजपा और अजित पवार की राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (NCP) के महायुति गठबंधन में सबकुछ ठीक नहीं चल रहा है। रिपोर्ट के मुताबिक, मुख्यमंत्री शिंदे और उपमुख्यमंत्री पवार एक-दूसरे के विभागों की फाइलों को रोक रहे हैं, जिससे राजनीतिक टकराव बढ़ता दिख रहा है। NCP के मंत्रियों की फाइलें मुख्यमंत्री कार्यालय में अटकी हुई हैं। बताया जा रहा है कि कुछ फाइलें तो 6 महीने से ज्यादा समय से वहां पड़ी हैं।




## पवार ने भी फाइलें बढ़ाने से इंकार किया

रिपोर्ट के मुताबिक, मंगलवार को राज्य कैबिनेट की बैठक के दौरान मुख्यमंत्री शिंदे के नेतृत्व वाले शहरी विकास विभाग की फाइल को हस्ताक्षर के लिए पवार के पास भेजा गया। इस पर पवार ने कहा कि उन्होंने फाइल पढ़ी नहीं, इसलिए हस्ताक्षर नहीं कर सकते। बताया जा रहा है कि शिंदे ने इस पर कहा कि उन्होंने भी पवार की कई फाइलों पर बिना पढ़े हस्ताक्षर किए हैं। मुख्यमंत्री के तर्क के बावजूद पवार ने सख्ती से मना कर दिया।

## पहले भी हो चुका है मनमुटाव

महाराष्ट्र में यह पहली बार नहीं है, जब शिंदे और पवार के बीच मनमुटाव सबके सामने आया हो। इससे पहले एक कार विनिर्माण परियोजना के समझौता कार्यक्रम के बारे में मुख्यमंत्री शिंदे की ओर से पवार को जानकारी नहीं दी गई थी और न ही उद्योग मंत्री को उसमें शामिल किया गया। इसकी जानकारी एक बैठक में पवार को हुई तो उन्होंने तुरंत शिंदे को फोन कर नाराजगी जताई थी और गठबंधन धर्म याद दिलाया था।

## सीएम ने भी फाइलों पर हस्ताक्षर से मना किया

रिपोर्ट के मुताबिक, कैबिनेट बैठक में पवार का व्यवहार देखकर शिंदे भी नाराज हो गए और उन्होंने भी पवार के कार्यालय की किसी फाइल पर हस्ताक्षर न करने की बात कही। बैठक में लोग इस वाकयुद्ध से हैरान थे। तभी शिंदे के कोटे से स्वास्थ्य मंत्री तानाजी सावंत ने कहा कि उनके विभाग की भी कई फाइलें पवार के कार्यालय में अटकी हैं। NCP के भी एक मंत्री ने नाम न छापने की शर्त पर इस टकराव की जानकारी दी।

# एआईएमआईएम महाराष्ट्र चुनाव में MVA के साथ आने को तैयार

## इम्तियाज जलील ने दिया खुला ऑफर

**मुंबई।** महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव की आहट के बीच असदुद्दीन ओवैसी की ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन (AIMIM) ने महाराष्ट्र विकास अघाड़ी के साथ मिलकर चुनाव लड़ने की इच्छा जताई है। ऑल इंडिया मजलिस-ए-इत्तेहादुल मुस्लिमीन के नेता इम्तियाज जलील ने कहा कि मेरी इच्छा है की शरद पवार की NCP, नई-नई सेक्युलर बनी शिवसेना (उद्धव ठाकरे) और कांग्रेस को महाविकास आघाडी के लोगों को विचार करना चाहिए कि एक बड़ा तबका है जो कि एआईएमआईएम का फॉलोअर्स हैं। इसलिए अगर आपने हमें अपने साथ लिया तो इसका फायदा चुनाव में होगा और साथ नहीं लिया तो आपको इसका नुकसान हो सकता है। नुकसान हुआ तो आप यह नहीं कहें कि एआईएमआईएम की वजह से हमें नुकसान हुआ। इम्तियाज जलील ने कहा कि मैं यह आप लोगों को ऑफर दे रहा हूं कि आप हमें बताइए कि आप हमें कितनी सीट देंगे। हम आपके साथ हैं, हम बाद में आपसे सीट को लेकर कोई भी नेगोशिएशन नहीं करेंगे। मैं वैसा नेता नहीं हूं, मुझे पता है कि मेरी ताकत कहां-कहां पर है और उनमें से आप कितनी सीट हमें देंगे। अगर आप ऐसा करते हैं तो हम उन सीट पर लड़ेंगे लेकिन आप अगर हमें इतनी सीट देते हैं तो इसका फायदा आपको कई गुना ज्यादा होगा।



## हम अनटचेबल नहीं है- इम्तियाज जलील

एआईएमआईएम नेता ने कहा कि आप ऐसा मत सोचिए कि हम अनटचेबल हैं। शिवसेना, कांग्रेस के साथ गई, एनसीपी के साथ गई। मैं यह स्पष्ट रूप से कह रहा हूं कि एआईएमआईएम कि यह इच्छा है कि इंडिया गठबंधन के साथ जाए। जलील ने कहा कि हम चाहते हैं कि महाराष्ट्र में विधानसभा चुनाव महाविकास आघाड़ी के साथ मिलकर लड़ें।

महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव से पहले कांग्रेस में भगदड़

# सीएम से मिले क्रॉस वोटिंग वाले 2 विधायक

दोपहर संवाददाता | मुंबई

महाराष्ट्र विधानसभा चुनाव से पहले महाविकास अघाड़ी को बड़ा झटका लगने की संभावना है। कांग्रेस के दो विधायक मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली शिवसेना की राह पर हैं। कांग्रेस विधायक हीरामन खोसकर और जितेश अंतापुरकर मंगलवार रात एकनाथ शिंदे के सरकारी आवास 'वर्षा' पहुंचे। यहां उन्होंने शिंदे गुट में जाने को लेकर उनसे बात की। संभावना है कि ये दोनों अगले कुछ दिनों में कांग्रेस का 'हाथ' छोड़कर एकनाथ शिंदे की शिवसेना में शामिल हो जाएंगे। विधान परिषद चुनाव में दोनों विधायकों ने क्रॉस वोटिंग की थी। कांग्रेस ने इस मामले कार्रवाई करने की धमकी दी थी। इससे पहले कि दोनों विधायकों पर पार्टी कोई अनुशासनात्मक कार्रवाई करती, वे पहले ही पार्टी छोड़ने की तैयारी में हैं।



## विधायक ने दी सफाई

हालांकि विधायक जितेश अंतापुरकर ने दावा किया है कि वह ई-पीक निरीक्षण के सिलसिले में मुख्यमंत्री से मिले थे। साथ ही अंतापुरकर ने कहा है कि इस बार कोई राजनीतिक चर्चा नहीं हुई। मैं जहां हूं वहीं रहूंगा और मुझे फिर से मेरी सीट पर टिकट मिलेगा। खोसकर ने कहा कि उन्होंने फंड के बारे में बात करने के लिए मुख्यमंत्री से मुलाकात की। उधर, कांग्रेस प्रवक्ता अतुल लोंढे ने इस खबर का खंडन करते हुए पहले ही संभावना जताई थी कि यह मुलाकात किसी काम को लेकर थी। लोंढे ने कहा था कि विधायकों का काम मुख्यमंत्री से होता है, वे उनसे मिलते हैं, यह कोई खास बात नहीं है।

## क्या है पूरा मामला?

हाल ही में हुए विधान परिषद चुनाव में कांग्रेस के पांच विधायकों ने क्रॉस वोटिंग की थी। लेकिन गुप्त मतदान के कारण पार्टी सीधे तौर पर किसी पर उंगली नहीं उठा सकी। हालांकि प्रतीकात्मक निशानों के जरिए विधायकों की पहचान करने की बात कहते हुए पार्टी नेताओं ने संबंधित विधायकों के खिलाफ कार्रवाई के संकेत दिए थे। यदि कांग्रेस से निष्कासन या निलंबन की कार्रवाई होती तो गुप्त मतदान के कारण अदालत में मामला टिकना मुश्किल हो जाता। संदेह के आधार पर निलंबन की कार्रवाई संभव नहीं थी। इसलिए, फिलहाल पार्टी के पास आगामी विधानसभा चुनाव में उन्हें टिकट देने से इनकार करने का विकल्प था। जिन पांच विधायकों के नाम चर्चा में थे, उनमें खोसकर और अंतापुरकर दोनों का नाम था। चर्चा है कि दोनों ने कार्रवाई से पहले दलबदल का विकल्प चुना है।

## अशोक चव्हाण से नजदीकियां आएंगी काम

जितेश अंतापुरकर पूर्व मुख्यमंत्री और बीजेपी के राज्यसभा सांसद अशोक चव्हाण के करीबी माने जाते हैं। अनुमान लगाया जा रहा था कि बीजेपी चव्हाण के जरिए मैदान में उतरेगी और कांग्रेस को तोड़ेगी।

दो बजे दोपहर



# अभिव्यक्ति के अधिकार की रक्षा का सवाल

सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय ने प्रसारण सेवा (विनियमन) विधेयक, 2024 के मसौदे को वापस लेने का महत्वपूर्ण फैसला लिया है। केंद्र सरकार ने यह कदम तब उठाया है, जब संसद का मानसून सत्र समाप्त हो गया है और अब देश जल्द ही विधानसभा चुनावों की हलचलों का साक्षी बनने जा रहा है। संसद के हाल में खत्म हुए मानसून सत्र में सरकार ने अपना बजट भी पेश किया था, लेकिन इसी सत्र में वक्फ बोर्ड संशोधन अधिनियम सरकार पारित नहीं करवा पाई। विपक्ष ने तो इस विधेयक का विरोध किया ही था, सरकार में शामिल भाजपा के दूसरे साथी दल इस पर सहमत नहीं दिखे और अंततः यह संसदीय समिति को भेज दिया गया। आसान शब्दों मे कहा जाए तो पिछली लोकसभा की तरह इस बार श्री मोदी अपनी मनमानी नहीं चला सके। प्रसारण सेवा (विनियमन) विधेयक पर भी सरकार ने विपक्ष के साथ संभावित टकराव को महसूस कर लिया था और हो सकता है इसी वजह से इस विधेयक के मसौदे को फिलहाल वापस ले लिया गया है। दरअसल यह विधेयक प्रारंभ से ही विवादों में रहा है। इसे अभिव्यक्ति के संविधान प्रदत्त अधिकार को कुचलने की तरह देखा जा रहा था। अपनी मनमानी को पारदर्शिता के आवरण में दिखाते हुए सरकार ने बताया था कि इस विधेयक के मसौदे को हितधारकों और आम जनता की टिप्पणियों के लिए 10 नवंबर 2023 को सार्वजनिक किया गया था। बिल का दूसरा मसौदा जुलाई 2024 में तैयार किया गया था। लेकिन मसौदे को विपक्ष ने सरकार पर आरोप लगाए थे कि संसद में रखे जाने से पहले ही इसे कुछ चुनिंदा हितधारकों के बीच चुपके से लीक किया गया। टीएमसी सांसद जवाहर सरकार ने भी राज्यसभा में यह मामला उठाया था। बता दें कि इस प्रस्तावित विधेयक को यू-ट्यूब, इंस्टाग्राम, लिंक्डइन जैसे ऑनलाइन माध्यमों को नियमित करने वाला बताया जा रहा था। लेकिन माना जा रहा था कि यह अधिनियम वैकल्पिक मीडिया के दमन की एक और कोशिश है। हाल में संपन्न लोकसभा चुनावों के परिणाम आने के बाद कुछेक नामी-गिरामी पत्रकारों ने अपना मंतव्य सामने रखा था कि इस वैकल्पिक मीडिया के कारण श्री मोदी और भाजपा की छवि को धक्का पहुंचा है, क्योंकि मुख्य धारा के समाचार चैनलों में तो भाजपा का ही गुणगान होता रहा, लेकिन जनता ने उसकी जगह वैकल्पिक मीडिया को तरजीह देना शुरु कर दिया। सोशल मीडिया प्लेटफार्म के इन चैनलों पर हो रही सियासी चर्चाओं को करोड़ों दर्शक सुनते रहे। इस वजह से भाजपा को मनमाफिक नतीजे नहीं मिले। शायद इसी वजह से वैकल्पिक मीडिया पर अंकुश लगाने का प्रयास भाजपा ने किया। प्रसारण सेवा (विनियमन) विधेयक के साथ ही डिजिटल व्यक्तिगत डेटा संरक्षण अधिनियम, 2023, प्रेस पंजीकरण अधिनियम, 2023 और आईटी संशोधन अधिनियम जैसे कानूनों को भी मीडिया पर शिकंजा कसने वाला बताया जाता रहा है। प्रेस क्लब ऑफ इंडिया, इंडियन जर्नलिस्ट यूनियन, दिल्ली यूनियन ऑफ जर्नलिस्ट्स, डिजीपब न्यूज फाउंडेशन, इंटरनेट फ्रीडम फाउंडेशन, वर्किंग न्यूज कैमरामेन एसोसिएशन, इंडियन वुमेन प्रेस कॉर्प्स, कोगिटो मीडिया फाउंडेशन और मुंबई, कोलकाता, तिरुवनंतपुरम और चंडीगढ़ के प्रेस क्लब ने 28 मई को इस संबंध में बैठक बुलाकर प्रस्तावित कानूनों के खिलाफ विरोध जताया था।

## शख्सियत | सुभद्रा कुमारी चौहान

### प्रसिद्ध भारतीय कवयित्री और स्वतंत्रता सेनानी




सुभद्रा कुमारी चौहान एक प्रसिद्ध भारतीय कवयित्री, स्वतंत्रता सेनानी और सामाजिक कार्यकर्ता थीं। वह अपनी क्रांतिकारी हिंदी कविता और भारतीय स्वतंत्रता आंदोलन में अपने योगदान के लिए जानी जाती हैं। सुभद्रा कुमारी चौहान ने अपने शक्तिशाली और देशभक्तिपूर्ण छंदों के माध्यम से जनता को प्रेरित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। सुभद्रा कुमारी चौहान माउंट एवरेस्ट फतह करने वाली पहली भारतीय महिला थीं।

16 अगस्त, 1904 को निहालपुर गांव, इलाहाबाद, उत्तर प्रदेश, भारत में जन्मी सुभद्रा कुमारी चौहान ने अपने शक्तिशाली और देशभक्तिपूर्ण छंदों के माध्यम से जनता को प्रेरित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। उन्होंने बनारस हिंदू विश्वविद्यालय से कला स्नातक की उपाधि प्राप्त की। इसके बाद उन्होंने इलाहाबाद विश्वविद्यालय से हिंदी साहित्य में मास्टर ऑफ आर्ट्स की पढ़ाई पूरी की। उनकी सबसे प्रसिद्ध कृतियों में से एक कविता ₹झांसी की रानी₹ है, जो एक प्रेरक गीत है। यह कविता अंग्रेजों के खिलाफ 1857 के विद्रोह में झांसी की रानी लक्ष्मीबाई की वीरता और साहस को दर्शाती है।

₹झांसी की रानी₹ के अलावा, सुभद्रा कुमारी की अन्य उल्लेखनीय कृतियों में ₹वीरों का कैसा हो बसंत₹, ₹ये कदम्ब का पेड़₹, और ₹खिलौनेवाला₹ शामिल हैं। उनकी कविता में राष्ट्रवाद, सामाजिक जागरूकता और पीड़ितों के प्रति करुणा की गहरी भावना झलकती है। सुभद्रा कुमारी चौहान ने महात्मा गांधी के नेतृत्व में असहयोग आंदोलन में सक्रिय रूप से भाग लिया। उन्होंने महिला सशक्तिकरण की दिशा में भी काम किया और लड़कियों के लिए शिक्षा का समर्थन किया। चौहान ने महिलाओं को स्वतंत्रता संग्राम में भाग लेने के लिए संगठित करने और प्रोत्साहित करने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई।

22 मई 1950 को वह माउंट एवरेस्ट पर चढ़ने वाली पहली भारतीय महिला बनीं। वह यह उपलब्धि हासिल करने वाली पूर्वोत्तर भारत की पहली महिला भी थीं। पर्वतारोहण में उनके योगदान के लिए 1951 में उन्हें भारत के चौथे सबसे बड़े नागरिक पुरस्कार पद्म श्री से सम्मानित किया गया था। 15 फरवरी, 1948 को उत्तर प्रदेश के बरेली में एक सड़क दुर्घटना में उनकी मृत्यु हो गई।

# अविभाजित भारत को संवारने वाले लाहौर के नगीने



डॉ. चन्द्र त्रिखा

हमारे भारतीय उपमहाद्वीप की वित्तीय जिंदगी में कुछ ऐसी शख्सियतें भी हुई हैं जिन्हें धीरे-धीरे हम भूलते जा रहे हैं। सरदार दयाल सिंह मजीठिया का नाम यदि अब भी आदर के साथ लिया जाता है तो उसका मुख्य कारण यही है कि लाहौर के इस शख्स ने पत्रकारिता और शिक्षा के क्षेत्र में कुछ ठोस पहलकदमियां की थीं। दयाल सिंह कॉलेज (लाहौर, करनाल व दिल्ली) व दयाल सिंह लाइब्रेरी समेत कई संस्थाएं अब भी इस महान शख्सियत को दुआएं देती हैं।

इसी शृंखला में सर गंगाराम का नाम आता है, जिन्हें 'मॉडर्न लाहौर' का निर्माता माना जाता है। उनका मुख्य कर्म-क्षेत्र अस्पताल, मेडिकल कॉलेज व अनूठे भवनों का निर्माण था। लाहौर की जिंद्रगी में सर गंगाराम ऐसे रच-बस गए थे कि मंटो सरीखे लेखक ने भी अपनी एक कहानी में उन्हें पात्र बनाया।

वैसे लाहौर एवं अविभाजित पंजाब के आर्थिक विकास में लाला लाजपत राय का भी विशिष्ट योगदान था, मगर उनका स्वाधीनता सेनानी एवं राष्ट्रभक्त वाला पक्ष उनकी अन्य भूमिकाओं पर हावी हो गया। वे स्वाधीनता सेनानी तो थे ही, इसके अलावा बैंकिंग व बीमा क्षेत्र में उन्होंने लाहौर में अपनी विशिष्ट पहचान स्थापित की थी। वहां की लक्ष्मी इंश्योरेंस कंपनी, पंजाब नेशनल बैंक व कुछ अन्य बड़े व्यावसायिक संस्थानों में भी लाला लाजपत राय की विशेष भूमिका थी। पत्रकारिता और वकालत के क्षेत्र में भी उन्हें पहली कतार में रखा जाता था। इसी शृंखला में महाशय कृष्ण, लाला जगत नारायण और महाशय आनंद स्वामी के नाम भी पत्रकारों-प्रकाशकों की श्रेणी में आते हैं।

इसी क्रम में एक अन्य भारतीय उद्यमी शामिल हैं- लाला हरकिशन लाल। डेरा गाज़ी खान के एक कस्बे लैय्या में वर्ष 1864 में जन्मे लाला हरकिशन की जिंद्रगी में ऐसे उतार-चढ़ाव आए कि इन्हें 'अर्श से फर्श' और फिर 'फर्श से अर्श' तक की जिंद्रगी का महानायक माना गया। लाला हरकिशन लाल की शिक्षा-दीक्षा गवर्नमेंट कॉलेज लाहौर से हुई थी। बाद में अपनी मेधा के बल पर एक छात्रवृत्ति लेकर वे ट्रिनिटी कॉलेज कैम्ब्रिज में चले गए। जहां गणित विषय पर अपने अध्ययन में उन्हें 'विशिष्ट' छात्र घोषित किया गया। वहां से भारत लौटने पर उन्हें गणित के प्राध्यापक के रूप में गवर्नमेंट कॉलेज, लाहौर में नौकरी मिली। इसी बीच सरदार दयाल सिंह मजीठिया की प्रेरणा से उन्होंने वित्तीय प्रबंधन के क्षेत्र में प्रवेश किया। उन्हें उन दिनों पंजाब नेशनल बैंक में भी ऑनरेरी सेक्रेटरी का पद दिया गया। उसी वर्ष लाला हरकिशन लाल ने लाहौर में ही भारत इंश्योरेंस कंपनी की स्थापना की वहीं सरदार दयाल सिंह मजीठिया ने उन्हें अपने 'द ट्रिब्यून ट्रस्ट' में भी ट्रस्टियों में शामिल कर लिया। इसी दौरान उद्यमी लाला हरकिशन लाल ने खुद को पूरी तरह औद्योगिक संस्थानों व व्यापारिक संस्थानों के कारोबार में खपा दिया। ईर्ष्या के कारण उन्हें ब्रिटिश शासन के कुछ अधिकारियों, कुछ धार्मिक कट्टरपंथी संगठनों व कुछ आर्यसमाजी नेताओं के विरोध का भी सामना करना पड़ा। विरोधियों ने उनके बैंक खातेदारों में भी अफवाह फैला दी कि उनकी जमा पूंजी कभी भी खतरे में पड़ सकती है। उधर, वर्ष 1919 में उसे कुछ अंग्रेज अधिकारियों की शिकायत पर राजद्रोह के आरोप में गिरफ्तार कर लिया गया। कुछ महीने जेल में रहना पड़ा। रिहाई के बाद लाला जी अपने विरोधियों की साजिशों से तंग आकर बीमार पड़ गये और फिर उन्होंने प्राण त्याग दिये। बाद में उसके सुपुत्र व प्रख्यात वकील एवं लेखक केएल गाबा ने एक पुस्तक भी लिखी 'सर डगलस यंग'ज़ मैग्ना कोर्टा'। उन्हें भी कुछ समय सींखचों के भीतर ही रहना पड़ा। इन परिश्रमी हरकिशन जी की 'लाहौर इलेक्ट्रिक सप्लाई' कंपनी भी चर्चा में रही थी। उसने लाहौर में आटा मिलें भी लगाई, ईंटों के भट्ठे भी स्थापित किए, साबुन के कारखाने लगाए और बर्फ की फैक्ट्रियां व कॉटन-वीविंग मिलें भी लगाईं। एक निर्धन क्षत्रिय परिवार के इस परिश्रमी उद्यमी के अनेक संस्थानों के खंडहर आज भी लाहौर में मौजूद हैं।

पाकिस्तान के सर्वाधिक पुराने व बड़े शहर लाहौर में चंद ऐसी शख्सियतें थीं जिनके कर्ज तले पूरा पाक-पंजाब दबा रहा है। महाराजा रणजीत सिंह के बाद पांच अन्य शख्सियतें ऐसी थीं जो इस शहर की रूह मानी जाती थीं। इनमें सरदार दयाल सिंह मजीठिया, सर गंगाराम, बुलाकी शाह, छज्जू राम भाटिया, हरकिशन लाल व लाला लाजपत राय प्रमुख थे। सर गंगा राम ने यहां की आधी ऐतिहासिक इमारतों के अलावा एक विशाल अस्पताल का निर्माण कराया था। ब्रह्मसमाजी सरदार दयाल सिंह मजीठिया को 'द ट्रिब्यून' समाचार-पत्र की शुरुआत व अन्य अनेक सामाजिक संस्थाओं को संरक्षण देने का श्रेय जाता है। स्वर्ण-व्यापारी छज्जू राम भाटिया का 'छज्जू का चौबारा' अपने समय का एक विलक्षण इतिहास समेटे हुए है। मगर भारत-पाक विभाजन के साथ सर्वाधिक खून-खराबे व दंगों के गवाह सेठ बुलाकी शाह ही रहे। दंगइयों ने उस क्षेत्र के मंदिरों व हिन्दू परिवारों पर हल्ला बोलने के साथ ही बुलाकी शाह की हवेली पर धावा बोला था। बीच बाज़ार में एक विशाल हवेली है जो हवेली बुलाकी शाह के नाम से प्रसिद्ध है। इसका एक नाम कैमला बिल्डिंग भी था। प्राप्त साक्ष्यों व दीवारों पर दर्ज तारीखों के अनुसार यह हवेली 17 अप्रैल, 1929 में बनी थी। इसके सामने ही लाहौर का प्रसिद्ध 'पानी वाला तालाब' था जो वर्ष 1883 में बना था। मैं जब वर्ष 1988 में एक बार इस हवेली की तरफ गया तो वहां पर एक डॉक्टर अपना क्लीनिक चलाता था और वहीं उसका आवास भी था। डॉक्टर ने बताया था कि इस गुमटी बाज़ार को पुराने वक्तों में 'गली काली माता' भी कहा जाता था। उस हवेली में एक समय बुलाकी शाह नामक एक हिन्दू व्यापारी रहता था और उसी ने अपनी अकूत दौलत से एक हवेली को सजाया-संवारा था। इसी के साथ सटा क्षेत्र कूचा-हनुमान भी कहलाता था। यहीं पर स्थित था काली माता का प्रसिद्ध मंदिर और 'शिवाला पंडित राधा कृष्ण'। मूल रूप में यह सारा क्षेत्र हिन्दू बहुल था और कई छोटे-छोटे मंदिर थे। दुकानदार सुबह कारोबार आरंभ करने से पहले यहीं पंडित जी से तिलक कराने व मूर्तियों के समक्ष शीश नवाने आते थे। इसी क्षेत्र में बुलाकी शाह का आर्थिक साम्राज्य फैला हुआ था। उसकी हवेली में अक्सर पाक-पंजाब व सिंध क्षेत्र से आए किसानों व मध्यम दर्जे के ज़मीदारों की भीड़ लगी रहती थी।

एक दिलचस्प व दुखद पहलू अदब के क्षेत्र से भी जुड़ गया था। इसी गुमटी बाज़ार में अमृता प्रीतम का आवास भी था। अमृता किसी भी सूरत में लाहौर नहीं छोड़ना चाहती थीं। मगर उन्होंने एक बार अपने आवास की पहली मंज़िल से एक दहशतज़दा औरत पर वहशियाना हमले का भयावह मंज़र देख लिया तो उसी पल फैसला ले लिया कि वह ऐसे हैवानी माहौल में अब रह नहीं पाएंगी। इसके बाद उन्होंने अपने एक संबंधी की मदद से दिल्ली जाने वाली भीड़भरी रेल पकड़ ली और उसी रेल में उन्होंने एक फटे-पुराने कागज पर अपनी सर्वाधिक चर्चित नज़्म लिखी थी, 'अज आखां वारिस शाह नूं/कितों कब्रां विचों बोल'।

## सहज योग

# पूर्ण जागृत अवस्था जो पाते हैं वो ही परम है



मुंबई शहर में हम लोग बहुत जड़ हो गए हैं। रात दिन पैसों की उनकार, Election के झण्डे! इन सब चीजों में इतना चित्त उलझा रहता है। रात दिन यह पढ़ पढ़ कर और सुन सुनकर मनुष्य का चित्त ही नहीं जाता है वहां पर Enquiry ही नहीं है, खोज ही नहीं है! अरे हम क्यों जी रहे है!

हिन्दुओं में सुर-आसुरों की बात लिखी है। जो है सो है। जब आप positive की बात करेंगे तो Negative आपको दिखाना ही पड़ेगा कि ये positive है और ये Negative है जो धर्म और अधर्म की बात नहीं कर सकता वो हवाई बात है सिर्फ धर्म की बात करने से कैसे होगा? धर्म भी है और अधर्म भी है। उसकी पूरी सारी रेखा है, जो धर्म है वो अधर्म नहीं हो सकता, जो अधर्म है वो धर्म नहीं हो सकता। इसका Confussion कलियुग की वजह से कर दिया, लेकिन ऐसी बात नहीं है, जो Negative है Negative है जो positive है वो positive है। जो Negative चीज है उसको समझ लेना चाहिए। Negative का मतलब है मरी हुई, Dead sympathetic में बैठी हुई वो है, और उस Negative का असर बहुत ज्यादा उस जगह जब होता है जहां पर मनुष्य जड़ होता है। जैसे मुंबई शहर में हम लोग बहुत जड़ हो गए हैं। रात दिन पैसों की उनकार, Election के झण्डे! इन सब चीजों में इतना चित्त उलझा रहता है। रात दिन यह पढ़ पढ़ कर और सुन सुनकर मनुष्य का चित्त ही नहीं जाता है वहां पर Enquiry ही नहीं है, खोज ही नहीं है! अरे हम क्यों जी रहे है! क्या यही सब करने के लिए? उनके गुण्डे ने वहां मारा, उन्होंने जाकर उनकी बुराई करी, उन्होंने जाके उनको ऐसा किया। क्या यही सब करने के लिए हम संसार में आए हैं? मनुष्य का चयन गलत है। इस जड़ तत्व से बहुत बच कर रहिए लेकिन ये जड़ तत्व तो आपका अपना घिराव है। इसके अलावा भी collective subconscious है। जिसे कहना चाहिए परलोक। उससे भी उत्थान हो रहे हैं, वही उत्थान हमारे सहजयोग में सबसे ज्यादा हो रहे हैं। और जिस आदमी पर ऐसा कुछ हो गया हो उसके लिए बहुत कठिन हो जाता है कि वो सहजयोग में परमात्मा को पाए। इसमें दोष हमारा नहीं है। सच बात है इसमें हमारा कोई भी दोष नहीं। दोष न आपका है न हमारा है। थोड़ा आपके कर्मों का जरूर होगा नहीं तो आप ऐसी जगह क्यों गए जहां पर जाकर के आप पर ऐसा दोष लग गया? सतर्कता में स्वयं ही अपने आप होने वाला जीवन का विकास यही सहजयोग है। भूत-प्रेत Spirit, संत भी, इनसे आप परम नहीं पा सकते, वो मरे हुए लोग हैं। परम सिर्फ जिन्दा में ही आ सकता है, मरे हुए में गर जाता है तो क्यों वो यहां आ रहे हैं हमारे ऊपर में, वहां क्यों नहीं बैठते? जिन्दा होना चाहिए। आदमी जब तक जिन्दा नहीं होगा, सतर्क नहीं होगा, उसकी चेतना जब तक पूरी तरह से जागृत नहीं होगी तब तक उसके अन्दर सहजयोग नहीं उतर सकता पूर्ण जागृत अवस्था में जो चीज आप पाते हैं वो ही परम है। समाधि में लोग सोचते हैं कि आंखे ऊपर हो गई गुरु हो गए हम दो-दो घंटे बैठे हुए हैं। यह सहजयोग से नहीं होने वाला ये सब आपका Subconscious है जिसे कि मैं कहती हूं मृतलोक, जिसमें आप उतर रहे हैं। इसका कोई भी आपको चिरस्थायी फायदा नहीं है। जिस मनुष्य को परम पाना है उसको सोच लेना है कि जो मैं सतर्कता में, पूरी स्वतंत्रता में पाऊंगा वही मैं पाऊंगा।


प्रस्तुति : धीरज सिंह

## जीवन ऊर्जा

रामकृष्ण परमहंस : निधन- 16 अगस्त, 1886 देहावसान

### आपका जितना परीक्षण होगा, आपका अनुभव उतना ही ज्यादा होगा

संत रामकृष्ण परमहंस का जन्म 18 फ़रवरी 1836 को बंगाल प्रांत स्थित कामारपुकुर ग्राम में हुआ था। 16 अगस्त 1886 का सवेरा होने के कुछ ही वक्त पहले आनन्दघन विग्रह श्रीरामकृष्ण इस नश्वर देह को त्याग कर महासमाधि द्वारा स्व-स्वरुप में लीन हो गये।



कस्तूरी मृग उस गंध के स्रोत को खोजता रहता है, जबकि वो गंध स्वयं उसमें से आती हैं। फूल के खिलने से मधुमक्खियां बिन बुलाए आ जाती हैं। हमेशा भगवान से प्रार्थना करते रहें कि धन, नाम, और आराम जैसी क्षणिक चीजों के प्रति आपका लगाव हर दिन कम से कम होता जाये। आप बिना गोता लगाये मणि प्राप्त नहीं कर सकते।

भक्ति में डुबकी लगाकर और गहराई में जाकर ही ईश्वर को प्राप्त किया जा सकता है।प्रेम के माध्यम से त्याग और विवेक की भावना स्वाभाविक रूप से प्राप्त हो जाती है।

एक सांसारिक व्यक्ति जो पूरी ईमानदारी से ईश्वर के प्रति समर्पित नहीं है उसे अपने जीवन में ईश्वर से भी कोई उम्मीद नहीं रखनी चाहिये। भगवान की शरण लो। जिस तरह गंदे शीशे पर सूर्य का प्रकाश नहीं पड़ता, उसकी तरह गंदे मन-विचार वाले व्यक्ति पर ईश्वर के आशीर्वाद का प्रकाश नहीं पड़ता। सभी धर्म समान है। महत्वपूर्ण बात यह है कि छत पर पहुंचने के लिए आप पत्थर की सीढ़ियों से, लकड़ी की सीढ़ियों से, बांस की सीढ़ियों से या रस्सी से पहुंचा सकते हैं।

आप बांस के खंभे से भी चढ़ सकते हैं। ईश्वर को सभी रास्तों से महसूस किया जा सकता है।अगर एक बार गोता लगाने से तुम्हें मोती न मिले, तुम्हें ये निष्कर्ष नहीं निकालना चाहिए कि समुद्र में रत्न नहीं होते। जो व्यक्ति दूसरों की बिना किसी भी स्वार्थपूर्ण उद्देश्य से मदद करता है, वो असल में खुद के लिए अच्छे का निर्माण कर रहा होता है। भगवान हर जगह है और कण-कण में हैं, लेकिन वह एक आदमी में ही सबसे अधिक प्रकट होते है, इस स्थिति में भगवान के रूप में आदमी की सेवा ही भगवान की सबसे अच्छी पूजा है।

## सर्वसिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ बिजाना शाजापुर मध्य प्रदेश



# रावण के जन्म की कथा

(भाग 1)



जब श्रीराम अयोध्या में राज्य करने लगे तब एक दिन समस्त ऋषि-मुनि श्रीरघुनाथजी का अभिनन्दन करने के लिये अयोध्यापुरी में आये। श्रीरामचन्द्रजी ने उन सबका यथोचित सत्कार किया। वार्तालाप करते हुये अगस्त्य मुनि कहने लगे, युद्ध में आपने जो रावण का संहार किया, वह कोई बड़ी बात नहीं है, परन्तु द्वन्द युद्ध में लक्ष्मण के द्वारा इन्द्रजित का वध सबसे अधिक आश्चर्य की बात है। यह मायावी राक्षस युद्ध में सब प्राणियों के लिये अवध्य था। उनकी बात सुनकर रामचन्द्रजी को बड़ा आश्चर्य हुआ। वे बोले, मुनिवर रावण और कुम्भकर्ण भी तो महान पराक्रमी थे, फिर आप केवल इन्द्रजित मेघनाद की ही इतनी प्रशंसा क्यों करते हैं? महोदर, प्रहस्त, विरूपाक्ष भी कम वीर न थे।

इस पर अगस्त्य मुनि बोले, इस प्रश्न का उत्तर देने से पहले मैं तुम्हें रावण के जन्म, वर प्राप्ति आदि का विवरण सुनाता हूँ। ब्रह्मा जी के पुलस्त्य नामक पुत्र हुये थे जो उन्हीं के समान तेजस्वी और गुणवान थे। एक बार वे महगिरि पर तपस्या करने गये। वह स्थान अत्यन्त रमणीक था। इसलिये ऋषियों, नागों, राजर्षियों आदि की कन्याएँ वहाँ क्रीड़ा करने आ जाती थीं। इससे उनकी तपस्या में विघ्न पड़ता था। उन्होंने उन्हें वहाँ आने से मना किया। जब वे नहीं मानीं तो उन्होंने शाप दे दिया कि कल से जो लड़की यहाँ मुझे दिखाई देगी, वह गर्भवती हो जायेगी। शैष सब कन्याओं ने तो वहाँ आना बन्द कर दिया, परन्तु राजर्षि तृणबिन्दु की कन्या शाप की बात से अनजान होने के कारण उस आश्रम में आ गई और महर्षि के दृष्टि पड़ते ही गर्भवती हो गई। जब तृणबिन्दु को यह बात मालूम हुई तो उन्होंने अपने कन्या को पत्नी के रूप में महर्षि को अर्पित कर दिया। इस प्रकार विश्रवा का जन्म हुआ जो अपने पिता के समान वेद्विद और धर्मात्मा हुआ। महामुनि भरद्वाज ने अपनी कन्या का विवाह विश्रवा से कर दिया। उनके वैश्रवण नामक पुत्र हुआ। वह भी धर्मात्मा और विद्वान था। उसने भारी तपस्या करके ब्रह्मा जी को प्रसन्न किया और यम, इन्द्र तथा वरुण के सदृश लोकपाल का पद पाया। फिर उसने त्रिकूट पर्वत पर बसी लंका को अपना निवास स्थान बनाया और राक्षसों पर राज्य करने लगा। श्रीराम ने आश्चर्य से पूछा, तो क्या कुबेर और रावण से भी पहले लंका में माँसभक्षी राक्षस रहते थे?

फिर उनका पूर्वज कौन था? यह सुनने के लिये मुझे कौतूहल हो रहा है? तब अगस्त्य जी बोले, पूर्वकाल में ब्रह्मा जी ने अनेक जल जन्तु बनाये और उनसे समुद्र के जल की रक्षा करने के लिये कहा। (क्रमशः)



पंडित कैलाशचंद्र शर्मा
वैदिक सनातन संस्कृति के प्रचारक व सर्व सिद्ध श्री बगलामुखी तारा महाशक्ति पीठ के संस्थापक।
मो. नं. 9425980556

## प्रेरक प्रसंग

### खुश रहने का रहस्य

एक दिन एक संत काफी प्रसन्न होकर सबसे बात कर रहे थे। उनका चेहरा हमेशा प्रसन्न भाव से भरा दिखता था। दुखा राम को उस संत की प्रसन्नता देखकर रहा नहीं गया। एक दिन उसने संत को कहा की मेरे पास सुख-सुविधा के भरपूर साधन हैं। फिर भी मैं खुद को खुश महसूस नहीं कर पाता। आप का राज क्या है, आप इतने कैसे प्रसन्न रहते है? कृपया मुझे इसका राज बतायें।

संत ने कुछ लिखकर दुखा राम को देते हुए कहा, इसे घर जाकर ही आप खोलना। यही प्रसन्नता और सुख का रहस्य है। वह घर पहुंचे और बड़ी उत्सुकता से उस कागज को उसने धीरे धीरे खोला। उस पर लिखा था जहां शांति और संतोष की मात्रा अधिक होती है, वहां प्रसन्नता खुद अपने आप जीवन में अपने आप आती है ।

इसलिये सुख और प्रसन्नता के पीछे भागने के बदले जो है उसमें संतुष्ट रहना सिख लेता है वह खुश रहता है।

जीवन में जो व्यक्ति संतुष्ट रहता है वह पैसा भले कम कमाए, सुख सुविधा भी पर्याप्त न होना फिर भी वह अपने खुद को खुशनसीब समझता है। संतोष ही सबसे बड़ा धन है।

### 'कर्तव्य'

एक समय की बात है। एक नदी में एक महात्मा स्नान कर रहे थे। तभी एक बिच्छू जो पानी में डूब रहा था, उसे बचाते हुए बिच्छु ने महात्मा को डंक मार दिया। महात्मा ने उसे कई बार बचाने की कोशिश की। बिच्छू ने उन्हें बार-बार डंक मारा। अंततः महात्मा ने उसे बचाकर नदी के किनारे रख दिया। थोड़ी दूर खड़े यह सब महात्मा के शिष्य देख रहे थे । जैसे ही वे नदी से बाहर आये तो शिष्यों ने पूछा कि जब वह बिच्छू आपको बार-बार डंक मार रहा था तो आपको उसे बचाने की क्या आवश्यकता थी।

तब महात्मा ने कहा-बिच्छू एक छोटा जीव है, उसका कर्म काटना है, जब वह अपना कर्तव्य नहीं भूला, तो मैं मनुष्य हूँ मेरा कर्तव्य दया करना है तो मैं अपना कर्तव्य कैसे भूल सकता हूँ।

यह अखबार "माध्यम कार्पोरेट सर्विसेज लि. " के लिए प्रकाशक, मुद्रक एवं संपादक अरुणलाल द्वारा ग्राउंड फ्लोर, ऑफिस नं. 2, के. के. चैम्बर्स, पुरुषोत्तमदास ठाकरदास रोड, फोर्ट, मुंबई- 400001 से प्रकाशित एवं सोमानी प्रिंटिंग प्रेस, गाला नं. 4, एन.के.इंडस्ट्रियल इस्टेट, इनसाइड प्रवासी इंडिस्ट्रयल इस्टेट गेट नं. 2, गोरेगांव पू., मुंबई-63 से मुद्रित। फोन नं. 022-66555719 ईमेल : indiagroundreport@gmail.com कार्यकारी संपादक : राजा आदाटे (पी.आर.बी. अधिनियम के अंतर्गत खबरों के चयन के लिए जिम्मेदार)।

## कविता

### रुनु महांति

**अनुवाद : शंकरलाल पुरोहित**

प्रेमिका
जिस राह पर वह चलती है
वहाँ अनेकों की आँख फिरती है।
अनेक अकर्म शिला फेंक कर
एक मोती
प्रेमिक हाथ की मुट्ठी में रखती ।

प्रेम एक साधना, कोई खेलघर नहीं
प्रेमिका एक मयूरकंठी साड़ी,
पटवस्त्र नहीं।
जैसा वह हीरे का टुकड़ा
हजार गलमालाओं में
वह निःसंगता का मंत्र पढ़ती।
नदी गढ़े, सागर गढ़े
भूगर्भ से खुल आए बन्या में।

रवि अस्तमित के समय भी वह झटकी
ऊँची भूमि को जाए
अमृत पीए - विष भी पीए।
पिछली जमीन उड़ाने
त्रिवेणी घाट पर डुबकी लगाए।
पेड़-पौधे में बह जाए
जैसे वह धीर पवन है।

वह कितनी सीधी है, सुबह की धूप की तरह
वह कितनी चंचल
जैसे साँझ की बदली, सागर की लहर।
रंगमय उसकी सत्ता,
पुरुष दहल जाएगा
उसकी कटाक्ष एक ऊँचाई की बाड़।

## ग़ज़ल

### तुझ से कहें

**अहमद फ़राज़**



दुख फ़साना नहीं कि तुझ से कहें
दिल भी माना नहीं कि तुझ से कहें

आज तक अपनी बेकली का सबब
ख़ुद भी जाना नहीं कि तुझ से कहें

बे-तरह हाल-ए-दिल है और तुझ से
दोस्ताना नहीं कि तुझ से कहें

एक तू हर्फ़-ए-आश्ना था मगर
अब ज़माना नहीं कि तुझ से कहें


क़ासिदा हम फ़क़ीर लोगों का
इक ठिकाना नहीं कि तुझ से कहें


ऐ ख़ुदा दर्द-ए-दिल है बख़्शिश-ए-दोस्त
आब-ओ-दाना नहीं कि तुझ से कहें

अब तो अपना भी उस गली में 'फ़राज़'
आना जाना नहीं कि तुझ से कहें

## कहानी

# खेल





**शशिभूषण द्विवेदी**

'अजमेर शरीफ के नाम पर दे दे बाबा... अल्लाह तुझको बरकत देगा...।' दुमंजिले फ्लैट के नीचे से यह आवाज बार-बार मेरे कानों में गूँज रही थी। इस आवाज में भिखारियों सरीखी मुफलिसी नहीं थी। एक अधिकार था... एक मौज थी। शहर में इन दिनों यह चर्चा गर्म थी कि अजमेर शरीफ के नाम पर चंदा माँगने वालों का पूरा का पूरा एक दस्ता ही इधर आया हुआ है। ये लोग तरह-तरह के जादू दिखाते, लोगों की घरेलू, शारीरिक और मानसिक परेशानियों का जिक्र करते और बड़ी आसानी से ठग कर ले जाते। यह भी सुनने में आया कि घर में अकेली औरत पाकर उन्हें लूटपाट और बलात्कार से भी कोई संकोच नहीं था। हालाँकि ये सब उड़ती-उड़ती सी बातें थीं जो इस छोटे शहर में अक्सर सुनाई देती थीं। इन बातों की खासियत यह थी कि लूटपाट और हत्या के साथ-साथ बलात्कारवाला खंड उड़ते-उड़ते काफी रसीला हो जाया करता था। यद्यपि अभी तक इन बातों की प्रामाणिकता संदिग्ध थी, फिर भी बातें थीं कि निरंतर उड़ती ही रहतीं। उस दिन मैं घर पर अकेला था। लगातार टीवी देखते थोड़ी ऊब भी होने लगी थी, सो चाहे-अनचाहे खिड़की से झाँककर देख ही लिया। और फिर जो दिखाई दिया, उस पर हँसी भी आई। एक दुबला-पतला मरियल-सा नौजवान अपनी घनी काली मूँछों पर हाथ फेरते हुए दहाड़ रहा था - 'अजमेर शरीफ के नाम पर दे दे बाबा।'

मैं सोचने लगा कि ये क्या किसी को ठगेगा या लूटेगा। देखने में तो यह खुद ही लुटा-पिटा लग रहा था। फटेहाल, काला-सा एक चोगा, सिर पर सफेद नमाजी टोपी, गले में अनगिन मोतियों की माला और हाथ में एक झाड़नुमा-सी कोई चीज... कुल मिलाकर यही उसका रूप था जो पहली नजर में मैंने देखा। एक तो इस वक्त मैं अपने अकेलेपन से ऊबा था, दूसरा रहस्य-रोमांच-भरे उन जादुई किस्सों का आकर्षण भी मुझे खींच रहा था जो अक्सर शहर की गलियों में सुनने को मिल जाते थे। सो मौका ताड़कर मैंने पूरी खिड़की खोल दी और झाँककर बाहर देखने लगा। आवाज सुनते ही उस नौजवान ने सिर ऊपर उठाया और मुझे देखकर बड़ी वीभत्स हँसी हँसने लगा। मुझे थोड़ा अटपटा लगा। मगर इतने में उसने तीन-चार बार अपनी झाड़ ऊपर घुमाई और आँखें बंद करके मेरी ओर कर दी। मैं भ्रम में पड़ गया कि ये क्या हो रहा है...? खैर, जब तक मैं कुछ सोचता वह दनादन ऊपर सीढ़ियाँ चढ़ने लगा। न चाहकर भी मुझे दरवाजा खोलना पड़ा। जिस अधिकार भाव से वह दरवाजे पर आकर बैठा, वह भी मेरे लिए कम आश्चर्यजनक नहीं था। मैंने उसे ध्यान से देखा... उसकी लाल-लाल आँखें बड़ी भयानक मालूम दे रही थीं। पान सने काले दाँत जब खुले तब असहनीय बदबू का एक झोंका कमरे के भीतर आ गया। मैं उसे देख ही रहा था कि उसने मुझे आदेश दे दिया - 'बैठ जा।' मैं आज्ञाकारी बालक की तरह चुपचाप बैठ गया। मेरी आँखें उसकी आँखों में थीं और उसकी आँखें मेरी आँखों में। हम एक-दूसरे को न हार माननेवाले अंदाज में देख रहे थे। इस बीच उसने मुझसे मेरा नाम पूछा। मैं झूठ बोल गया। मैंने कहा, 'हुसैन!' वो फिर हँसा और बोला, 'नाम तो अच्छा है पर काम अच्छा नहीं है।' मुझे प्रभावित करने के लिए उसने तमाम तरीके अपनाए। मेरी दानवीरता, बड़प्पन और महानता की जाने कितनी बातें वह एक साँस में बोल गया। मैं भी तब बड़ी मुश्किल से अपनी हँसी रोकने में कामयाब हो रहा था। कारण - एक के बाद एक झूठ मैं बोलता जा रहा था और वह मेरे उज्ज्वल भविष्य की तमाम बातें दीवार पर लिखी इबारत की तरह बाँच जाता। इस पूरे खेल में मैं उसे बेवकूफ बना रहा था या वो मुझे... कहना जरा मुश्किल है, लेकिन तब तक निश्चित रूप से हार-जीत किसी की नहीं हुई थी। लेकिन थोड़ी ही देर बाद भेद खुल गया। मुझे इस बात का तनिक भी आभास नहीं था कि दरवाजे के सामने ही दीवार पर दुर्गाजी का एक कलैंडर टँगा है। कलैंडर देखते ही उसने लाल-पीली आँखें तरेरते हुए मुझे देखा - 'मुझसे झूठ बोलता है... सूफी फकीर से झूठ बोलता है... नालायक।' मैं एकबारगी हक्का-बक्का... ये क्या हुआ? इतने में उसने दूसरा बाउंसर फेंका। फर्श से थोड़ी मिट्टी उठाकर माथे से लगाई और कुछ बुदबुदाने लगा। मैं अभी पुराने झटके से ही नहीं उबरा था कि उसने मिट्टीवाला हाथ जोर से जमीन पर दे मारा। मुट्ठी खोली तो उसमें दुर्गाजी की एक मूर्ति थी। वह बड़े जोर से हँसा और बोला, 'तू हिंदू है... मुसलमान नहीं... तू झूठ बोलता है।' अब मैं समझ चुका था कि मेरा दाँव गलत पड़ा है। सचमुच मैं हिंदू ही हूँ... इस बात का अहसास मुझे उसकी मुट्ठी से निकली दुर्गा जी की मूर्ति से हुआ। मगर मैं भी कहाँ हार माननेवाला था। बोला, 'बाबा, शायद आपको कुछ गलतफहमी हुई है। मेरा नाम तो उमेश है, आपने शायद हुसैन समझ लिया।'

मेरे इस जवाब से शायद वह कुछ संतुष्ट हुआ। फिर एक लंबी साँस छोड़ी और गंभीरता से बोला, 'हूँ... पहले एक गिलास पानी पिला बच्चा...।' मैं उसे जल्दी छोड़ने के मूड में नहीं था इसलिए उठा और एक गिलास पानी ले आया। पानी पीकर वह बोला, 'फ्रिज का पानी नहीं था क्या?' उसके इस प्रश्न में मुझे छिपा हुआ व्यंग्य भी नजर आया। सचमुच उस समय तक हमारे यहाँ फ्रिज नहीं था। मैंने लाज छुपाने की गरज से कहा कि, 'नहीं, फ्रिज खराब पड़ा है।' इस पर वह मुस्कराया। उसकी इस मुस्कराहट ने मुझे अंदर तक चिढ़ा दिया। मन तो हुआ कि साले के मुँह पर एक तमाचा लगा दूँ और पूछूँ कि फकीरों को कब से फ्रिज के पानी की लत पड़ गई। मगर मैंने ऐसा कुछ नहीं किया। अब तक मैं उसकी आँखों से भी कुछ-कुछ डरने लगा था, फिर भी हारने को कतई तैयार नहीं था। अपनी वैज्ञानिक सोच और पढ़े-लिखे होने का दंभ मुझे ऐसा करने भी नहीं देता। खैर, पानी पिलाकर मैं चुपचाप उसके पास बैठ गया।

अब उसकी बातचीत का अंदाज भी बदल चुका था। पहले जहाँ वह भरसक उर्दू का प्रयोग कर रहा था और खुदा और पैगंबर की दुहाई दे रहा था वहाँ अब 'उमेश' नाम के प्रभाव से उसकी जुबान पर हिंदू देवी-देवताओं को काबिज कर दिया था। मैं एकाएक उसके व्यवहार परिवर्तन से चौंका तो जरूर मगर फिर मुझे इस खेल में मजा भी आने लगा।

'फकीर अजमेर शरीफ से आया है। बाबा अजमेर शरीफ का प्रसाद अगर मिल जाए तो बड़ों-बड़ों की किस्मत का ताला खुल जाता है। बोल बाबा का प्रसाद लेगा?' मैं चुप रहा। यह खबीस अब जाने क्या देनेवाला है। फिर सोचा देखने में क्या हर्ज है। इतने में उसने अपना सवाल फिर दोहराया। मैंने कहा, 'हूँ...' तो बोला, 'हूँ नहीं, बोल बाबा का प्रसाद लूँगा।' मैंने भी उसकी इबारत दुहरा दी। इधर मैं उसकी इबारत दुहरा ही रहा था कि वह हँसा, 'अक्कल अच्छी है मगर कभी-कभी बुद्धू बन जाता है। ठीक है, ले बाबा का प्रसाद ले... चमत्कार होगा।' चमत्कार हम हिंदुस्तानियों की कमजोरी है। अच्छे-खासे लोग भी इस चमत्कार के चक्कर में बड़े-बड़े पापड़ बेलते देखे गए हैं। मैं तो एक अदना-सा इनसान था। सो वह जैसा कहता गया, मैं करता गया। भीतर से यही एक संतोष था कि अभी तक बेवकूफ नहीं बना हूँ। वह लगातार चमत्कार पे चमत्कार कर रहा था और मैं उसे देख रहा था। अब भी उसकी आँखें मेरी आँखों को छेद रही थीं। उन आँखों के लाल-लाल डोरे शराब की मस्ती में मस्त थे। घात-प्रतिघात दोनों तरफ से हो रहे थे और हारने को कोई तैयार नहीं था। उसने इस बीच मेरी कुछ व्यक्तिगत परेशानियों का भी जिक्र किया, हालाँकि उसकी बातें अस्पष्ट थीं फिर भी मुझे चौंकाने के लिए उसमें काफी कुछ था। लग रहा था कि जैसे उसने मेरी कमजोर नस पकड़ ली है। वह धीरे-धीरे उस नस को दबाता और बड़ी आसानी से मैं उसकी गिरफ्त में आ जाता। उसने हवा में एक हाथ घुमाया और एक मोती मेरी हथेली पर रखकर मुट्ठी बंद कर दी। बोला, 'जा तेरी जेब में सौ का एक नोट है, इसे उसमें हल्दी के साथ लपेटकर जल्दी से लेकर आ... फिर देख बाबा का कमाल...।' मैंने मोती मुट्ठी में बंद कर लिया और कमरे के भीतर आ गया। पर्स में सौ का एक नोट निकला और उसे हल्दी के साथ लपेटकर बाहर आ गया। अब तक मेरे मन में कई योजनाएँ पक चुकी थीं। मैंने सोचा कि अगर वह नोट छीनना भी चाहेगा तो यह उसके बस का नहीं होगा और अपने आप तो सौ का नोट मैं इसे देने से रहा। खैर... इस बीच आत्मरक्षा के भी कई उपाय मैंने कर लिए थे। मसलन आलमारी से चाकू निकालकर जेब में डाल लिया था और एक डंडा निकालकर दरवाजे के पीछे छिपा दिया था। हालाँकि इस बीच किसी चमत्कार की क्षीण-सी आशा भी मेरे मन में थी - इसे कैसे छिपाऊँ? संस्कारवश साधु-संतों व फकीरों के प्रति मन में इतना अविश्वास भी नहीं था। सो हर तरह से अपना बचाव करते हुए मैं नोट लेकर उसके सामने आया। उसने नोट लिया और जोर से हँसा। यह हँसना कम था, कुंभकर्णी ठहाका ज्यादा था। ठहाका लगाते ही उसने अपना हाथ जोर से जमीन पर पटका। हाथ में लिया नोट सचमुच गायब हो चुका था। अब उसकी जगह एक ताबीज शेष रह गया था। मेरी तो जैसे साँस ही रुक गई। बुद्धि ने काम करना बंद कर दिया। इस बीच वह फकीर आँखें बंद कर दुआएँ पढ़ रहा था और मेरे मन में अपने रुपयों को लेकर घमासान मचा हुआ था। क्षण भर में दो-तीन योजनाएँ मन में कौंध गईं और मैं सतर्क हो गया। इतने में उसने आँखें खोलीं और खीस निपोरता हुआ बोला, 'जा बाबा ने तेरा काम पक्का कर दिया। महीने की पंद्रह तारीख तक तेरे पाँचों काम पूरे हो जाएँगे।' मैं कुछ समझा, कुछ नहीं क्योंकि अब भी मेरे दिमाग में अपने सौ रुपये के नोट को लेकर उथल-पुथल मची हुई थी। मैंने तुरंत झपटकर उसका झोला उठा लिया और तैश में आकर बोला, 'नाटक मत करो अब बहुत हो चुका। मेरे सौ रुपये वापस करते हो कि नहीं...'

इतना सुनना था कि उसकी आँखों के लाल-लाल डोरे और लाल हो गए। 'अरे बदजात! बाबा ने तेरा काम पक्का कर दिया है। पैसा तो हाथ का मैल होता है। मैं तो उसे बाल बराबर भी नहीं समझता।' वह लगातार बक रहा था और अश्लील गालियाँ दे रहा था। इधर मेरी जुबान पर सिर्फ एक बात थी कि मेरे पैसे वापस करते हो कि नहीं। अभी तक जो चीज मेरे लिए महज एक खेल थी, वह अचानक मेरी अस्मिता का प्रश्न बन चुकी थी। मैं तैयार था कि अगर उसने कुछ गड़बड़ की तो मैं दरवाजे के पीछे छिपा अपना डंडा उठा लूँगा। अब सोचता हूँ तो लगता है कि इन सारी बौद्धिक क्रियाओं के पीछे मेरी राजनीति ही काम कर रही थी। आखिर जीतना मुझे ही था और इसके लिए मैं किसी भी सीमा तक जा सकता था। शायद वह मेरे इस खेल को समझ गया था इसलिए उसने एक अंतिम दाँव खेला। ताबीज मेरे हाथ से लेकर एक बार फिर हवा में हाथ घुमाया और मेरा नोट मेरे हाथ पर रख दिया। मेरी जान में जान आई, मगर खेल अभी खत्म नहीं हुआ था। बाबा अजमेर शरीफ की दुहाई अब भी जारी थी। बीच-बीच में लक्ष्मी, दुर्गा या जय श्रीराम का उद्घोष भी हो जाता। अब वह सौ रुपये से उतरकर पचास पर आ गया और अजमेर शरीफ पर चादर चढ़ाने की बात करने लगा। जय श्रीराम के उद्घोष के बीच बाबा अजमेर शरीफ का सांप्रदायीकरण करने पर भी वह तुल गया था। मगर मैं उसकी किसी भी दलील से नहीं पसीजा। आखिर उसने विशुद्ध व्यावसायिक तरीके से सौदेबाजी भी शुरू कर दी। जैसे-जैसे रेट गिरते उसके चेहरे के भाव भी बदलते जाते। अब उसमें पहले की तरह आक्रामकता नहीं थी, एक दयनीय याचना थी। इस याचना में छिपे अर्थशास्त्र को भी अब मैं समझने लगा था। दो भिन्न अर्थशास्त्रों के अंतःसंघर्ष अपनी अंतिम परिणति पर पहुँचते, इससे पहले ही एक ने हार मान ली और बड़प्पन दिखाते हुए उठ खड़ा हुआ। अब बाजी मेरे हाथ में थी। यही एक मौका था जब मैं अपनी दयालुता और दानवीरता का सार्वजनिक प्रदर्शन कर सकता था। मैंने झट अपनी जेब में हाथ डाला और पाँच का नोट उसके हाथ पर रखते हुए बोला, 'बाबा अजमेर शरीफ के नाम...।'

उसने एक फीकी मुस्कान के साथ नोट मेरे हाथ से ले लिया और जल्दी-जल्दी सीढ़ियाँ उतरने लगा। मैं फिर अपने कमरे में आकर टीवी से चिपक गया। फ्लैट के नीचे से अब भी वही अधिकारभरी मौजूँ आवाज आ रही थी, 'अजमेर शरीफ के नाम पर दे दे बाबा... अल्लाह तुझको बरकत देगा...।'

## विजयदान देथा | लघुकथा

# विचित्र अधिकार

एक महात्मा फेरी पर जा रहे थे। एक नवेली बहू ने न तो उन्हें दक्षिणा में आटा डाला और न उन्हें रोटियाँ ही दीं। महात्मा को काफी गुस्सा आया। उनकी ऐसी शान तो पहली बार ही बिगड़ी। रास्ते भर उसे कोसते हुए, बुरा-भला कहते हुए बड़बड़ाते जा रहे थे कि सर पर लकड़ियों की भारी उठाए बहू की सास मिल गई। उसे रोककर कहने लगे, कैसी कुलच्छनी बहू लाई हो जो हाथ की बजाए संतों को मुँह से उत्तर दे। क्या एक अंजलि भर आटे व एक रोटी से भी साधु सस्ता हो गया? महात्मा के भेख में एक कुत्ते जितनी भी इज्जत नहीं रखी। मुँह के सामने ही साफ मना कर दिया कि मुफ्तखोर साधुओं को देने के लिए आटा नहीं पीसा। अब तो घर-घर बहुओं का राज होने लगा है। थोड़े दिन बाद तो खुद भगवान भी भूखे मरने लगेंगे। महात्मा की बात सुनकर सास आगबबूला हो गई। अविश्वास के भाव से पूछा, सच कह रहे हैं? नहीं तो क्या झूठ बोल रहा हूँ। लगता है अब इन बहुओं के कारण हमें भी झूठ सीखना पड़ेगा। फिर तो यह दुनिया जीने के काबिल नहीं रहेगी। नहीं महाराज, आप अपने मुँह से ऐसी बात न करें, सुनने से ही पाप लगता है। चलिए मेर साथ। बड़ी आई नवाबजादी, जीभ न खींच लूँ तो मेरे नाम पर जूती। खड़े-खड़े देख क्या रहे हैं, चलिए न मेरे साथ। महात्मा ने सास का यह रंग-ढंग देखा तो बड़े प्रसन्न हुए। बार-बार मना करने पर उसके सर की भारी अपने कंधे पर धरने के बाद ही वे उसके पीछे-पीछे चले। सास गुस्से में तेज चलती हुई बहू को दनादन गालियाँ निकाल रही थी। सुनकर महात्मा को भी अचरज हुआ कि इत्ती गालियाँ तो वे भी नहीं जानते। पर मन-ही-मन बड़े खुश थे कि सास-बहू के झगड़े में उनके पौ-बारह हो जाने हैं। लकड़ियों का भारी बोझ उन्हें फूलों की डलिया जैसा हल्का लगा और उधर भार उतरने से सास का मुँह और ज्यादा खुल गया था। घर पहुँचते ही महात्मा जी से भारी लेकर वह दनदनाती अंदर पहुँची। गले की पूरी ताकत से बहू को झिड़कते हुए उसने अंत में पूछा, बोल तूने, सचमुच महात्मा जी को मना किया? बहू ने धीमे से अपराधी के नाईं हामी भरी। सास की आँच और तेज हो गई, बेशऊर कहीं की! तेरी इतनी हिम्मत कि मेरे रहते तू मना करे? महात्मा मन ही मन सोचने लगे कि आज तो यह झोली छोटी पड़ जाएगी। बड़ी लाते तो अच्छा रहता। उन्हें क्या पता कि सास इतनी भली है! उबलती हाँडी के ढक्कन के तरह फदफदाते सास बाहर आई। पर खाली हाथ। गुस्से के उसी लहजे में बोली, भला आप ही बताइए, मेरे रहते वह मना करनेवाली कौन होती है? मरने के बाद भी उसकी ऐसी हिम्मत क्या हो जाए! मना करूँगी तो मैं करूँगी। यूँ मुँह बाए क्यूँ खड़े हैं? हाथ-पाँव हिलाते मौत आती है! खबरदार कभी इधर मुँह किया तो। इस घर की मालकिन हूँ तो मैं हूँ, एक बार नहीं सौ बार मना करूँगी। फौरन, अपना काला मुँह करिए यहाँ से। बेकार झिकझिक करने की मुझे फुरसत नहीं है। बेचारे महात्मा ने डरते-सहमते अपने सर पर हाथ फेरा। सचमुच, लकड़ियों का गट्ठर तो सास उतार ले गई थी, फिर यह असह्य बोझ काहे का है? उनके पाँव मानो धरती से चिपक गए हों।

## राशिफल

**प्रियंका जैन**

**मेष** — वाणी पर नियंत्रण रखें। स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। विवेक से कार्य करें। शेयर मार्केट व म्युचुअल फंड से लाभ होगा। स्थायी संपत्ति के कार्य बड़ा लाभ दे सकते हैं। रोजगार प्राप्ति के प्रयास सफल रहेंगे। यात्रा मनोरंजक

**वृष** — पार्टी व पिकनिक का कार्यक्रम बनेगा। मनोरंजन का समय मिलेगा। रचनात्मक कार्य सफल रहेंगे। मनपसंद भोजन का आनंद मिलेगा। कारोबारी वृद्धि की योजना बनेगी। जोखिम व जमानत के कार्य टालें। समय की अनुकूलता रहेगी।

**मिथुन** — बुरी खबर प्राप्त हो सकती है। दौड़धूप अधिक होगी। वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। कीमती वस्तुएं संभालकर रखें। काम में मन नहीं लगेगा। बाहर जाने की योजना बनेगी। मित्रों का सहयोग प्राप्त होगा।

**कर्क** — थकान व कमजोरी रह सकती है। खान-पान पर ध्यान दें। घर-परिवार की चिंता बनी रहेगी। उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। किसी प्रभावशाली व्यक्ति का मार्गदर्शन व सहयोग प्राप्त होगा। मित्रों की सहायता करने का मौका मिलेगा।

**सिंह** — विवाद को बढ़ावा न दें। हल्की हंसी-मजाक करने से बचें। उत्साहवर्धक सूचना प्राप्त होगी। आत्मसम्मान बनेगा। भूले-बिसरे साथियों से मुलाकात होगी। नए मित्र बनेंगे। कोई बड़ा कार्य करने की इच्छा जागृत होगी।

**कन्या** — उन्नति के मार्ग प्रशस्त होंगे। यात्रा मनोरंजक रहेगी। नवीन वस्त्राभूषण की प्राप्ति पर व्यय होगा। व्यापार लाभदायक रहेगा। कोई बड़ा कार्य होने से प्रसन्नता रहेगी। दूसरों के काम में दखल न दें। मित्रों के साथ समय मनोरंजक व्यतीत

**तुला** — स्वास्थ्य का पाया कमजोर रहेगा। विवाद को बढ़ावा न दें। बनते काम बिगड़ सकते हैं। तनाव रहेगा। व्यापार ठीक चलेगा। यात्रा में विशेष सावधानी रखें। किसी भी व्यक्ति के उकसाने में न आएं। मित्रों का सहयोग प्राप्त होगा।

**वृश्चिक** — दूर से अच्छे समाचार प्राप्त होंगे। जीवनसाथी से सहयोग मिलेगा। डूबी हुई रकम प्राप्त हो सकती है, प्रयास करें। यात्रा मनोरंजक रहेगी। सामाजिक कार्य करने की इच्छा जागृत होगी। व्यापार ठीक चलेगा।

**धनु** — लेन-देन में जल्दबाजी न करें। समय अनुकूल है। कोई आवश्यक वस्तु समय पर नहीं मिलने से खिन्नता रहेगी। योजना फलीभूत होगी। कार्यस्थल पर परिवर्तन हो सकता है। मित्रों के साथ समय मनोरंजक बीतेगा। धर्म-कर्म में रुचि रहेगी।

**मकर** — वाणी में हल्के शब्दों के प्रयोग से बचें। कानूनी अड़चन दूर होगी। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। यात्रा मनोरंजक रहेगी। मनोरंजन के साधन प्राप्त होंगे। तीर्थदर्शन की योजना बनेगी। घर-बाहर प्रसन्नता रहेगी। परिवार के साथ रहने का अवसर प्राप्त होगा। लाभ होगा।


**कुंभ** — मित्रों तथा रिश्तेदारों का सहयोग मिलेगा। प्रसन्नता रहेगी। मनोरंजन होगा। चोट व दुर्घटना से हानि संभव है। जल्दबाजी व लापरवाही भारी पड़ सकती है। स्वास्थ्य कमजोर रहेगा। हल्की हंसी-मजाक न करें। विवाद हो सकता है।

**मीन** — बुद्धि का प्रयोग किसी भी समस्या का निवारण कर सकता है, यह याद रखें। किसी प्रभावशाली व्यक्ति का मार्गदर्शन व सहयोग प्राप्त होगा। लाभ के अवसर हाथ आएंगे। मित्रों का सहयोग व साथ मिलेगा। भाइयों से मतभेद दूर होंगे।

# जन्म-कुंडली में हवाई-विदेश-यात्रा योग



1. जन्मकुंडली में शुक्र वारहवे भाव में स्वराशि या उच्च राशि विराजमान होने पर विदेश यात्रा का योग बनाते है।
2. आचार्य आनंद जालान के अनुसार जन्मकुंडली के नवम भाव का स्वामी बारहवे भाव में बारहवे भाव का स्वामी नवम में परिवर्तन कर ले तो विदेश यात्रा होगी।
3. जन्मकुंडली में लग्नेश बलवान होकर नवम में विराजमान हो, अंश बली हो तो विदेश यात्रा होती है।
4. कर्क लग्न की जन्मकुंडली में बारहवे भाव में राहु हो,नवम भाव का स्वामी, नवम -पंचम -अथवा केंद्र में हो, तो विदेश यात्रा का योग बनाते हैं।
5. जन्मकुंडली के नवम का स्वामी दशम में,दशम का स्वामी नवम मे परिवर्तन में हो तो विदेश यात्रा होगी।
6. कुम्भ लग्न की जन्मकुंडली में शनि लग्न में हो नवम का स्वामी दशम में हो तो विदेश यात्रा का योग बनता है।
7. जन्मकुंडली में नवम भाव में शुक्र हो नवम भाव का स्वामी दशम में लग्नेश ग्यारहवे भाव में विद्यमान हो तो विदेश यात्रा का योग बनता है।
8. जन्मकुंडली में लग्नेश केंद्र में बारहवें भाव में मंगल उच्च राशि मकर में विराजमान हो तो विदेश यात्रा होगी।
9. जन्मकुंडली के नवम एवं बारहवे भाव का स्वामी चर राशि अर्थात मेष, कर्क, तुला, मकर में हो, तो विदेश यात्रा का योग बनेगा।
10. जन्मकुंडली में लग्न का स्वामी नवम में, नवम का स्वामी लग्न में विद्यमान हो तो विदेश यात्रा होती है।
11. जन्मकुंडली के शनि बारहवे भाव मे अपनी उच्च राशि तुला मे विद्यमान होने पर विदेश यात्रा अवश्य कराते है।



**प्रियंका जैन**
9769994439

कुंडली विश्लेषण और ज्योतिष सम्बंधित समस्या के निवारण, अभिमन्त्रिक रत्न, हर एक तरह की असली माला, नव ग्रह शांति और सभी दोषों की शांति की पूजा आदि के लिए कॉल या व्हाट्सअप से संपर्क करें।

## खबर संक्षेप

### पटना के गर्ल्स हॉस्टल में महिला ने किया सुसाइड

पटना। पटना के सुहानी गर्ल्स हॉस्टल में एक महिला ने सुसाइड कर लिया। मृतक की पहचान सविता के रुप में हुई है। वो मुजफ्फरपुर की रहने वाली थी। यह घटना राजधानी पटना के कोतवाली थाना क्षेत्र के नागेश्वर कॉलोनी से जुड़ा है।सविता नागेश्वर कॉलोनी में हॉस्टल में साफ-सफाई का काम करती थी और इस हॉस्टल में रहती थी। पति जब आज काम से लौटा तो सविता ने कमरा अंदर से बंद कर रखा था। काफी देर तक आवाज लगाने के बाद भी जब अंदर से दरवाजा नहीं खुला तो उसने इसकी सूचना पुलिस को दे दी। मामले की सूचना मिलने पर पुलिस ने जब दरवाजा तोड़कर अंदर घुसी तो देखा की सविता की लाश दुपट्टे से लटक रही थी।

### बर्दवान में मिला आदिवासी युवती का गला कटा शव

पूर्व बर्दवान। बुधवार की देर रात बंगाल की लाखों महिलाएं सड़कों पर उतरी और आरजी कर की पीड़िता के लिए पूरी रात न्याय की मांग करती रहीं। इसी दौरान बर्दवान में एक आदिवासी युवती का गला कटा हुआ शव उसके घर से कुछ दूरी पर बरामद किया गया। पुलिस सूत्रों के अनुसार मृत युवती का नाम प्रियंका हांसदा था। वह काम के सिलसिले में बेंगलुरु में रहती थी। दो दिन पहले वह गांव लौटी थी। घटना के विरोध में आदिवासियों ने बर्दवान थाने का घेराव कर दोषियों को जल्द सजा देने की मांग की। गुरुवार दोपहर आदिवासी संगठनों की ओर से आयोजित विरोध प्रदर्शन आदिवासी महिला-पुरुषों ने भाग लिया।

### आग्नेयास्त्र के साथ युवक गिरफ्तार

सिलीगुड़ी। स्वतंत्रता दिवस के दिन गुरुवार दोपहर प्रधान नगर थाने की पुलिस ने आग्नेयास्त्र के साथ एक युवक को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार युवक का नाम शिव शंकर यादव है। वह मूल रूप से उत्तर प्रदेश का निवासी है। हालांकि काम के सिलसिले में वह सिलीगुड़ी में रहता है। सूत्रों के अनुसार, प्रधान नगर थाने की पुलिस को गुप्त सूचना मिली कि एक युवक को दार्जिलिंग मोर के पास आग्नेयास्त्र के साथ देखा गया है। सूचना पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए युवक को दार्जिलिंग मोड़ में पकड़ लिया। जब युवक की तलाशी ली तो उसके पास से एक जिंदा कारतूस और आग्नेयास्त्रबरामद हुआ। जिसके बाद पुलिस ने युवक को गिरफ्तार कर लिया। आरोपित युवक को शुक्रवार को सिलीगुड़ी अदालत में पेश किया जाएगा।

# 44.94 करोड़ की पहली किस्त जारी

## 4 माह बाद भी शुरू नहीं हुआ जेल का निर्माण

**एजेंसी । जौनपुर**

नए जिला कारागार के लिए 44.94 करोड़ की पहली किस्त अप्रैल में ही जारी हो गई है। चार माह बाद भी निर्माण कार्य शुरू नहीं हो सका। पीडब्ल्यूडी वाराणसी भवन खंड कार्यदाई संस्था है। नई जेल कुद्दूपुर समेत तीन गांवों में 100 बीघे में बनाई जानी है। जेल 179 करोड़ की लागत से तैयार होगा। इसका टेंडर भी जारी हो गया। बावजूद निर्माण नहीं शुरू हो सका।

### निर्माण के लिए वाराणसी में टेंडर भी जारी



लोकसभा चुनाव के बाद जेल निर्माण के लिए वाराणसी में टेंडर भी जारी कर दिया गया। कचहरी मार्ग पर आजादी से पहले जिला कारागार बनाया गया है। जेल में 320 बंदियों के रहने की क्षमता है जबकि यहां 973 बंदी रखे गए हैं। ऐसे में जिला प्रशासन की तरफ से लंबे समय से नई जेल की मांग की जा रही थी। प्रस्ताव भी भेजा गया था। इस पर अगस्त 2016 में काम शुरू हुआ। इसके लिए तीन गांव इंदरिया, कुद्दूपुर, रंजीतपुर में 23.70 हेक्टेयर (100 बीघा) भूमि तलाश की गई। इसके तहत अभी तक 12.470 हेक्टेयर भूमि खरीदी जा चुकी है। इसमें तीन कृषकों की .520 हेक्टेयर भूमि की रजिस्ट्री नहीं हुई है। इसमें 3.58 हेक्टेयर भूमि ग्रामसभा व 7.097 हेक्टेयर भूमि जूनियर हाईस्कूल कुद्दूपुर की है। भूमि अधिग्रहण को लेकर 45 करोड़ 73 लाख रुपये मिले थे। इसमें से 44 करोड़ 73 लाख रुपये का भुगतान हो चुका है। 99 लाख 40 हजार रुपये की धनराशि शेष है। 98 फीसदी काश्तकारों की भूमि रजिस्ट्री कराई जा चुकी है। 25 अक्तूबर 2021 को तहसीलदार सदर व उनकी टीम ने स्थल पर कब्जा करा लिया था।

> "नए जेल के निर्माण के लिए टेंडर प्रक्रिया पूरी की जा चुकी है। पहली किस्त पहले ही प्राप्त हो चुकी है। एक सप्ताह से 10 दिनों में काम को शुरू करा दिया जाएगा। -विवेकानंद, अधिशासी अभियंता, पीडब्ल्यूडी भवन खंड वाराणसी।

‘अब हम किसे बांधेंगे राखी...’

# रक्षाबंधन के पहले इकलौते भाई ने खुद को मारी गोली, बहनें बेसुध

**एजेंसी । आजमगढ़**



आजमगढ़ के बरदह थाना क्षेत्र के सरायमोहन गांव में डिप्रेशन के शिकार युवक ने गुरुवार की दोपहर खुद को गोली मारकर आत्महत्या कर ली। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। सरायमोहन गांव निवासी लवकुश राय (32) तीन बहनों का इकलौता भाई थी। तीनों बहनों की शादी हो चुकी है। वह घर पर अपनी पत्नी काजल और दो छोटे बच्चों के साथ रहता था।

**काफी डिप्रेशन में था मृतक**

कई दिनों से वह काफी डिप्रेशन में था और काफी मात्रा में शराब का सेवन करता था। पत्नी काजल द्वारा उसकी शराब को छुड़ाने के लिए उसकी दवा की जा रही थी। गुरुवार को दोपहर करीब डेढ़ बजे वह घर पहुंचा और खाना खाकर छत के ऊपर बने टिनशेड के कमरे में सोने के लिए चला गया। पांच मिनट बाद ही गोली की आवाज सुनाई दी। आवाज सुनते ही परिजन ऊपर छत पर भागे। वहां जाकर देखा तो उसने तमंचे से खुद को गोली मारी थी। परिजनों ने 108 नंबर एंबुलेंस को बुलाया। जब तक एंबुलेंस पहुंची तब तक उसकी मौत हो चुकी थी। घटना की सूचना पुलिस को दी गई। मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया।

# 24 दिन में 45 लाख शिवभक्तों ने किया बाबा का जलाभिषेक

## पिछले साल आए थे 70 लाख श्रद्धालु

**एजेंसी । वाराणसी**

सावन के महीने में बाबा विश्वनाथ का धाम शिवभक्तों से गुलजार है। 24 दिनों में 45 लाख से अधिक शिवभक्तों ने बाबा विश्वनाथ का जलाभिषेक किया। सावन के सोमवार को भक्तों की संख्या तीन लाख से अधिक पहुंच गई। वहीं पिछले साल इसी अवधि में लगभग 70 लाख श्रद्धालुओं ने बाबा के दर्शन किए। मुख्य कार्यपालक अधिकारी विश्वभूषण मिश्र ने बताया कि सावन के महीने में शिवभक्तों की संख्या हर रोज बढ़ रही है। धाम में शिवभक्तों के लिए दर्शन के साथ ही जलपान का भी इंतजाम किया गया है। स्थानीय लोगों के लिए काशी द्वार बनाया गया है और पहचान पत्र के आधार पर धाम



में प्रवेश दिया जा रहा है। काशीवासियों के लिए सुबह चार से पांच स्पर्श दर्शन और शाम को चार से पांच बजे तक झांकी दर्शन का इंतजाम किया गया है। 12 अगस्त तक 41 लाख शिवभक्तों ने बाबा विश्वनाथ का जलाभिषेक किया था। 13 अगस्त को दो लाख से अधिक और 14 अगस्त को सवा दो लाख से अधिक शिवभक्तों ने बाबा विश्वनाथ का जलाभिषेक किया।

# घरेलू विवाद में पति ने खत्म की जिंदगी

**एजेंसी । पलामू**

पलामू जिले के तरहसी थाना क्षेत्र के गुरहा गांव में एक युवक ने खुद को गोली मार कर आत्महत्या कर ली। बताया जा रहा है कि युवक का अपनी पत्नी के साथ किसी मामले में घरेलू विवाद चल रहा था। पुलिस ने युवक के शव को जब्त कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है।

**बंदूक से खुद को मारी गोली**



**क्या है मामला ?**

थाना प्रभारी नीरज कुमार ने बताया कि आमिर खान(28) पिता शमशीर खान का उसकी पत्नी के साथ किसी बात पर विवाद हो गया था। यह विवाद पिछले एक सप्ताह से चल रहा था। कई बार दोनों के बीच परिजनों की ओर से विवाद सुलझाने की भी कोशिश की गई। लेकिन दोनों पति-पत्नी के बीच विवाद नहीं सुलझ सका। मामला यहां तक बढ़ गया कि आमिर ने गुरुवार को दिन के लगभग 1:30 बजे खुद को गोली मार कर हत्या कर ली। पति-पत्नी के बीच किस बात को लेकर विवाद चल रहा था यह कोई बताने को तैयार नहीं है। पुलिस ने आत्महत्या में इस्तेमाल किया गया सिक्सर को जब्त कर लिया है और फिलहाल पुलिस यह पता लगा रही है कि आखिर मृतक के पास इतना घातक हथियार कहां से आया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है और सभी बिंदुओं पर जांच शुरू कर दिया है।

# सीएम नीतीश कुमार का बड़ा एलान

## अगले एक साल में 10 लाख युवाओं को देंगे रोजगार

**एजेंसी । पटना**



गांधी मैदान में गुरुवार को स्वतंत्रता दिवस पर मुख्य राजकीय समारोह होगा। मुख्यमंत्री नीतीश कुमार सुबह नौ बजे झंडोत्तोलन किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने कहा कि बिहार सरकार रोजगार और नौकरी को लेकर काम कर रही है। पांच लाख लोगों को अब तक नौकरी दी जा चुकी है, जबकि दो लाख पदों के लिए नियुक्ति की प्रक्रिया जारी है। उन्होंने कहा कि 10 लाख नौकरी देने का वादा किया गया था, जबकि अब तक 12 लाख लोगों को बहाल करने की प्रक्रिया जारी है। मुख्यमंत्री ने कहा कि रोजगार के अवसर मुहैया कराने में भी बिहार सरकार लगातार काम कर रही है। 24 लाख लोगों को रोजगार मुहैया कराया जा चुका है। मुख्यमंत्री ने कहा कि अगले एक साल में हमारी सरकार 10 लाख और रोजगार के अवसर मुहैया कराने जा रही है। लोगों को संबोधित करते हुए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने सबसे पहले आजादी के लिए शहीद हुए लोगों को नमन किया। उन्होंने कहा कि आजादी की लड़ाई में बिहार का अहम योगदान है। हम बिहार के लोगों को स्वतंत्रता दिवस की बधाई देते हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि 2005 में जब उन्हें बिहार की सत्ता मिली थी तो बिहार की स्थिति बेहतर नहीं थी। बिहार में स्कूल नहीं थे, जो स्कूलें थी उसमें शिक्षक नहीं थे। हमारी सरकार ने स्कूलों की व्यवस्था की, शिक्षकों की बड़े पैमाने पर नियुक्ति हुई है। बिहार आज तेजी से आगे बढ़ रहा है। आधारभूत संरचनाओं के विकास में बिहार सबसे बेहतर परिणाम दे रहा है। राज्य में निवेश का माहौल बना है। बड़ी बड़ी कंपनियां निवेश करने बिहार आ रही है। अपने संबोधन के दौरान मुख्यमंत्री नीतीश कुमार ने लालू परिवार पर निशाना साधते हुए कहा कि क्या किया सिर्फ परिवार को आगे बढ़ाया। पहले पत्नी को बना दिया, फिर बेटा-बेटी को बढ़ाया। हम लोग कभी किए ये सब। वहीं, पत्रकार से कहा कि हम आप लोगों से नाराज नहीं है, आप लोगों की इज्जत करते हैं और सम्मान देते रहते हैं, लेकिन देख लीजिए पहले क्या था, अब क्या किया गया है। लोगों को पुराने दिनों की बात बताइये, बिहार क्या था ये याद दिलाइये। मुख्यमंत्री ने कहा कि 2005 में बिहार का बजट केवल 28000 करोड़ था, अब बढ़ते-बढ़ते 278000 करोड़ हो गया है। सीएम ने कहा कि हम लोग विशेष राज्य या आर्थिक मदद की मांग करते रहे हैं। हमें खुशी है कि कई क्षेत्र में मदद मिली है। मुख्यमंत्री ने प्रधानमंत्री को गांधी मैदान से धन्यवाद भी दिया।

# कुत्ते के हमले से किशोर जख्मी, रेफर

**एजेंसी । अमरपुर**

थाना क्षेत्र के खंजरपुर गांव में कुत्ते के हमले से एक किशोर गंभीर रूप से जख्मी हो गया। जानकारी के अनुसार, उक्त गांव के शंकर पासवान का पुत्र गुणसागर हनुमान (13) अपने घर के सामने खेल रहा था। तभी अचानक वहां एक कुत्ता आ गया तथा उस पर हमला कर दिया। कुत्ते के हमले से वह जमीन पर गिर गया। उसका एक हाथ टूट गया। कुत्ते ने किशोर का गुप्तांग भी काट लिया। परिजनों ने इलाज के लिए जख्मी को रेफरल अस्पताल अमरपुर लाया।

# स्वतंत्रता दिवस समारोह से घर लौट रहे 3 बच्चे नदी में बहे

**एजेंसी । पाली**

स्वतंत्रता दिवस के मौके पर राजस्थान के पाली जिले से बड़ी खबर सामने आई है। जैतारण क्षेत्र में आज दोपहर तीन स्कूली बच्चे गुड़िया नदी में बह गए। हादसा उस वक्त हुआ, जब तीनों बच्चे स्वतंत्रता दिवस समारोह अटेंड कर वापस अपने घर लौट रहे थे। सूचना मिलते ही आला



अधिकारी मौके पर पहुंचे। जानकारी के मुताबिक स्वतंत्रता दिवस समारोह अटेंड करने के बाद तीन बच्चे अपने घर जा रहे थे। ऐसे में पैदल नदी पार करते समय तेज बहाव में तीनों बच्चे बह गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और एसपी नरेंद्र सिंह चौधरी को इस बारे में अवगत कराया। कुछ ही देर में एसडीआरएफ की टीम भी मौके पर पहुंच गई और बचाव कार्य शुरू किया। अभी तक तीनों बच्चों का पता नहीं चल पाया है। गुड़िया नदी में तीन बच्चों के बहने की सूचना पर मंत्री अविनाश गहलोत और विधायक शोभा चौहान भी मौके पर पहुंचे।

## व्यापार जगत

# एसबीआई के घर, कार और शिक्षा कर्ज की किस्त बढ़ी

**एजेंसी । नई दिल्ली**

भारतीय स्टेट बैंक ने ग्राहकों को 15 अगस्त को बड़ा झटका दिया है। बैंक ने सभी अवधियों के लिए कर्ज पर ब्याज दरों में 10 आधार अंकों की बढ़ोतरी की है। एसबीआई ने मार्जिनल कॉस्ट ऑफ लेंडिंग रेट्स यानी एमसीएलआर में गुरुवार 15 अगस्त, 2024 से बदलाव किया है। एसबीआई ने लगातार तीसरे महीने अपनी एमसीएलआर में बढ़ोतरी की है। तीन साल की अवधि के लिए एसबीआई का नया एमसीएलआर अब 9% से बढ़कर 9.10% हो गया है, जबकि ओवरनाइट एमसीएलआर 8.10% से बढ़कर 8.20% हो गया है।




**एमसीएलआर को 30 आधार अंक तक बढ़ाया**

सार्वजनिक क्षेत्र के बैंक ने जून 2024 से लेकर अब तक कुछ अवधियों में एमसीएलआर को 30 आधार अंक तक बढ़ाया है। एमसीएलआर वह न्यूनतम ब्याज दर है जिसके नीचे कोई बैंक भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) द्वारा अनुमत कुछ मामलों को छोड़कर, उधार नहीं दे सकता है। एमसीएलआर रेट में बढ़ोतरी का मतलब है कि ग्राहकों के लिए होम लोन, कार लोन, एजुकेशन लोन जैसे कर्ज का महंगा होना। आरबीआई द्वारा अप्रैल 2016 में उधार दरों के लिए बेंचमार्क के रूप में पिछली आधार दर प्रणाली की जगह एमसीएलआर की शुरुआत की गई थी।

# सोने का आयात अप्रैल-जुलाई में 4.23 प्रतिशत घटा

**एजेंसी । नई दिल्ली**

भारत का सोने का आयात वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं के कारण चालू वित्त वर्ष में अप्रैल-जुलाई के दौरान 4.23 प्रतिशत घटकर 12.64 अरब डॉलर रह गया है। सोना आयात का देश के चालू खाता घाटे पर असर पड़ता है। पिछले साल समान अवधि में यह 13.2 अरब डॉलर था। आंकड़ों के अनुसार, अकेले जुलाई में आयात 10.65 प्रतिशत घटकर 3.13 अरब डॉलर रह गया, जबकि पिछले साल इसी महीने में यह 3.5 अरब डॉलर था। जून (-38.66 प्रतिशत) और मई (-9.76 प्रतिशत) के दौरान भी आयात घटा है। हालांकि, अप्रैल में आयात बढ़कर 3.11 अरब डॉलर हो गया, जो अप्रैल, 2023 में एक अरब डॉलर था। देश के कुल आयात में कीमती धातु का हिस्सा पांच प्रतिशत से अधिक है।

**सोने और चांदी पर सीमा शुल्क 15 प्रतिशत से घटाकर छह प्रतिशत किया गया**



**कितना रिटर्न दिया**


**सोना**
इस महीने : 0.34%, 240 रुपये
इस वर्ष : 10.59%, 6692 रुपये

**चांदी**
इस महीने : -3.65%, -3053 रुपये
इस वर्ष : 8.21%, 6113 रुपये

एक आभूषण कारोबारी के अनुसार, ऊंची कीमतें आयात को हतोत्साहित कर रही हैं, लेकिन सितंबर से इसमें तेजी आएगी क्योंकि भारत में त्योहारी सत्र शुरू हो जाएगा और आयात शुल्क में कटौती का लाभ भी मिलेगा। सरकार ने सोने और चांदी पर सीमा शुल्क 15 प्रतिशत से घटाकर छह प्रतिशत कर दिया है। अंतरराष्ट्रीय बाजारों में कीमती धातुओं की कीमतों में उछाल के बीच 14 अगस्त को राष्ट्रीय राजधानी में सोने की कीमत 300 रुपये बढ़कर 73,150 रुपये प्रति 10 ग्राम हो गई। वित्त वर्ष 2023-24 में भारत का सोने का आयात 30 फीसदी बढ़कर 45.54 अरब डॉलर हो गया। स्विट्जरलैंड सोने के आयात का सबसे बड़ा स्रोत है, जिसकी हिस्सेदारी लगभग 40 प्रतिशत है, इसके बाद संयुक्त अरब अमीरात (16 प्रतिशत से अधिक) और दक्षिण अफ्रीका (लगभग 10 प्रतिशत) का स्थान है।

# भारत में एआई पहल का विस्तार करेगी गूगल

**एजेंसी । कोलकाता**




प्रौद्योगिकी कंपनी गूगल उन्नत एआई उपकरणों की शुरुआत के साथ भारत पर अपना ध्यान केंद्रित कर रहा है। कंपनी का उद्देश्य भाषा संबंधी बाधाओं को तोड़ना और उन्नत कृषि पद्धतियों को बढ़ावा देना है। गूगल डीपमाइंड के उत्पाद प्रबंधन निदेशक अभिषेक बापना ने आईआईएम-कोलकाता में गुरुवार को यह बात कही। अभिषेक बापना ने गुरुवार को भारतीय प्रबंध संस्थान-कोलकाता के संक्षिप्त दौरे पर पहुंचे। इस मौके पर अभिषेक ने भारत के आर्थिक विकास में भाषा संबंधी बाधाओं को कम करने के महत्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा, "आर्थिक वृद्धि के लिए भाषा बहुत ज़रूरी है। उदाहरण के लिए, भाषा की बाधा किसी व्यक्ति को डॉक्टर को अपनी चिकित्सा समस्याएं बताने या बैंकिंग सेवाओं तक पहुंचने में बाधा नहीं बननी चाहिए।"

# जापान की अर्थव्यवस्था तिमाही में 3.1 प्रतिशत बढ़ी

**एजेंसी । टोक्यो**

जापान की अर्थव्यवस्था अप्रैल-जून की अवधि में 3.1% की वार्षिक दर से बढ़ी। कैबिनेट कार्यालय ने बृहस्पतिवार को जारी आंकड़ों में यह जानकारी दी। चालू वित्त वर्ष की पहली तिमाही में दुनिया की चौथी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था 0.8 प्रतिशत बढ़ी थी। मौसमी रूप से समायोजित सकल घरेलू उत्पाद या जीडीपी, किसी देश के उत्पादों और सेवाओं के मूल्य को मापता है। जापान में स्वस्थ घरेलू खपत और निजी क्षेत्र के निवेश के साथ ही सरकारी निवेश के कारण घरेलू



मांग पिछली तिमाही के मुकाबले 3.5 प्रतिशत बढ़ी। आईएनजी इकोनॉमिक्स में एशिया-प्रशांत क्षेत्र के शोध प्रमुख रॉबर्ट कार्नेल ने कहा कि जीडीपी आंकड़े संकेत देते हैं कि आय और व्यय के बीच का चक्र अधिक स्पष्ट हो गया है, लेकिन व्यापक आर्थिक नीतियों को लेकर अनिश्चितता बढ़ गई है।

# ओला इलेक्ट्रिक बाइक 'रोडस्टर' 74,999 शुरुआती कीमत पर लॉन्च

**एजेंसी । कृष्णागिरी**



ओला इलेक्ट्रिक ने भारतीय बाजार में अपनी पहली इलेक्ट्रिक बाइक रोडस्टर लॉन्च कर दी है। इलेक्ट्रिक टू-व्हीलर बनाने वाली कंपनी ने अपने एनुअल इवेंट 'संकल्प 2024' में बाइक के 3 मॉडल रोडस्टर, रोडस्टर X, रोडस्टर प्रो पेश किया। रोडस्टर और रोडस्टर X को तीन अलग-अलग बैटरी पैक और रोडस्टर प्रो को दो अलग-अलग बैटरी पैक के साथ उतारा गया है। यानी, तीनों मॉडल्स को अलग-अलग बैटरी पैक के साथ कुल 8 वैरिएंट में पेश किया है। रोडस्टर सीरीज के शुरुआती वैरिएंट की एक्स-शोरूम कीमत 74,999 रखी है, जो टॉप वैरिएंट रोडस्टर प्रो में 2.49 लाख रुपए तक जाती है। कंपनी का दावा है कि रोडस्टर प्रो के टॉप वैरिएंट में 579km की रेंज मिलेगी। कंपनी ने सभी बाइक्स की बुकिंग शुरू कर दी है और इनकी डिलीवरी जनवरी 2025 से शुरू करेगी। ये बाइक्स टॉर्क की क्रेटोस आर और रिवोल्ट RV400 को टक्कर देगी।


# हिंदुस्तान जिंक की विशेष लाभांश भुगतान योजना




**एजेंसी । नई दिल्ली**

वेदांता समूह की कंपनी हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड चालू वित्त वर्ष में अपने शेयरधारकों को 8,000 करोड़ रुपये का विशेष लाभांश भुगतान करने की योजना बना रही है। एचजेडएल के निदेशक मंडल की मंगलवार को बैठक हो सकती है। एक सूत्र ने कहा, इसमें से लगभग 30 प्रतिशत या 2,400 करोड़ रुपये केंद्र को मिलेंगे, जो वित्त वर्ष के लिए उसके गैर-कर राजस्व में योगदान देगा। यह विशेष लाभांश, एचजेडएल द्वारा हर साल दिए जाने वाले लगभग 6,000 करोड़ रुपये के नियमित लाभांश के अतिरिक्त होगा।

## अंकिता क्वार्टर फाइनल में



**एजेंसी । वेलेंसिया**

भारतीय शीर्ष महिला टेनिस खिलाड़ी अंकिता रैना ने गुरुवार को वेलेंसिया चैलेंज ओपन टेनिस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में प्रवेश कर लिया। दुनिया की 300वें नंबर की खिलाड़ी अंकिता ने स्थानीय खिलाड़ी मारिया मार्टिनेज को तीन सेट तक चले मुकाबले में 6-1, 3-6, 6-2 से पराजित किया। अंकिता ने पहला सेट आसानी से जीतकर शानदार शुरुआत की पर दूसरे सेट में वह लय खो बैठीं। मारिया ने जल्द ही बढ़त बना ली और सेट जीतकर इसे निर्णायक सेट में पहुंचा दिया।

# ओलंपिक से लौटे खिलाड़ियों से मिले पीएम मोदी

## हॉकी टीम ने सभी खिलाड़ियों के हस्ताक्षर वाली स्टिक भेंट की

*"पेरिस ओलंपिक में भारत का प्रतिनिधित्व करने वाले खिलाड़ियों से मिलकर अच्छा लगा। उनके अनुभव सुने और खेल के मैदान पर उनकी उपलब्धियों की प्रशंसा की। पेरिस जाने वाला हर खिलाड़ी चैंपियन है। भारत सरकार खेलों को सहयोग देती रहेगी और यह सुनिश्चित करेगी कि शीर्ष स्तर का खेलों का बुनियादी ढांचा खड़ा किया जाए। -पीएम मोदी*



**एजेंसी । नई दिल्ली**

पेरिस से लौटे भारतीय ओलंपिक खिलाड़ियों के लिए गुरुवार का दिन यादगार रहेगा। स्वतंत्रता दिवस के मौके पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने पदक लेकर लौटे भारतीय दल से अपने आवास पर मुलाकात की। इस दौरान लगातार दूसरा कांस्य जीतने वाली पुरुष हॉकी टीम ने प्रधानमंत्री को एक स्टिक भेंट की जिस पर सभी खिलाड़ियों के हस्ताक्षर थे।

### सरबजोत-कुसाले भी मिले


*मनु के साथ 10 मीटर एयर पिस्टल की मिश्रित स्पर्धा में कांसा जीतने वाले सरबजोत सिंह और 50 मीटर राइफल थ्री पोजिशन में कांस्य जीतने वाले स्वप्निल कुसाले ने भी प्रधानमंत्री के साथ बातचीत की। कुश्ती में पुरुषों की फ्रीस्टाइल 57 किग्रा में कांस्य जीतने वाले पहलवान अमन सहरावत को भी मोदी के साथ भारतीय जर्सी के साथ पोज देते देखा गया, जिस पर उनके हस्ताक्षर थे।*



### नीरज नहीं मिल सके

भाला फेंक के स्टार खिलाड़ी और पेरिस ओलंपिक में रजत पदक जीतने वाले नीरज चोपड़ा अभी स्वदेश नहीं लौटे हैं। वह अपनी कमर की चोट पर चिकित्सकों से परामर्श करने के लिए जर्मनी चले गए थे। इससे पहले दिन में भारतीय ओलंपिक दल के सदस्य ऐतिहासिक लाल किले में मौजूद थे जहां मोदी ने 78वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर राष्ट्र को संबोधित किया था।

### मनु ने पिस्टल के बारे में बताया



*इतिहास रचने वाली निशानेबाज मनु भाकर ने मोदी को अपनी वह पिस्टल दिखाई जिससे उन्होंने दो कांस्य जीते। ओलंपिक के बाद संन्यास लेने वाले पीआर श्रीजेश और कप्तान हरमनप्रीत सिंह सहित सभी हॉकी खिलाड़ियों ने मोदी के साथ तस्वीरें खिंचवाई। इस दौरान खिलाड़ियों ने गले में पदक लटका रखे थे। स्वतंत्रता के बाद किसी एक ओलंपिक खेल में दो पदक जीतने वाली पहली भारतीय खिलाड़ी बनीं मनु को प्रधानमंत्री को उस पिस्टल के बारे में बताते हुए देखा गया जिससे उन्होंने पेरिस में 10 मीटर एयर पिस्टल और 10 मीटर एयर पिस्टल मिश्रित स्पर्धा में दो कांस्य जीते थे।*

### लक्ष्य सेन से भी बात की

*मोदी ने भारतीय दल के सदस्यों को संबोधित किया और पुरुष एकल में चौथे स्थान पर रहने वाले बैडमिंटन खिलाड़ी लक्ष्य सेन सहित उनमें से कुछ के साथ बातचीत भी की। टोक्यो ओलंपिक की पदक विजेता लवलीना बोरगोहेन (मुक्केबाजी) और मीराबाई चानू (भारोत्तोलन) भी उन खिलाड़ियों में शामिल थे जिन्होंने प्रधानमंत्री से मुलाकात की। इस अवसर पर खेल मंत्री मनसुख मंडाविया और भारतीय ओलंपिक संघ की अध्यक्ष पीटी उषा भी उपस्थित थे।*

## सचिन का रिकॉर्ड तोड़ सकता है रूट : पोंटिंग



**एजेंसी । दुबई**

ऑस्ट्रेलिया के पूर्व कप्तान रिकी पोंटिंग का मानना है कि महान बल्लेबाज सचिन तेंदुलकर का टेस्ट में सर्वाधिक रनों का रिकॉर्ड तोड़ जो रूट सकते हैं, बशर्ते इंग्लैंड के इस बल्लेबाज की रनों की भूख और निरंतरता चार साल तक बरकरार रहे। रूट टेस्ट क्रिकेट में 12,000 रन का आंकड़ा पार करने वाले सातवें बल्लेबाज बन गए हैं। उन्होंने अब तक 143 टेस्ट में 12,027 रन बनाए हैं।

### 200 टेस्ट में 15,921 रन बनाए हैं तेंदुलकर ने

तेंदुलकर के नाम 200 टेस्ट में 15,921 रन हैं। पोंटिंग 168 टेस्ट में 13,378 रन बना सूची में दूसरे स्थान पर हैं। पोंटिंग ने आईसीसी रिव्यू में कहा, रूट 33 साल का है और 3000 रन ही पीछे है। देखना है कि वह कितने टेस्ट खेलते हैं। अगर वह साल में 10 से 14 टेस्ट खेलते हैं और प्रतिवर्ष 800 से 1000 रन बनाते हैं तो तीन-चार साल में वहां तक पहुंच सकते है।

*रियाल ने अटलांटा को एकतरफा मुकाबले में 2-0 से हराकर दो साल बाद यूएफा सुपर कप पर किया कब्जा*

## एम्बापे ने मैड्रिड के अपने पहले ही मुकाबले में दागा गोल



**नंबर गेम**

- 4 खिताब इस कैलेंडर वर्ष में कार्लो एंसेलोटी की टीम रियाल मैड्रिड ने जीते
- 6 बार यूएफा कप जीतने वाली मैड्रिड पहली टीम

**एजेंसी । वारसा**

कलिइयान एम्बापे ने रियाल मैड्रिड की ओर से खेलते हुए अपने पहले ही मुकाबले को यादगार बना दिया। फ्रांस के इस 25 वर्षीय स्टार फॉरवर्ड एम्बापे और फेडरिको वाल्वरडे के दम पर रियाल मैड्रिड ने दो साल में पहली जबकि रिकॉर्ड छठी बार यूएफा सुपर कप पर कब्जा किया। मैड्रिड ने बुधवार देर रात खेले गए फाइनल मुकाबले में अटलांटा को एकतरफा मुकाबले में 2-0 से पराजित किया।

### 11 मिनट में दोनों गोल

*पहला हाफ गोलरहित ड्रॉ रहने के बाद मैड्रिड ने 11 मिनट के भीतर दोनों गोल दागे। अटलांटा ने पहले हाफ में दबदबा बनाए रखा पर गोल नहीं कर सका। मैड्रिड की टीम को जियान पिएरो की टीम के सामने जूझना पड़ा। पहले हाफ में कोई टीम गोल नहीं कर सकी। पर दूसरे हाफ में रियाल मैड्रिड ने आक्रामण तेज किए और जल्द ही गोल कर बढ़त बना ली। फेडरिको 59वें मिनट में विनिसियस जूनियर के पास पर गोल कर मैड्रिड का खाता खोल दिया।*

## यूएस ओपन : 26 अगस्त से शुरू होगा साल का चौथा और अंतिम ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट

**एजेंसी । न्यूयॉर्क**



दो बार की यूएस ओपन चैंपियन नाओमी ओसाका, स्टेन वावरिंका, डोमिनिक थिएम और बियांका एंड्रीस्कू को 26 अगस्त से शुरू होने वाले साल के अंतिम ग्रैंड स्लैम टेनिस टूर्नामेंट के लिए वाइल्ड कार्ड दिए गए हैं। ओसाका ने अभी तक चार ग्रैंड स्लैम खिताब जीते हैं। उन्होंने अपना पहला ग्रैंड स्लैम खिताब 2018 में यूएस ओपन के रूप में ही जीता था। इसके बाद वह 2020 में भी यहां चैंपियन बनी थी। वाइल्ड कार्ड पाने वाले अन्य खिलाड़ियों की तरह वह भी हाल में अधिकतर टूर्नामेंट में नहीं खेल पाई। इससे वह विश्व रैंकिंग में नीचे खिसक गई जो इस प्रतिष्ठित टूर्नामेंट में सीधे प्रवेश पाने के लिए पर्याप्त नहीं थी। ओसाका पिछले साल एक बेटी को जन्म देने के बाद इस सत्र में डब्ल्यूटीए टूर पर लौटीं। अब भी उन्हें उस फॉर्म की तलाश है जिसके दम पर वह कभी विश्व की नंबर एक खिलाड़ी बनी थी।

### थिएम का आखिरी ग्रैंड स्लैम

*थिएम को अंतिम ग्रैंड स्लैम टूर्नामेंट खेलने का मौका मिलेगा। उन्होंने इस साल की शुरुआत में घोषणा की थी कि वह इस सत्र के बाद संन्यास ले लेंगे। ऑस्ट्रिया के इस 30 वर्षीय खिलाड़ी ने अपना एकमात्र ग्रैंड स्लैम खिताब 2020 में यहीं जीता था। पिछले तीन साल से वह कलाई की चोट से जूझ रहे हैं। स्विट्जरलैंड के 39 वर्षीय वावरिंका ने अपने तीन ग्रैंड स्लैम खिताबों में से एक 2016 में यहीं पर जीता था। हाल में उनका प्रदर्शन अच्छा नहीं रहा जिसके कारण वह विश्व रैंकिंग में शीर्ष 100 से बाहर हो गए।*

## पंजाब हॉकी क्लब को हॉकी इंडिया जूनियर अकादमी खिताब

**एजेंसी । नई दिल्ली**

राउंडग्लास पंजाब हॉकी क्लब अकादमी ने ओडिशा नवल टाटा हॉकी हाई परफॉर्मेंस सेंटर को 8-3 से हराकर हॉकी इंडिया जूनियर पुरुष अकादमी चैंपियनशिप (ए और बी) जीत ली। गुरुवार को खेले गए मैच में पंजाब के लिए अमनदीप और गुरसेवक सिंह ने दो-दो गोल जबकि सुमित राजभर, इंदरजीत सिंह, अर्शदीप सिंह और अर्जनदीप सिंह ने एक-एक गोल दागा। वहीं ओडिशा के लिए प्रताप टोप्पो, बिल्कान ओरम और हरीश सिंह ने गोल किए। तीसरे स्थान के प्लेऑफ मुकाबले में नामधारी एकादश ने एसजीपीसी हॉकी अकादमी को 5-3 से हराया।

**मुंबई के मैदानों से**

## घुड़दौड़: जेन्डेयी बेहतर

**दोपहर संवाददाता । मुंबई**

शुक्रवार को पुणे घुड़दौड़ सत्र के तीसरे दिन छह दौड़ों का कार्यक्रम रखा गया है। मुख्य दौड़ में पेसी श्रॉफ द्वारा प्रशिक्षित जेन्डेयी बेहतर प्रतीत होती है और उसके जीत की संभावना है। पहली दौड़ दोपहर 2.30 बजे आरंभ होगी। विभिन्न दौड़ों के लिए हमारे चयन इस प्रकार हैः 1- शी इज ट्रेजर (प्र.), सोरेन्टो सीक्रेट (द्वि.), 2- जेन्डेयी (प्र.), मैग्नेटो (द्वि.), 3- मिराए (प्र.), फांटा (द्वि.), 4-एमाडेव (प्र.), बशीर (द्वि.), 5- इट्स मॉय टाईम (प्र.), मिस अमेरिकन पे (द्वि.), 6- फेबल (प्र.), लॉ डोल्सी विटा (द्वि.), दिन का सर्वोत्तम- फेबल।


## खार जिमखाना द्वारा खिलाड़ियों का सम्मान

**दोपहर संवाददाता । मुंबई**



स्वतंत्रता दिवस समारोह की पूर्व संध्या पर खार जिमखाना द्वारा विभिन्न खेलों से संबंधित 28 खिलाड़ियों को 'लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड्स' से सम्मानित किया गया। इन सभी खिलाड़ियों ने राज्यों के साथ-साथ देश का नाम भी खेल जगत में रोशन किया था। इन खिलाड़ियों में तैराकी से आठ, बैडमिंटन से सात, टेबल टेनिस और टेनिस प्रत्येक से तीन-तीन, स्क्वैश, वाटर पोलो और स्नूकर से दो-दो और हॉकी से एक शामिल है। खार जिमखाना के अध्यक्ष विवेक देवनानी ने उपाध्यक्ष माधवी अशर, कोषाध्यक्ष विपुल वर्मा, महासचिव सारिका दीपेन जैन, ट्रस्टी अमरजीतसिंह चड्ढा और अशोक मोहनानी की उपस्थिति में खिलाड़ियों को पौधा, शॉल और चांदी की थाल देकर सम्मानित किया।

## 'स्त्री 2' में नजर आए अक्षय कुमार



*राजकुमार राव और श्रद्धा कपूर की हॉरर-कॉमेडी फिल्म 'स्त्री 2' आखिरकार दर्शकों का मनोरंजन करने के लिए सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है। इस फिल्म को समीक्षकों के साथ दर्शकों की बढ़िया प्रतिक्रिया मिल रही है। लोग पहले दिन का पहला शो देखने के लिए बड़ी संख्या में सिनेमाघरों पहुंचे। 'स्त्री 2' में दिग्गज अभिनेता अक्षय कुमार ने मेहमान की भूमिका निभाई है।*

### अक्षय का लुक हुआ लीक

सोशल मीडिया पर अक्षय का लुक भी लीक हो गया है। उनकी एंट्री ने फिल्म में चार चांद लगा दिए हैं। फिल्म में खिलाड़ी कुमार का खूंखार रूप देखने को मिल रहा है। उनका कैमियो देख प्रशंसक उत्साहित हो गए हैं। बॉक्स ऑफिस पर 'स्त्री 2' का सामना अक्षय कुमार और तापसी पन्नू की फिल्म 'खेल खेल में' से हो रहा है। इसके अलावा जॉन अब्राहम की फिल्म 'वेदा' भी सिनेमाघरों में रिलीज हो गई है।


## मां बनने वाली हैं अभिनेत्री देवोलीना भट्टाचार्जी



'साथ निभाना साथिया' में 'गोपी बहू' का किरदार निभाकर घर-घर में मशहूर हुईं अभिनेत्री देवोलीना भट्टाचार्जी एक ऐसी वजह से चर्चा में आई हैं, जिससे उनके प्रशंसकों का दिल खुश हो जाएगा। दरअसल, देवोलीना शादी के 2 साल बाद मां बनने जा रही हैं। उन्होंने सोशल मीडिया पर खुद यह ऐलान किया है। देवोलीना ने अपने पति शाहनवाज शेख के साथ कुछ तस्वीरें साझा कर यह जानकारी दी है।

### देवोलीना ने साझा कीं तस्वीरें

देवोलीना ने हाल ही में अपने मुंबई स्थित घर में एक पूजा रखी थी, जिसकी तस्वीरें उन्होंने इंस्टाग्राम पर साझा की हैं। देवोलीना ने लिखा, 'पवित्र पंचामृत अनुष्ठान के साथ मातृत्व की दिव्य यात्रा का जश्न मनाएं, जहां परंपरा और प्रेम मिलकर मां और उसके अजन्मे बच्चे को जीवन के इस खूबसूरत अध्याय के दौरान स्वास्थ्य, समृद्धि और खुशी का आशीर्वाद देते हैं।'



## 17 अगस्त को धूम मचाएगा 'ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम' का ट्रेलर

*साउथ सुपरस्टार विजय इन दिनों अपनी बहुप्रतीक्षित फिल्म 'गोट : ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम' को लेकर सुर्खियों में छाए हुए हैं। फिल्म का क्रेज दर्शकों के बीच अभी से छाया हुआ है। फिल्म के बारे में दर्शकों को आए दिन नई जानकारियां मिल रही हैं, जो उनका उत्साह बढ़ा रही है।*

हाल ही में निर्माताओं ने पोस्ट साझा कर खुलासा किया था कि वे आज फिल्म के ट्रेलर की रिलीज डेट से पर्दा उठाएंगे। आखिरकार निर्माताओं ने प्रशंसकों के इंतजार पर विराम लगा दिया है और 'द गोट' के ट्रेलर की रिलीज डेट का खुलासा कर दिया है। निर्माताओं ने पहले खुलासा किया था कि फिल्म के बारे में एक बड़ा अपडेट है, लेकिन वे कुछ मुद्दों के कारण ट्रेलर लॉन्च की तारीख का खुलासा नहीं कर पाए थे और उन्होंने फिल्म के सभी महत्वपूर्ण किरदारों का एक खास पोस्टर शेयर किया था। वहीं आज उन्होंने ट्रेलर की रिलीज डेट से तो पर्दा उठाया ही, बल्कि फिल्म से विजय का नया पोस्टर भी जारी किया, जिसमें अभिनेता दमदार अंदाज में नजर आ रहे हैं। फिल्म निर्माताओं द्वारा की गई सारी तैयारियों के बाद वेंकट प्रभु ने अब सोशल मीडिया पर घोषणा की है कि विजय की 'ग्रेटेस्ट ऑफ ऑल टाइम' का ट्रेलर 17 अगस्त को शाम पांच बजे रिलीज किया जाएगा। एक नया पोस्टर शेयर करते हुए वेंकट प्रभु ने कैप्शन में लिखा, 'गेट, सेट, गोट, सीट बेल्ट लगा लो, द गोट का ट्रेलर 17 अगस्त को शाम पांच बजे आपकी स्क्रीन पर आ रहा है।

## 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' के दूसरे सीजन का एलान

कपिल शर्मा का कॉमेडी शो दर्शकों को खूब पसंद आता है। वे हाल ही में नेटफ्लिक्स के शो 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' में नजर आए थे। वहीं, अब उन्होंने दर्शकों के साथ इसके दूसरे सीजन को लेकर बड़ी खबर साझा की है। कॉमेडियन कपिल शर्मा ने अपने शो 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' के दूसरे सीजन की आधिकारिक तौर पर पुष्टि कर दी है, जिससे उनके प्रशंसक उत्साहित हैं। कपिल शर्मा ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट साझा करते हुए प्रशंसकों को यह खुशखबरी दी।



कपिल शर्मा का कॉमेडी शो दर्शकों को खूब पसंद आता है। वे हाल ही में नेटफ्लिक्स के शो 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' में नजर आए थे। वहीं, अब उन्होंने दर्शकों के साथ इसके दूसरे सीजन को लेकर बड़ी खबर साझा की है। कॉमेडियन कपिल शर्मा ने अपने शो 'द ग्रेट इंडियन कपिल शो' के दूसरे सीजन की आधिकारिक तौर पर पुष्टि कर दी है, जिससे उनके प्रशंसक उत्साहित हैं। कपिल शर्मा ने इंस्टाग्राम पर पोस्ट साझा करते हुए प्रशंसकों को यह खुशखबरी दी। इससे पहले नेटफ्लिक्स इंडिया ने जून में वीडियो साझा करते हुए शो के दूसरे सीजन के बारे में संकेत दिया था। वहीं, अब दो महीने बाद इसकी आधिकारिक घोषणा हो गई है। नेटफ्लिक्स द्वारा साझा किए गए वीडियो में पहले सीजन के यादगार पलों को दिखाया गया था। साथ ही यह भी कहा गया था कि जितना प्रशंसक सोच रहे हैं, उससे भी जल्दी शो का दूसरा सीजन वापस आएगा। वीडियो में कहा गया था कि अधिक मनोरंजन के लिए तैयार हो जाइए, क्योंकि द ग्रेट इंडियन कपिल शो का सीजन 2 बस कुछ ही महीनों में वापस आ जाएगा। नए सीजन का इंतजार करते हुए सीजन 1 का भरपूर आनंद लें।'

## विक्की कौशल की 'छावा' का टीजर जारी

'बैड न्यूज' की सफलता का आनंद उठा रहे विक्की कौशल जल्द ही फिल्म 'छावा' में नजर आएंगे। इस फिल्म में उनकी जोड़ी रश्मिका मंदाना के साथ बनी है, जिसे पहली बार देखा जाएगा। फिल्म में विक्की छत्रपति शिवाजी महाराज के बेटे संभाजी राजे का किरदार निभा रहे हैं। 'छावा' का टीजर राजकुमार राव और श्रद्धा कपूर की फिल्म 'स्त्री 2' के पेड प्रीव्यू के दौरान जारी किया गया है, जिसने प्रशंसकों को उत्साहित कर दिया।



### योद्धाओं से लड़ते दिखे विक्की

'छावा' के टीजर में विक्की खूब दहाड़ते हुए नजर आ रहे हैं। शिवाजी महाराज के बेटे संभाजी के किरदार में विक्की फब रहे हैं। विक्की को संभाजी के रूप में अकेले ही सैकड़ों योद्धाओं से लड़ते हुए देखा जा सकता है, जबकि उन पर हर तरफ से हमला हो रहा है। इस फिल्म की कहानी भारत-पाकिस्तान के बीच दशकों पहले हुए हवाई युद्ध पर आधारित होगी। फिल्म में अक्षय खन्ना, आशुतोष राणा और दिव्या दत्ता जैसे कलाकार भी हैं।



न्यूज़ ब्रीफ

## सरकार विभाजनकारी सोच को बढ़ावा दे रही: खड़गे

**नई दिल्ली।** कांग्रेस अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खड़गे ने गुरुवार को पार्टी ऑफिस में तिरंगा फहराया। इस दौरान उन्होंने केंद्र सरकार पर तीखा हमला करते हुए कहा कि आज के शासक विभाजनकारी सोच को बढ़ावा दे रहे हैं। वे नफरत फैलाने के लिए विभाजन विभीषिका दिवस मना रहे हैं। खड़गे ने RSS पर निशाना साधते हुए कहा कि संघ परिवार ने अपने फायदे के लिए अंग्रेजों की फूट डालो और राज करो की नीति को बढ़ावा दिया। जिन्होंने आजादी की लड़ाई नहीं लड़ी, वे कांग्रेस पार्टी को सलाह देते हैं। वे बिना किसी योगदान के शहीदों में गिने जाना चाहते हैं।

## नलिन प्रभात बने जम्मू-कश्मीर के स्पेशल DG

**जम्मू।** नलिन प्रभात जम्मू-कश्मीर के नए स्पेशल DG नियुक्त किए गए हैं। वे मौजूदा डीजीपी आरआर स्वैन के रिटायरमेंट के बाद नए पुलिस महानिदेशक का कार्यभार संभालेंगे। स्वैन 30 सितंबर को रिटायर हो रहे हैं। 1 अक्टूबर को नलिन डीजीपी पद ग्रहण करेंगे। गृह मंत्रालय से जारी एक आदेश के मुताबिक नलिन प्रभात तत्काल प्रभाव से जम्मू-कश्मीर में विशेष महानिदेशक (SDG) जम्मू-कश्मीर पुलिस के रूप में तैनात किया गया है। 55 वर्षीय प्रभात तीन बार पुलिस वीरता पदक विजेता हैं और वे अपने पूर्व कैडर स्टेट आंध्र प्रदेश के विशेष नक्सल विरोधी पुलिस बल ग्रेहाउंड्स के चीफ रहे हैं। सरकार ने बुधवार को NSG महानिदेशक के रूप में प्रभात के कार्यकाल को कम कर दिया और उन्हें आंध्र प्रदेश से एजीएमयूटी में इंटर-कैडर प्रतिनियुक्ति का आदेश दिया।

## पाकिस्तान में बेल्जियम की महिला से 5 दिनों तक सामूहिक दुष्कर्म

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान में बेल्जियम की एक महिला के साथ राजधानी इस्लामाबाद में पांच दिनों तक कई लोगों ने गैंगरेप किया। पाकिस्तानी अखबार समा टीवी के मुताबिक उसे सड़क पर पर देखा गया। उसके हाथ-पैर बंधे हुए थे। महिला के बयान के बाद पुलिस ने एक शख्स को गिरफ्तार किया है। शख्स की पहचान तमीजुद्दीन के तौर पर की गई है। पूछताछ के दौरान तमीजुद्दीन ने दावा किया कि विदेशी महिला मानसिक रूप से बीमार है और उसके पास पहचान पत्र या यात्रा दस्तावेज नहीं थे।

## सूरत में ट्रेन के दो डिब्बे पटरी से उतरे

**सूरत।** गुजरात में सूरत के पास अहमदाबाद-मुंबई डबल डेकर एक्सप्रेस के दो डिब्बे चलती ट्रेन से अलग हो गए। यह घटना गुरुवार की सुबह 8.50 बजे घटी। ट्रेन (संख्या 12932) जब सायन और सूरत रेलवे स्टेशन के बीच गोथंगम यार्ड पहुंची तब दो डिब्बे अलग हो गए। हालांकि, इस हादसे में किसी के हताहत होने की जानकारी नहीं है। बाद में डिब्बे को फिर से ट्रेन के साथ जोड़ दिया गया।

## देश के 42 शहरों में 5.08 लाख मकान अटके

**नई दिल्ली।** देश के 42 शहरों में 5.08 लाख इकाइयों के साथ लगभग 2,000 आवासीय परियोजनाएं अटकी हुई हैं। डेटा एनालिटिक्स कंपनी प्रोपइक्विटी के अनुसार, रुकी हुई परियोजनाओं की समस्या डेवलपर्स की निष्पादन क्षमता में कमी, कुप्रबंधन और धन के गलत उपयोग के कारण है।

### कोलकाता रेप-मर्डर केस

# डॉक्टरों ने फिर से शुरू की हड़ताल

- मेडिकल कॉलेज में तोड़फोड़ के बाद फैसला
- 1000 की भीड़ ने अस्पताल में किया था हमला

एजेंसी | कोलकाता

कोलकाता के आरजी कर मेडिकल कॉलेज में ट्रेनी डॉक्टर की रेप के बाद हत्या के विरोध में रेजिडेंट डॉक्टरों ने फिर से हड़ताल शुरू कर दी है। इसकी जानकारी फेडरेशन ऑफ रेजिडेंट डॉक्टर्स एसोसिएशन इंडिया (FORDA) ने दी है। उन्होंने कहा कि मेडिकल कॉलेज में तोड़फोड़ के बाद हड़ताल का फैसला लिया गया है। केंद्र और राज्य सरकार स्वास्थ्यकर्मियों की सुरक्षा करने में असफल रही है। 13 अगस्त को केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री जेपी नड्डा से मिलने के बाद FORDA ने हड़ताल बंद कर दी थी। तब नड्डा ने उनसे न्याय मिलने का आश्वासन दिया था।




### क्राइम सीन को कोई नुकसान नहीं

पुलिस ने बताया, सेमीनार रूम में क्राइम सीन को कोई नुकसान नहीं पहुंचा है। जो लो फेक न्यूज चला रहे हैं, उनके खिलाफ एक्शन लेंगे। BJP और TMC प्रदर्शनकारियों के बीच दंगाइयों को भेजने का आरोप लगा रही हैं।

- सीबीआई ने पूछताछ के लिए मेडिकल कॉलेज के 5 डॉक्टरों और कुछ कर्मचारियों को बुलाया
- राज्यपाल सीवी आनंद बोस ने अस्पताल का दौरा किया, आंदोलन कर रहे डॉक्टर से की मुलाकात



### क्यों लिया हड़ताल का फैसला ?

दरअसल, 14 अगस्त की देर रात मेडिकल कॉलेज में 1000 लोगों की भीड़ इमरजेंसी वार्ड में घुस गई। भीड़ ने वहां रखी मशीनें उठाकर फेंकी। फर्नीचर में तोड़फोड़ की। CCTV कैमरों को भी नुकसान पहुंचाया। भीड़ ने पुलिस के वाहनों में तोड़-फोड़ की, पुलिस पर पत्थर फेंके। इस दौरान 15 पुलिसकर्मी घायल हो गए। मामले में 9 उपद्रवियों को गिरफ्तार किया गया है।

## अस्पताल में किए गए हमले को लेकर 3 बयान...

### यह गलत मीडिया कैंपेन के चलते हुआ- पुलिस कमिश्नर विनीत गोयल

जो कुछ यहां हुआ है वह गलत मीडिया कैंपेन के चलते हुआ है। यह दुर्भावनापूर्ण कैंपेन कोलकाता पुलिस के खिलाफ चलाया जा रहा था। कोलकाता पुलिस ने क्या नहीं किया? हमारे खिलाफ अफवाहें फैलाई जा रही हैं। हमने कुछ गलत नहीं किया है फिर भी मीडिया के दुर्भावनापूर्ण अभियान की वजह से लोगों ने कोलकाता पुलिस पर भरोसा करना बंद कर दिया है। हमने कभी नहीं कहा कि एक ही आरोपी है।

### गुंडागर्दी की सीमाएं पार हुईं : अभिषेक बनर्जी

तृणमूल कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव और लोकसभा सांसद अभिषेक बनर्जी ने X पर पोस्ट किया कि आज रात आरजी कर में गुंडागर्दी और तोड़फोड़ सभी सीमा पार कर दी गईं। मैंने कोलकाता पुलिस कमिश्नर से बात की और उनसे कहा है कि वे इस हिंसा के लिए जिम्मेदार हर व्यक्ति की पहचान करें और अगले 24 घंटे में उन्हें कानून के घेरे में लाया जाए, चाहे उनका राजनीतिक संबंध कुछ भी हो। प्रदर्शन कर रहे डॉक्टरों की मांगें सही हैं। क्या वे सरकार से इतनी भी उम्मीद नहीं कर सकते हैं? उनकी सुरक्षा को प्राथमिकता दी जानी चाहिए।

### ममता बनर्जी ने अपने गुंडे भेजे : भाजपा सुवेंदु अधिकारी

ममता बनर्जी ने आरजी कर मेडिकल कॉलेज में चल रही गैर-राजनीतिक प्रदर्शन रैली में अपने गुंडे भेजे। ममता समझती हैं कि वे दुनिया की सबसे शातिर इंसान हैं और लोग उनका यह प्लान समझ नहीं पाएंगे। उन्होंने प्रदर्शनकारियों जैसे दिखने वाले गुंडे भेजे जिन्होंने भीड़ में शामिल होकर कॉलेज में उपद्रव मचाया।

# वर्षा, बाढ़ और भूस्खलन से बेहाल है हिमाचल

एजेंसी | शिमला

हिमाचल प्रदेश में मानसून की आफत अभी टली नहीं है। राज्य के कई हिस्सों में मुसलाधार वर्षा जारी है। कांगड़ा, सिरमौर और बिलासपुर जिलों में बीती रात जमकर बरसात हुई। मौसम विभाग ने अगले 24 घण्टे लाहौल-स्पीति और किन्नौर को छोड़कर अन्य सभी 10 जिलों में भारी वर्षा की आशंका जताई है। कांगड़ा और चम्बा जिलों में बाढ़ आने का खतरा जताते हुए लोगों को सतर्क रहने की सलाह दी गई है।

मौसम विज्ञान केंद्र शिमला के निदेशक कुलदीप श्रीवास्तव ने गुरूवार को बताया कि बारिश से अभी राहत मिलने के आसार नहीं हैं। कांगड़ा और चम्बा जिलों में अगले 24 घण्टों के दौरान बाढ़ आने की आशंका है। आगामी 21 अगस्त तक राज्य के कुछ स्थानों पर भारी वर्षा का येलो अलर्ट जारी किया गया है। उन्होंने लोगों व बाहर से आने वाले सैलानियों को नदी-नालों से दूरी बनाने की हिदायत दी है। उन्होंने बताया कि बीती रात कांगड़ा में सर्वाधिक 155 मिलीमीटर वर्षा रिकार्ड हुई है। इसके अलावा धर्मशाला में 150, पालमपुर में 143, नाहन में 119, नैना देवी में 78, जोत में 69, देहरा गोपीपुर में 67, पांवटा साहिब में 48 और सलापड में 37 मिमी वर्षा हुई है। राजधानी शिमला में भी रुक-रुक कर बारिश का दौर जारी है। बारिश से राज्य के औसतन न्यूनतम तापमान में 2.1 डिग्री की गिरावट आई है।



### भूस्खलन से दो नेशनल हाइवे व 126 सड़कें बंद, 105 बिजली ट्रांसफार्मर ठप

भारी बारिश से कई स्थानों पर भूस्खलन होने से सड़कें अवरुद्ध हैं और लोगों को आवागमन में दिक्कत आ रही है। राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र के मुताबिक गुरूवार की सुबह दो नेशनल हाइवे और 126 सड़कें भूस्खलन से अवरुद्ध रहीं। शिमला में 76, मंडी में 18, कुल्लू में 13, सिरमौर में आठ, कांगड़ा में पांच, किन्नौर में तीन, लाहौल स्पीति में दो और चम्बा में एक सड़क बाधित है। किन्नौर में एनएच-5 और सिरमौर में एनएच-707 भी बंद पड़ा है। इसके अलावा 105 बिजली ट्रांसफार्मर और 47 पेयजल स्कीमें भी ठप हैं। चम्बा में 48 और मंडी में 43 ट्रांसफार्मरों के बंद होने से बिजली गुल है। चम्बा में 21 और कुल्लू में 18 पेयजल स्कीमें बंद हैं और इन जिलों में पेयजल की आपूर्ति प्रभावित हुई है।

### मानसून से 1008 करोड़ का नुकसान, 201 लोगों की गई जान

मानसून से राज्य में अब तक 1008 करोड़ का नुकसान हुआ है। इसमें लोकनिर्माण विभाग को सर्वाधिक 470 करोड़ और जलशक्ति विभाग को 466 करोड़ का नुकसान शामिल है। मानसून सीजन के पिछले 49 दिनों में वर्षा जनित हादसों में 201 लोगों की मौत हुई है। इसमें 88 लोगों की मृत्यु सड़क हादसों में हुई। भूस्खलन से तीन, बाढ़ से छह, बादल फटने से 15, पानी के तेज बहाव में बहने से 23 और ऊंचाई से फिसलने से 31 लोगों की जान गई है। मंडी में सबसे ज्यादा 21 और किन्नौर में सबसे कम तीन लोग मारे गए।

## तिहाड़ के 1,160 कैदियों को सजा में मिली छूट

**नई दिल्ली।** 78वें स्वतंत्रता दिवस के अवसर पर तिहाड़ जेल में बंद कैदियों को कैद में छूट देने की घोषणा की गई है। यह घोषणा जेल महानिदेशक सतीश गोलचा ने जेल मुख्यालय में राष्ट्रीय ध्वज फहराने के दौरान की। उन्होंने बताया कि 1,160 कैदियों को जेल में उनके आचरण के आधार पर 15 से 25 दिनों की कैद से छूट दी गई है। जेल प्रशासन के अनुसार एक साल तक की सजा काट रहे कैदियों को 15 दिन, 5 साल तक के लिए 20 दिन और पांच साल से ऊपर की सजा काटने वालों को 25 दिन की राहत दी गई है। उधर, जेल प्रशासन ने गुरुवार को स्वतंत्रता दिवस पूरे हर्षोल्लास के साथ मनाया। इस दौरान सतीश गोलचा ने जेल मुख्यालय में राष्ट्रीय ध्वज फहराया। उन्होंने अपने संबोधन में जेल सुरक्षा में हाल ही में हुई प्रगति पर भी प्रकाश डाला। उन्होंने कैदियों की सुरक्षा बढ़ाने के लिए चेहरे की पहचान तकनीक से लैस 1,248 अतिरिक्त सीसीटीवी कैमरे लगाने की बात कही।

# ED ने जब्त की अवंता ग्रुप की कई संपत्तियां

### 678 करोड़ से ज्यादा आंकी जा रही कीमत

एजेंसी | कोलकाता

ईडी ने गौतम थापर के स्वामित्व और नियंत्रण वाले अवंता ग्रुप की विभिन्न समूह कंपनियों से संबंधित 678.48 करोड़ रुपए की अचल संपत्तियों को अनंतिम रूप से जब्त कर लिया है। जब्त की गई संपत्तियां हरियाणा, महाराष्ट्र और उत्तराखंड में जमीनें हैं। बता दें कि 19 अगस्त 2019 को, सीजी पावर एंड इंडस्ट्रियल सॉल्यूशंस लिमिटेड ने बॉम्बे स्टॉक एक्सचेंज और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज को सेबी (लिस्टिंग ऑब्लिगेशन्स एंड डिस्क्लोजर रिक्वायरमेंट्स) रेगुलेशन, 2015 के विनियमन 30 के तहत उन रिजल्ट के बारे में खुलासा किया था।




### कंपनी ने किया था झोलझाल

सीजी पावर एंड इंडस्ट्रियल सॉल्यूशंस लिमिटेड के किए गए खुलासे से पता चला कि कंपनी की लाइबिलिटी और देनदारियों को काफी कम करके दिखाया गया है; संबंधित पक्षों और अन्य पक्षों को दिए गए अग्रिमों को कम करके दिखाया गया है; कंपनी की कुछ असेट्स को कोलेटरल के रूप में दिखाया गया है, कंपनी को लोन के लिए जिसे सह-उधारकर्ता और/या गारंटर बनाया था, जिन्हें बिना किसी अथॉराइजेशन के तुरंत कंपनी से बाहर कर दिया गया था।

### एसबीआई ने की थी शिकायत

कंपनी के लोन देने वाले बैंकों ने इस खुलासे पर ध्यान दिया और एसबीआई द्वारा की गई शिकायत के आधार पर, सीबीआई ने दिनांक 22 जून 2021 को आईपीसी, 1860 और भ्रष्टाचार निवारण अधिनियम, 1988 की विभिन्न धाराओं के तहत मेसर्स सीजी पावर एंड इंडस्ट्रियल सॉल्यूशन लिमिटेड, गौतम थापर, के एन नीलकंठ, माधव आचार्य, बी हरिहरन, ओमाकर गोस्वामी और अज्ञात लोक सेवक और निजी व्यक्ति के खिलाफ बैंकों के संघ पर 2435 करोड़ रुपए की बैंक धोखाधड़ी करने के आरोप में एफआईआर दर्ज की थी।

### पहले जारी हुए थे दो कुर्की के आदेश

उपरोक्त एफआईआर के आधार पर, ईडी ने पीएमएलए, 2002 के तहत जांच शुरू की और जांच के दौरान, पहले दो कुर्की आदेश जारी किए गए थे, जिसमें 14 .43 करोड़ रुपए की संपत्तियां कुर्क की गई थीं। कंपनी के एक प्रमुख कर्मचारी माधव आचार्य को भी जनवरी 2024 के महीने में गिरफ्तार किया गया था और उनके और अन्य व्यक्तियों के खिलाफ शिकायत दर्ज की गई थी, माधव आचार्य मनी लॉन्ड्रिंग से जुड़े मामले में शामिल पाए गए थे।

## स्वतंत्रता कितनी कीमती है, बांग्लादेश को देख लें : सीजेआई

एजेंसी | नई दिल्ली

दिल्ली में स्वतंत्रता दिवस के एक कार्यक्रम में चीफ जस्टिस (सीजेआई) डीवाई चंद्रचूड़ ने कहा कि बांग्लादेश में जो हो रहा है, वह इस बात की याद दिलाता है कि स्वतंत्रता हमारे लिए कितनी कीमती है। सीजेआई ने कहा- हमने 1950 में संविधान अपनाया और इसका अनुसरण किया। यही वजह है कि स्वतंत्रता में किसी प्रकार का दखल नहीं है। स्वतंत्रता या आजादी को हल्के में नहीं लिया जा सकता। ये कितनी महत्वपूर्ण है, अतीत की कहानियों से समझा जा सकता है। चीफ जस्टिस चंद्रचूड़ ने ये भी कहा कि आज का दिन हमें संविधान के सभी मूल्यों को साकार करने और राष्ट्र के प्रति अपने कर्तव्यों का निर्वहन करने की याद दिलाता है।

### सीजेआई बोले- आजादी की लड़ाई में वकालत छोड़ने वालों को सलाम



सीजेआई चंद्रचूड़ ने कहा कि आजादी की लड़ाई में देश ने क्या झेला, उस वक्त संविधान और कानून की क्या स्थिति थी, ये सभी जानते हैं। हमें उन स्वतंत्रता सेनानियों को सलाम करना चाहिए, जिन्होंने आजादी के संघर्ष में शामिल होने के लिए वकालत तक छोड़ दी। बाबा साहेब अंबेडकर, जवाहरलाल नेहरू, अल्लादी कृष्णस्वामी अय्यर, गोविंद वल्लभ पंत, देवी प्रसाद खेतान, सर सैयद मोहम्मद सादुल्लाह जैसे कई महापुरुषों ने खुद को राष्ट्र के लिए समर्पित कर दिया था। ये सभी भारत की आजादी के नायक थे। इन्होंने एक स्वतंत्र न्यायपालिका की स्थापना में भी योगदान दिया।

## गुवाहाटी, शिवसागर, नलबाड़ी, लखीमपुर में कई स्थानों पर बम बरामद

**गुवाहाटी।** उल्फा-स्वा ने स्वतंत्रता दिवस पर गुरुवार को गुवाहाटी समेत असम में 25 स्थान पर बम लगाने का दावा किया है। उल्फा के दावे के बाद सक्रिय हुई पुलिस ने गुवाहाटी शिवसागर नलबाड़ी लखीमपुर आदि में बम जैसी वस्तुएं बरामद की है। गुवाहाटी के गांधी मंडप रोड पर आईईडी बरामद किया गया। शिवसागर में दो स्थानों पर बम जैसी वस्तुएं बरामद की गई है। उल्फा के दावे पर राज्य भर में तलाशी अभियान चलाया जा रहा है। असम के पुलिस महानिदेशक ने कहा था कि स्वतंत्रता दिवस समारोह को सफल बनाने के लिए पुलिस हर संभव तैयारी कर चुकी है। बीते वर्षों में धेमाजी और गुवाहाटी में किए गए बम विस्फोट से सबक लेकर पुलिस ने व्यापक तैयारियां की है। इतनी तैयारियों के बीच उल्फा-स्वा ने राज्य के 25 स्थानों पर बम लगाने का दावा कर दिया, जिसके बाद तलाशी अभियान चलाया जा रहा है।




# अब सरकारी व प्राइवेट ऑफिस में महिलाओं को पीरियड्स के दौरान मिलेगी छुट्टी

एजेंसी | कटक

अक्सर देखा गया है कि पीरियड्स के दौरान महिलाओं को खासा परेशानी झेलनी पड़ती है। इस दौरान यह दर्द और बढ़ जाता है जब उन्हें ऑफिस जाकर काम करना पड़ता है। ऑफिस में उन्हें तमाम परेशानियों से गुरजना पड़ता है, जिससे वह घर पर बच सकती है। ऐसे में आज उन सभी महिलाओं के लिए खुशखबरी है। ओडिशा सरकार ने बड़ी घोषणा की है कि राज्य में सरकारी हो या प्राइवेट ऑफिस सभी जगह उन्हें पीरियड्स के दौरान छुट्टी दी जाएगी।

### उपमुख्यमंत्री ने की घोषणा

उपमुख्यमंत्री पी .परिदा ने गुरुवार को सरकारी और प्राइवेट क्षेत्र की महिला कर्मचारियों के लिए एक दिन के मेंस्ट्रुअल लीव (माहवारी अवकाश) की घोषणा की। हालांकि, यह अवकाश ऑप्शनल होगा। परिदा के पास महिला एवं बाल विकास विभाग का भी चार्ज है। उन्होंने कटक में स्वतंत्रता दिवस कार्यक्रम में भाग लेने के बाद यह ऐलान किया। उन्होंने कहा, 'महिला कर्मचारी मासिक धर्म चक्र के पहले या दूसरे दिन छुट्टी ले सकती हैं। लेकिन यह अवकाश ऑप्शनल होगा।'



### उड़िया लड़की ने उठाई थी मांग

जानकारी दे दें कि केन्या के नैरोबी में आयोजित संयुक्त राष्ट्र सिविल सोसाइटी कॉन्फ्रेंस 2024 में एक उड़िया लड़की ने पीरियड्स के दौरान पेड लीव की मांग करते हुए आवाज उठाई थी। साथ ही राज्य की महिला कार्यकर्ता रंजीता प्रियदर्शनी ने भी पीरियड्स के दौरान महिलाओं को पेड़ लीव देने के संबंध में अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन में सभी प्रतिनिधियों के सामने यह बात रखी थी। उन्होंने तर्क दिया कि दुनिया भर में महिलाएं मेंस्ट्रुशन के दौरान काफी दिक्कतों का सामना करती हैं।

### इन राज्यों में मिलता है पहले से लीव

जानकारी दे दें कि ओडिशा से पहले बिहार और केरल में मेंस्ट्रुअल लीव दी जाती है। बिहार सरकार ने साल 1992 में पीरियड लीव देने की पॉलिसी बनाई थी। इसके तहत महिलाओं को हर माह 2 दिन का पेड मेंस्ट्रुअल लीव मिलता है। वहीं, केरल ने साल 2023 में, सभी यूनिवर्सिटीज और संस्थानों की छात्राओं को पीरियड लीव देने का प्रावधान बनाया है।

# वाराणसी-मुंबई फ्लाइट में यात्री की तबीयत बिगड़ी, हुई मौत

### हार्ट अटैक की आशंका, भोपाल में इमरजेंसी लैंडिंग

एजेंसी | नई दिल्ली

वाराणसी से मुंबई जा रही अकासा एयरलाइंस की उड़ान में अचानक एक यात्री की तबीयत खराब हो गई। विमान की भोपाल में इमरजेंसी लैंडिंग कराई गई है। तत्काल अस्पताल में भर्ती करने के बावजूद यात्री की जान नहीं बचाई जा सकी।

### मुंबई जा रही थी उड़ान

प्राप्त जानकारी के अनुसार अकासा एयरलाइंस की उड़ान मुम्बई जा रही थी। अचानक एक बुजुर्ग यात्री की तबीयत बिगड़ गई। यात्री को विमान में ही प्राथमिक उपचार दिया गया, लेकिन उसकी तबीयत में सुधार नहीं हुआ। इसके बाद विमान को राजा भोज एयरपोर्ट पर लैंड कराया गया। एयरपोर्ट अथॉरिटी ने विमान की इमरजेंसी लैंडिंग कराई।




### एंबुलेंस से हमीदिया अस्पताल भेजा

इमरजेंसी लैंडिंग के बाद बुजुर्ग यात्री को विमान से उतारा गया। सुबह करीब 11 :30 बजे यात्री को एंबुलेंस से हमीदिया अस्पताल में भर्ती कराया गया, लेकिन यात्री की जान नहीं बचाई जा सकी। बताया जाता है कि यात्री की तबीयत बहुत खराब थी। एयरपोर्ट डायरेक्टर राम जी अवस्थी ने इस घटना की पुष्टि की है।